प्रीति जिंटा के साथ प्रियंका चोपड़ा और निक... पेज 10 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● चैत्र कृष्ण पक्ष 03 ● विक्रम संवत 2079 ● शुक्रवार, 10 मार्च 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-143 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50


## NEWS इन ब्रीफ

### निलंबित आईएएस पूजा सीए सुमन, इंजीनियर शशि पर 23 को आरोप गठन

**रांची।** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल, सीए सुमन कुमार, बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा और खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को ईडी कोर्ट में हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की कोर्ट ने पूजा सिंघल, सुमन कुमार और शशि प्रकाश के आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए 23 मार्च की तिथि निर्धारित की। राम विनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ कोर्ट पूर्व में आरोप गठित कर चुकी है।

### बाइक दुर्घटना में 20 वर्षीय युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सेहरा गांव निवासी रफीक अंसारी का पुत्र नौशाद अंसारी उम्र 20 वर्ष की मौत बुधवार को सड़क दुर्घटना में हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार को नौशाद अंसारी बाइक पर सवार होकर सतबरवा अपने किसी रिश्तेदार के घर गया था। उधर से लौटने के दौरान सतबरवा थाना क्षेत्र के ग्राम रजडेरवा में सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी सतबरवा थाना को दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। इसके बाद पुलिस के द्वारा इस घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई दी गई। जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

### गिरिडीह में चार थानेदार लाइन हाजिर

**गिरिडीह।** जिले के पुलिस कप्तान अमित रेनू ने होली के दूसरे दिन गुरुवार को एक साथ 13 पुलिस अधिकारियों का ट्रांसफर-पोस्टिंग किया है। इनमें तीन साल से जमे इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं, जिन्हें इधर से उधर किया गया है जबकि चार थानेदारों को लाइन हाजिर कर दिया गया। एसपी स्तर से गुरुवार को जारी सूची के अनुसार क्राइम कंट्रोल करने में लापरवाह रहे गांवा थाना प्रभारी पिंटू कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया। इसी तरह नवडीहा ओपी प्रभारी चंदन सिंह और थानसिंहडीह ओपी प्रभारी मोहम्मद शकील को भी लाइन हाजिर कर दिया गया है। वहीं, मधुबन के थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह को भी लाइन हाजिर कर दिया गया है।

### रंग लगाने के विवाद में महिला की पीट-पीट कर हत्या

**रांची।** गोड्डा जिले में रंग लगाने के विवाद में 65 वर्षीय महिला की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। महिला बलबड्डा थाना क्षेत्र के अमौर नीमा गांव की रहने वाली थी। बताया गया कि होली पर कुछ लोग हुड़दंग मचा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग मुरारी सिंह नाम के शख्स के घर पहुंच कर रंग लगाने के लिए जोर जबर्दस्ती करने लगे। मुरारी सिंह की मां बुच्ची देवी ने जबरदस्ती कर रहे लोगों को मना किया, लेकिन हुड़दंगी मानने को तैयार नहीं थे। इसके बाद विवाद बढ़ गया और नशे में धुत्त लोगों ने महिला को पीट-पीटकर मार डाला। इसके बाद सभी लोग मौके से फरार हो गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई। मुरारी सिंह ने कहा कि उनका किसी से कोई विवाद नहीं था। हुड़दंग कर रहे लोगों ने मेरी मां की जान ले ली। मुरारी सिंह ने पुलिस को बताया कि पप्पू मंडल, ललित मंडल, सुभाष मंडल, रंजीत मंडल, हीरा लाल मंडल और नीलम देवी ने उनकी मां को पीटा। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस इन सभी की गिरफ्तारी के लिए छापे मारी कर रही है।

## लातेहार में दो टॉप इनामी नक्सली गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

झारखंड पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के दो इनामी जोनल कमांडरों संजीवन और कुंदन को गिरफ्तार किया है। सरकार ने संजीवन पर दस लाख और कुंदन पर पांच लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। इन दोनों की गिरफ्तारी लातेहार जिले से हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पिछले साल झारखंड में नक्सलियों के सबसे बड़े और अभेद्य माने जाने वाले पनाहगाह बूढ़ा पहाड़ पर पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए ऑपरेशन ऑक्टोपस के दौरान ये दोनों नक्सल कमांडर अपने दर्जन भर साथियों के साथ इलाके से भाग खड़े हुए थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि ये दोनों एक बार फिर नक्सली समर्थकों को एकजुट करने के लिए लातेहार जिले के विभिन्न इलाकों में सक्रिय थे। गुप्त सूचना के आधार पर इन दोनों को गुरुवार को दबोचा गया है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर पुलिस ने शेष पृष्ठ 11 पर

### सर्च अभियान के दौरान तीन किलो का आईईडी बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका के समीप से पुलिस और सुरक्षा बलों ने सर्च अभियान के दौरान साढ़े तीन किलो का आईईडी बम बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने गुरुवार को बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान के क्रम में सूचना मिली थी कि टोन्टो थाना के तुम्बाहाका के आस-पास में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों की ओर एक आईईडी बम लगाया गया था। सुरक्षा बलों ने आईईडी को बरामद कर डिफ्यूज कर दिया। इलाके में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे अजय महतो सांगेन अंगरिया, शेष पृष्ठ 11 पर

## पलामू की बेटी का स्टार्टअप

# दर्जनों लड़कियों को दे रही रोजगार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एक ऐसा इलाका जो देश के आकांक्षी इलाकों की सूची में शामिल है। जिसे केंद्र और राज्य की सरकार पिछड़ा मानती है। इलाका नक्सल हिंसा ,पलायन, सुखाड़ अकाल के लिए चर्चित रहा है। अब उस इलाके की बेटी ने हौसलों की उड़ान भरी है। हौसलों की उड़ान के बदौलत एक स्टार्टअप शुरू किया है और दर्जनों लड़कियों को रोजगार से जुड़ा है। हम बात कर रहे है झारखण्ड की राजधानी रांची से 165 पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर के इलाके की। शाहपुर में आयुषी एंजेल मिंज नामक लड़की ने स्टार्टअप की शुरूआत



की है। इस स्टार्टअप के माध्यम से आयुषी एक दर्जन के करीब लड़कियों को रोजगार उपलब्ध करवाया है। जबकि आधा दर्जन से अधिक लड़के भी इससे जुड़े हैं। आयुषी ने सुपर मार्केट की तरह एक मॉल की शुरूआत की है। इस मॉल में कई तरह के सामान उपलब्ध हैं। आयुषी शाहपुर की ही रहने वाली है और उनके पिता एलआईसी से रिटायर हुए हैं। आयुषी ने पिता की मदद से ऋण लेकर स्टार्टअप शुरू किया है। आयुषी बताती हैं कि बिजनेस की दुनिया में उसका नाम स्थापित हो ,यही सपना उसने शुरू कर के देखा है। हजारीबाग के संत कोलंबस कॉलेज से ग्रेजुएशन की पढ़ाई करने के बाद स्टार्टअप की योजना तैयार की थी। स्टार्टअप के लिए पिता ने सहयोग किया। जबकि बैंक से भी ऋण उपलब्ध करवाया गया है। आयुषी बताती हैं कि पलामू जैसे पिछड़े इलाके में इस तरह की योजना पर काम करना काफी मुश्किलों भरा शेष पृष्ठ 11 पर

# बाहा पर्व मनाने पैतृक गांव पहुंचे सीएम

### पाहन ने आदिवासी परंपरा के मुताबिक अनुष्ठान सम्पन्न कराया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के संथाल आदिवासी बहुल गांवों में पानी और फूलों की 'होली' का सिलसिला अगले कई दिनों तक जारी रहेगा। संथाली समाज इसे बाहा पर्व के रूप में मनाता है। कुछ गांवों में बाहा पर्व होली के पहले ही मनाया जा चुका है, तो कुछ गांवों में यह होली के बाद अलग-अलग तिथियों में मनाया जाता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत अपने पैतृक गांव नेमरा में आयोजित हो रहे बाहा पर्व में शिरकत की। हेमंत सोरेन संथाली परंपराओं से गहरे तौर पर जुड़े हैं।





हेमंत सोरेन गांव के लोगों के साथ अपने पुश्तैनी घर से करीब आधा किलोमीटर दूर नेमरा पहाड़ की तलहटी पर देवस्थल जहराथान पहुंचे और बाहा पूजा में शामिल हुए। गांव के पाहन ने आदिवासी परंपरा के मुताबिक अनुष्ठान सम्पन्न कराया। बताया गया है कि गांववालों ने हेमंत सोरेन को मुख्य पुरोहित घोषित कर रखा गया है, ऐसे में जब भी जनजातीय पर्व-त्योहार होते है, तो वे अपने पैतृक गांव जरूर पहुंचते हैं।

बाहा का मतलब है फूलों का पर्व। इस दिन संथाल आदिवासी समुदाय के लोग तीर-धनुष की पूजा करते हैं। ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरकते हैं और एक-दूसरे पर पानी डालते हैं। बाहा के दिन पानी डालने को लेकर भी नियम है। जिस रिश्ते में मजाक चलता है, पानी की होली उसी के साथ खेली जा सकती है। यदि किसी भी युवक ने किसी कुंवारी लड़की पर रंग डाला तो समाज की पंचायत लड़की से उसकी शादी करवा देती है। अगर लड़की को शादी का प्रस्ताव मंजूर नहीं हुआ तो समाज रंग डालने के जुर्म में युवक की सारी संपत्ति लड़की के नाम करने की सजा सुना सकता है। यह नियम झारखंड के पश्चिम सिंहभूम से लेकर पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी तक के इलाके में प्रचलित है। इसी डर से कोई संथाल युवक किसी युवती के साथ रंग नहीं खेलता। परंपरा के मुताबिक पुरुष केवल पुरुष के साथ ही होली खेल सकता है।

इस पर्व में महिला-पुरुष के साथ-साथ बच्चे परंपरागत कपड़े पहनकर मांदर की थाप पर खूब झूमते हैं। पूर्वी सिंहभूम जिले में संथालों के बाहा पर्व की परंपरा के बारे में देशप्राणिक मधु सोरेन बताते हैं कि हमारे समाज में प्रकृति की पूजा का रिवाज है। बाहा पर्व में साल के फूल और पत्ते समाज के लोग कान में लगाते हैं। उन्होंने बताया कि इसका अर्थ है कि जिस तरह पत्ते का रंग नहीं बदलता, हमारा समाज भी अपनी परंपरा को शेष पृष्ठ 11 पर

## पलामू में शकुनि मामा ने की अपनी भांजी की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के हरभोंगा गांव के दीक्षित टोला में एक शकुनि मामा ने अपनी नाबालिग भांजी की हत्या कर दी । गला दबाकर हत्या करने के बाद घटना को आत्महत्या साबित करने के लिए उसे फंदे से लटका दिया । किशोरी का शव उसके नाना के घर से सटे गौशाला से बरामद किया गया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। बताया जाता है कि 14 वर्षीय किशोरी के पिता देवकुमार पांडेय और उसके मौसेरा मामा छोटन पांडेय ( 25वर्ष) के बीच लंबे समय से आपसी रंजिश के साथ साथ हिस्सा बंटवारा विवाद चल रहा है। होली के दिन पूजा-पाठ करने के लिए देवकुमार पांडेय अपनी पत्नी के साथ अपने पैतृक गांव विशुनपुरा गढ़वा गए हुए थे। बता दें कि देवकुमार अपनी पत्नी और बच्चे के साथ हरभोंगा के दीक्षित टोला (ससुराल) में ही रहते हैं। इसी का फायदा उठाकर देवकुमार के मौसेरा साला छोटन पांडेय ने 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को हरिवंश दीक्षित के गौशाला में ले जाकर उसका गला दबा कर हत्या कर दी और आत्महत्या साबित करने के लिए शव को गौशाला में ही फंदे से लटका दिया । कुछ देर बाद देवकुमार की मौसेरी सास एवं परिवार के अन्य लोग बच्ची को फंदे से उतारकर घर ले गए, तब तक उसकी मौत हो गयी थी । चैनपुर के थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि सूचना । मिलने पर पुलिस टीम भेजकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम एमआरएमसीएच में कराया गया। थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि छानबीन में हत्या का मामला स्पष्ट हुआ है। घटना के बाद से आरोपी छोटन पांडेय फरार है। इस संबंध में देवकुमार पांडेय ने मामला दर्ज कराया है। मामला जमीन विवाद के साथ साथ आपसी रंजिश का है। घटना के समय मृतका के माताझ्पिता पैतृक गांव गए हुए थे। दोनो के नहीं रहने का फायदा उठाकर छोटन ने घटना को अंजाम दिया। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

## प्रचंड की राह कितनी आसान?

### रामचंद्र पौडेल नेपाल के तीसरे राष्ट्रपति निर्वाचित

**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाली कांग्रेस सहित आठ दलीय गठबंधन के उम्मीदवार रामचंद्र पौडेल के राष्ट्रपति चुने जाने के बीच प्रधानमंत्री प्रचंड के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में उनकी गिरफ्तारी की मांग सरकार को अस्थिर करने के बड़े षणयंत्र का हिस्सा माना जा रहा है। प्रचंड सरकार से बाहर हुए दलों में से एक राप्रपा के राष्ट्रपति चुनाव में मतदान के बहिष्कार के फैसले से रामचंद्र पौडेल का राष्ट्रपति चुना जाना आसान हो गया। राष्ट्रपति चुनाव के दो दिन पहले जनयुद्ध के दौरान मारे गए पांच हजार लोगों की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेने के मामले को आपराधिक कृत्य बताते हुए अधिवक्ता ज्ञानेंद्र रवण ने प्रचंड के



खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में वाद दाखिल कर मुकदमा चलाने की मांग की है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि प्रचंड की यह स्वीकारोक्ति ही सबूत है इसलिए उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। इसके पहले एमाले नेता व पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली ने भी प्रचंड के इस कथ्य को जुर्म की स्वीकार्यता बताई थी। हालांकि, नेपाल के नौ दलों ने प्रचंड का खुला समर्थन किया है। प्रचंड को कानूनी दांव पेंच में फंसाकर उन्हें उलझाने की कोशिश कितना कारगर हो पाता है यह देखना है। जाहिर है प्रचंड सरकार से अलग होना ओली को पच नहीं रहा इसलिए वे प्रचंड को हर हाल परेशान करते रहना चाहेंगे। देखा जाए तो कुछ वर्षों के इस नन्हें लोकतांत्रिक देश में अभी सब कुछ बस ऐसे वैसे ही है। डेढ़ दशक पूर्व नेपाल राजशाही से मुक्त हुआ है। उसके बाद चाहे संविधान सभा का चुनाव हुआ हो या दो आम चुनाव, स्थाई सरकार तक नेपाल को नहीं नसीब हुआ। ताजा उदाहरण दो माह पहले एक पक्षीय बहुमत से सत्ता रूढ़ हुई प्रचंड सरकार के भी अस्थिर करने की कोशिश है। हालांकि, संसद में संख्या बल पर गौर करें तो प्रचंड सरकार फिलहाल खतरे से बाहर है लेकिन सरकार को समर्थन दे रहे दलों का भरोसा जीतना कम मुश्किल नहीं है। बात जब राष्ट्रपति चुनाव की हो तो 2008 का पहला राष्ट्रपति चुनाव भी याद आता है।

## आईएएस के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग जांच की मांग

### भाजपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल ईडी ऑफिस में सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव व गृह विभाग के प्रधान सचिव रहे राजीव अरूण एक्का के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को भाजपा नेताओं के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने ईडी के रांची जोनल ऑफिस जाकर वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग के पहलुओं पर जांच की मांग की। भाजपा नेताओं ने ईडी कार्यालय में राजीव अरूण एक्का का वीडियो क्लिप भी दिया, जिसमें वह फाइल पर काम निपटाते दिख रहे हैं। ईडी को ज्ञापन देकर भाजपा नेताओं ने बताया कि वीडियो क्लिप



झारखंड की इस सरकार में दलाली एवं बिचौलियागिरी करने वाले एक प्रमुख व्यक्ति विशाल चौधरी के अरगोड़ा के निकट स्थित प्राइवेट कार्यालय का है।

ईडी को सौंपे ज्ञापन में बताया गया है कि कई लोगों ने बताया है कि राजीव अरूण एक्का के प्रभार वाले सारे विभागों की वैसी महत्वपूर्ण, मालदार एवं संवेदनशील फाइलें सचिवालय से निकाल कर सीधे विशाल चौधरी के प्राइवेट कार्यालय में पहुंचा दी जाती थी, जिनमें मोटी रकम वसूली करने का स्कोप होता था। फिर विशाल फोन कर लाभान्वितों से पैसे वसूलता था, तब एक्का साहब विशाल के कार्यालय में जाकर वहीं पैसे वसूले जा चुके संचिकाओं पर हस्ताक्षर करते थे। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि प्रदेश भाजपा द्वारा मीडिया में यह प्रकरण उजागर करने के बाद राजीव अरुण एक्का द्वारा प्रेस में दिया गया स्पष्टीकरण स्वयं वीडियो क्लिप की सत्यता को सिद्ध करता है। भाजपा नेताओं ने ईडी को बताया कि विशाल चौधरी एवं राजीव अरुण एक्का में गहरे रिश्ते हैं। दोनों ने मिलकर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करते हुए रांची सहित देश के विभिन्न राज्यों एवं विदेशों में भी कई अवैध सम्पत्तियां अर्जित की है। इसलिए विशाल चौधरी से इस संबंध में अविलंब कड़ाई से पूछताछ होनी चाहिए। भाजपा ने आग्रह किया है कि संलग्न वीडियो क्लिप के आलोक में इस गोरखधंधे से हुए मनी लॉड्रिंग के मामले एवं अवैध कमाई में शामिल लोगों की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए।

## उपकरण — बेहद कामयाब है एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइल

# विदेशों में बढ़ी 'आकाश' की मांग

**नवीन मेल नेटवर्क। नई दिल्ली**

भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) रक्षा उपकरण तैयार करती है। इसकी स्थापना साल 1970 में हुई थी। इसके उत्पादों का इस्तेमाल देश की जल, थल और वायु तीनों ही सेनाएं करती हैं। एक विशेष बातचीत में बीडीएल के चेयरमैन सिद्धार्थ मिश्रा ने बताया कि हम आर्मी, नेवी, एयरफोर्स तीनों सेनाओं के लिए हथियार बनाते हैं। आकाश मिसाइल बीडीएल द्वारा बनाया गया है। यह मिसाइल एक एयर डिफेंस सिस्टम है। यह बेहद कामयाब डिफेंस सिस्टम है। इस हथियार की मांग सिर्फ भारत ही




नहीं बल्कि विदेशों में भी बहुत है। इस हथियार को कई देशों में एक्सपोर्ट करने के लिए हमारी कई कंपनियों से अभी बातचीत बहुत आगे तक पहुंच चुकी है। इस हथियार को विदेशों में एक्सपोर्ट करने की तैयारी कर रहे हैं। जिसमें जल्द ही हमें सफलता मिलने की उम्मीद है। उन्होंने आगे बताया कि दूसरा हमारा अस्त्र वेपन सिस्टम है। यह हवा से हवा में मार करनेवाली मिसाइल है। इसकी मारक क्षमता 110 किलोमीटर है। जो कि सुखोई-30 एयरक्राफ्ट पर लगी हुई है। जिसपर इसकी क्षमता साबित हो चुकी है। इसके बाद दूसरी मिसाइल है स्मार्ट एंटी एयर वेपन। इसको भी सुखोई-30 पर लगा चुके हैं। अब हम इसे मिग-29 पर लगाने की तैयारी कर रहे हैं। इसके साथ ही हॉक पर भी यह सिस्टम लगाया जा रहा है। सिद्धार्थ मिश्रा के अनुसार, स्मार्ट एंटी एयर वेपन में दुनिया के कई देशों ने रुचि दिखाई है। इसे हम दूसरे देशों के एयक्राफ्ट शेष पृष्ठ 11 पर

## अभियंता वीरेंद्र राम की हिरासत अवधि 23 तक बढ़ी



**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिये गुरुवार को ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पेशी हुई। कोर्ट ने वीरेंद्र की न्यायिक हिरासत की अवधि 23 मार्च तक के लिए बढ़ा दी है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने वीरेंद्र राम को तीन अलग-अलग बार रिमांड पर लेकर उससे 12 दिनों तक पूछताछ की थी। इसके बाद सात मार्च को ईडी के विशेष न्यायाधीश के आवास पर उसकी पेशी हुई थी, इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया था। इससे पूर्व ईडी को वीरेंद्र राम से पूछताछ के लिए सबसे पहले 23 फरवरी को ईडी कोर्ट ने पांच दिनों की रिमांड पर सौंपा था। इसके बाद 28 फरवरी को फिर से 4 दिनों की पुलिस रिमांड पर ईडी को सौंपा था। तीसरी बार तीन दिनों के लिए उसे रिमांड पर उसे ईडी को दिया गया था। 22 फरवरी को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था।

## NEWS इन ब्रीफ

### जहर खाकर युवक ने की आत्महत्या

**हुसैनाबाद।** होलिका दहन की शाम प्रेम प्रसंग में अजीत कुमार नामक 21 वर्षीय युवक ने जहर खाकर आत्महत्या लौ। जानकारी के अनुसार कचरा गांव निवासी लक्ष्मण राम का पुत्र अजीत कुमार का अपने भाई की साली से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक दूसरे से शादी करने के लिए आमादा थे। परंतु लड़के के परिजन शादी के लिए राजी नहीं हो रहे थे। होली में बाहर से काम कर घर लौटे युवक ने बिना किसी को कुछ बताये जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसे घायला अवस्था में परिजनों ने उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया । जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरे दिन पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना की सूचना हुसैनाबाद थाना को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। उधर हुसैनाबाद थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर जगरनाथ धान ने भी इसे प्रेम प्रसंग का मामला बताया है।

### हकीम मस्तान हज के लिए रवाना

**हरिहरगंज।** प्रखण्ड क्षेत्र के सेमरवार गांव से ग्रामीणों ने हकीम मस्तान बाबा को बुधवार को हज यात्रा लिए रवाना किया। इस दौरान पंचायत मुखिया जितेंद्र पासवान के साथ दर्जनों ग्रामीणों ने उन्हें माला पहनाकर मक्का मदीना के लिए विदा किया। वहीं हकीम मस्तान बाबा ने कहा कि अल्ला तआला का अपने बंदों पर खास रहम है। मौके पर जिप प्रत्याशी राणा पासवान, प्रमोद पासवान, कमलेश यादव, जितेंद्र यादव, दिलीप पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार घायल

**नावा बाजार।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के एनएच 39 स्थित गुरी गांव में गुरुवार की शाम स्कार्पियो व मोटरसाइकिल में आमने सामने की टक्कर हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल सवार युवक सहित पत्नी व बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने घायलों को मेदिनीनगर स्वास्थ्य केंद्र में भेजा। वहीं मोटरसाइकिल सवार युवक की पहचान डाला कला निवासी शंकर प्रजापति के रूप में की है।

## आग लगने से फसल जलकर राख



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के तेतरिया गांव के गिद्दी टोला अंतर्गत लालगड़ा में मंगलवार को अचानक आग लग जाने से 20 बीघा खेत में लगे अरहर की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। अगलगी की सूचना पर गांवों के किसान दौड़ते-दौड़ते खेत पर पहुंच आग बुझाने में जुट गये। तब तक अरहर की फसल जलकर खाख हो गया। इसकी जानकारी देते हुए राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव ने बताया कि अरहर में अचानक आग लग गयी। जिसमें घुरेंद्र भुइयां, उदित भुइयां, धर्मेंद्र भुइयां, भिखारी भुइयां, प्रवेश भुइयां, अरुणजय भूइयां ,अजय भुइयां, चनर भुइयां, कृष्णा भुइयां, पहलवान भुइयां, सुरेश भुइयां, जितेंद्र भुइयां, दिनेश भुइयां की अरहर की फसल जलकर राख हो गयी। वहीं भुक्तभोगी किसानों ने सरकार से जले हुए फसल की मुआवजा देने की मांग की है।

### मुखिया के आवास पर होली मिलन समारोह

**हरिहरगंज।** पीपरा प्रखण्ड के तेंदुई पंचायत के मुखिया उषा देवी के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में मुखिया प्रतिनिधि अरविन्द कुमार सिंह ने आगन्तुको का स्वागत किया। होली मिलन समारोह में विभिन्न गांवों से ग्रामीण एक साथ मिलकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। साथ ही साथ लजीज व्यंजनो का लुत्फ उठाया। अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि होली आपसी प्रेम और भाईचारा को बढ़ावा देता है।

# दो बाइक की टक्कर में चार लोग घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत सीता हाई स्कूल के समीप एनएच 98 पर बुधवार की शाम दो बाइक के आमने- सामने की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में सतगावां निवासी गुलजार नट 30 वर्ष सीमावर्ती बिहार के कुटुंबा थाना क्षेत्र के संडा निवासी राजू पासवान 26 वर्ष ऐरका गांव निवासी प्रदीप कुमार 42 वर्ष तथा आदित्य कुमार 26 वर्ष का नाम शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुलजार नट और राजू पासवान एक बाइक पर सवार होकर हरिहरगंज बाजार की ओर जा रहे थे। जबकि दूसरे बाइक पर सवार प्रदीप कुमार व आदित्य कुमार हरिहरगंज से अपने घर की ओर लौट रहे थे। तभी दोनों बाइक के बीच टक्कर हो गयी। सूचना के बाद स्थानीय लोग और पुलिस प्रशासन की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने राजू, प्रदीप तथा आदित्य को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।



# आवासीय परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन

### 'हमारी संस्कृति एवं सभ्यता को दर्शाने वाला पर्व है होली

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एसडीओ कमलेश्वर नारायण व एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने होली पर्व के अवसर पर बुधवार को अपने आवासीय परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष टूटू सिंह, कांग्रेस के वरीय नेता हसनैन जैदी, बसपा नेता शेर अली, प्रगतिशील पत्रकार मंच के अध्यक्ष नौशाद, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, मिथलेश कुमार सिंह,डॉ. एजाज आलम,बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, बीडीओ रतन कुमार, सीओ नंद कुमार राम, डीएसपी रीडर अशोक कुमार, थाना प्रभारी जगरनाथ धान, देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम, दंगवार ओपी प्रभारी चंदन कुमार के अलावे गणमान्य उपस्थित थे। मौके पर पदाधिकारियों ने कहा कि होली पर्व हमारी संस्कृति एवं सभ्यता को दर्शाने वाला पर्व है। होली में हम सब पुरानी रंजिशों को भुल कर एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर संस्कृति को बरकरार रखते हैं। कांग्रेस नेता हसनैन जैदी ने होली की बधाई देते हुए कहा कि होली आपसी मिल्लत व भाईचारगी का त्योहार है।



### समाजसेवी ने किया होली मिलन समारोह

**मनातू।** पेट्रोल पंप पदमा में अपने पैतृक आवास पर समाजसेवी रामदास साहू ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया । जिसके मुख्य अतिथि रामदास साहू एंव पांकी विधानसभा के वर्तमान विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता शामिल हुए। सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई दी।। कलकत्ता के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली और भजन गीतों की प्रस्तुति कर सभी को झूमने पर विवश कर दिया। होली मिलन समारोह में उपस्थित पूर्व विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने कहा कि होली खुशियां बांटने और आपसी भाईचारे का पर्व है। सभी गिले शिकवे को भुल एक दूसरे को गले लगाने का त्योहार है होली।

## पुलिस को देख गाड़ी छोड़कर भागा शराब तस्कर

**नवीन मेल संवाददाता**



**हरिहरगंज।** थाना के समीप एनएच 98 पर गुरुवार को पुलिस को देख शराब तस्कर बाइक व मोबाइल सड़क पर ही छोड़ ही भाग निकला। एसआई शिवशंकर उरांव के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र में पुलिस गश्त कर रही थी। इस दौरान बिना नंबर का हीरो पैशन प्रो बाइक पर ट्यूब में लादकर देसी महुआ निर्मित शराब की तस्करी की जा रही थी। अचानक रैयाज गैरेज के पास पुलिस गाड़ी को देखकर शराब तस्कर सड़क पर ही अपनी गाड़ी को छोड़कर भाग निकले। भागने के क्रम मे शराब तस्कर का मोबाइल घटना स्थल पर ही गिर पड़ा। जिसे स्थानीय लोगों ने सड़क पर पड़े मोबाईल और बाइक को पुलिस को सौंप दी। मोबाइल ,बाइक और जब्त शराब को हरिहरगंज पुलिस उसे थाना में ले गई है। इसकी सूचना मिलते ही थाना के एसआई निर्भय कुमार, अनूप कुमार, एएसआई संजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि शराब धंधेबाज की खैर नहीं उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## पाटन में शांतिपूर्ण मनाई गई होली



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पुलिस प्रशासन की सर्तकता से होली का त्योहार पाटन में शांति और सौहार्द के साथ मनाई गयी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने आपसी रंजिस को भूलकर आपस में रंग-गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाइयां दी। एक दिन पूर्व होलीका दहन की गयी। कहा जाता है कि होलीका दहन में मनुष्य की आंतरिक बुराई जल जाती है। इसलिए इसे बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया हैं। मौके पर पाल्हे कला, सगुना, नौडीहा, किशुनपुर, जंघासी, कुम्हवा, शोले, केल्हार, नवाजयपुरथाना व प्रखंड के अन्य गाँवो में भी होली पारंपरिक तरीके से मनाई गयी। आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ लोगों ने होली मनायी। पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया कि होली व शबए-बारात को देखते हुए पुलिस क्षेत्र में हमेशा गश्ती करते नजर आई। पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी के कारण होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गयी। कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। वहीं पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक अमित आजाद ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में अप्रिय घटना से निपटने के लिए पूरी तैयारी की गई थी। जंघासी मुखिया पिंकी देवी ने होली के अवसर पर पंचायत का भ्रमण कर पंचायत वासियों को बधाई दी। मुखिया ने कहा कि होली असत्य पर सत्य की जीत ,अच्छाई पर बुराई की जीत का प्रतीक है।

## ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर कार्यक्रम सम्पन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मधुशाला रोड स्थित सद्भावना भवन सेवा केंद प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में महिला दिवस एवं होली के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव,नगर अध्यक्ष शशि कुमार बीजेपी सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल तथा संगीतवादक रूपेश मिश्रा तबला वादक प्रियांशु मिश्रा ने शिरकत की। मंच संचालन बीके नीरज ने की। सेवाकेंद्र की संचालिका बीके नीलम ने होली तथा महिला दिवस के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डाला । वही मुख्य वक्ता बीके नम्रता ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को महिला दिवस एवं होली की शुभकामनाएं दी।

**हर कर्म शिव की याद में करें तो घर में शांति और सुकून दोनों आ जाएंगे :** तत्पश्चात उन्होंने कहा कि महिला अपने आप में ही एक शक्ति है। जिसका रूप भले एक है, लेकिन भूमिकाएं अनेक प्रकार की निभाती हैं। खुद को कभी कमजोर न समझें। आप शक्ति हो और शक्ति को अगर शिव से जोड़ दिया जाए तो शिव शक्ति बन जाती है। उन्होंने महिलाओं का आह्वान किया कि वो शिव परमात्मा के वास्तविक नाम रूप को पहचान अपने जीवन को उनके कहे अनुसार चलाए हर कर्म शिव की याद में करें तो घर में शांति और सुकून दोनों आ जाएंगे। होली का रहस्य बताते हुए उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। बीके नीरज ने कहा आज सारा विश्व दुःख की होली खेल रहा है क्योंकि सभी एक दूसरे पर पांच विकारों व उनके वंशों के रंगों की बौछार कर रहे हैं । मौके पे बीके धीरज बीके रामनरेश यादव बीके कृष्णा शोभा माता कुशुम माता आनंद किशोर भगत मनोज भगत बीके कुणाल भाई नमन शिव नारायण संस्था से जुडी महिलाओं के अलावा काफी संख्या में महिलाएं व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनी होली, जमकर उड़े अबीर-गुलाल

**पांकी।** होली गीतो की मस्ती के साथ रंग,अबीर व गुलाल से एक- दूसरे को सराबोर करने की होड़ के साथ रंगों का त्योहार होली बुधवार को पूरे प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। अमीर,गरीब सभी एक ही रंग में नजर आ रहे थे। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े,जवान सभी होली की मस्ती में थे। बुधवार को पूरे पांकी प्रखंड में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। पूरे पांकी प्रखंड में होली शांतिपूर्ण रहीं। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। क्योंकि सोमवार की रात्रि 1 बजे के बाद होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे थे। सुबह होते ही लोग होली की मस्ती में डूब गये। गांव हो या शहर हर जगह होली की उमंग और उत्साह एक समान था।

## धूमधाम के साथ होली संपन्न

**सतबरवा।** प्रखंड व आसपास के क्षेत्रों में होली बहुत ही धूमधाम से मनाई गई। वहीं होली के उपलक्ष्य में बुधवार को धावडीह बगीचा के प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता के साथ सभी लोगों को पांकी विधायक कुशवाहा डा.शिभूषण मेहता ने अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई शुभकामनायें दिये। श्री मेहता ने कहा कि सात रंगों की होली का त्यौहार है। जिसमें शांति सौहार्द आपसी प्रेम एवं सद्भावना के साथ होली मनाने की बात कही। रंगों की तरह अपने जीवन में भी सभी पुरानी बातों को भूल कर दुश्मन से भी गले मिलकर दोस्ती की मिसाल कायम किया जाता हैं। इस मौके पर जिप सदस्य सुधा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, राणा प्रताप कुशवाहा, मुखिया रिंकी यादव, लाला यादव, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अजय उरांव, महेश यादव, अशोक यादव, धीरज, सेठा यादव मौजूद थे। वहीं भाजपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश मंत्री अवधेश सिंह चेरो, पूर्व जिप सदस्य चिंता देवी, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार कई जनप्रतिनिधि ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी।

## मंदिर निर्माण में सहयोग करेगी राष्ट्रीय परशुराम सेना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड ग्राम कांकेकला पंचायत में हो रहे माता रानी के मंदिर निर्माण में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी सहयोग करेगी। गुरुवार को युवा वाहिनी का प्रतिनिधि मंडल कांकेकला में निमार्णाधीन मंदिर का भ्रमण करने पहुंची। युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय(गुरु पांडेय) के नेतृत्व में गई युवा वाहिनी के द्वारा आश्वस्त किया गया कि युवा वाहिनी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा तक सहयोग के लिए तैयार रहेगी। युवा वाहिनी मंदिरों के संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है । इसके लिए पलामू प्रमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया जा रहा है। इसके पूर्व कांकेकला मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी का भव्य स्वागत किया। कांकेकला में निमार्णाधीन मंदिर के प्रांगण में संरक्षक अर्जुन पांडेय के नेतृत्व में पहुंची टीम में प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य नवीन तिवारी,अनुशासन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष तिवारी,पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज,प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी,प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी,प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय,प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय,जिलाध्यक्ष विकास दूबे व उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी शामिल थे। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी का गर्मजोशी से युवा वाहिनी टीम का स्वागत किया। मौके पर लल्लू पाण, महेन्द्र पाण्डेय, राजेंद्र पाण्डेय, ईश्वरी पाण्डेय, कमलेश पाण्डेय, हरिनंदन पाण्डेय, बाबू पाण्डेय, उमाकांत पाण्डेय, बैकुंठ पाण्डेय, सच्चिदानंद पाण्डेय, नवल पाण्डेय, उदयनाथ पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, मनोज पाण्डेय समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

**आम नीलामी सूचना।**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के अंतर्गत राज्यसात वाहनों (जहाँ है, जिस स्थिति में है) की बिक्री दिनांक – 27.03.2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, गढ़वा में आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी हेतु राज्यसात वाहनों की सूची, क्रमानुसार विवरणी निम्नांकित है :–

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या/इंजन संख्या/ चेचिस संख्या | वाहन जहाँ स्थित है। |
|---|---|---|---|
| 1 | कावासाकी बॉक्सर मोटरसाईकल | CG15 - 1961 | वन क्षेत्र परिसर, रंका |
| 2 | कमाण्डर | JH03A - 3254 | रंका पूर्वी वन परिसर, रंका |
| 3 | पिकअप | JH14A - 5070 | रंका पूर्वी वन परिसर, रंका |
| 4 | अतुल टेम्पू | JH03L - 8945 | रंका पूर्वी वन परिसर, रंका |
| 5 | पिकअप भैन | JH19A - 2871 | वन क्षेत्र परिसर, रंका पूर्वी। |
| 6 | पिकअप भैन | CHASSIS NO. MAIZG2GA244300, ENGINE NO. ZA80300N | रंका पूर्वी वन प्रक्षेत्र कार्यालय |
| 7 | मारूति सुजूकी ओमनी वैन | Reg. No. BR13C - 9636 | वन क्षेत्र कार्यालय परिसर, भण्डरिया |
| 8 | मारूति वैन | REG. NO. WB02-2674 | रंका वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस, रंका पूर्वी प्रक्षेत्र |
| 9 | ट्रैक्टर ESCORT 434 ट्रॉली सहित | Reg. no. JH14A – 8292, T-3084772 Engine no. E3093207, Chassis no. B3084668 | वन क्षेत्र कार्यालय परिसर, भण्डरिया |
| 10 | पिकअप | REG. NO. JH03P – 5735 | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस, रंका पूर्वी |

नोट :– 1. विस्तृत सूचना के लिए कार्य दिवस में कार्यालय अवधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में या दूरभाष संख्या 9341791906 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
2. आम निलामी की शर्तें एवं वाहनों की सूची https://garhwa.nic.in/ एवं https:// forest.jharkhand.gov.in/ के website तथा कार्यालय वन प्रमंडल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

PR 292149 (Forest, Environment and Climate Changes) 22-23 (D)

Office of the Bishrampur Nagar Parishad

**E-Procurement Notice**

Very Shot NIT No: UDD/NPB/40/2022-23(3RD CALL)

| Sr.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 15 KLD at Bishrampur town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2. | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 2,64,30,125 Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,63,98,868 Total: ₹ 4,28,28,993 |
| 3. | Bid Security (INR) | ₹ 4,28,290/-. (Rupees Four Lakhs Twenty-Eight Thousand Two Hundred Ninety Only) |
| 4. | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5. | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months ofconstruction and 3 months of defect liability periodincluding one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6. | Date of e-publication of tender | 22.02.2023 11:00 AM |
| 7. | Document downloading start Date | 22.02.2023 11:00 AM |
| 8. | Bid submission end date | 20.03.2023 05:00 pm |
| 9. | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 21.03.2023 at Bishrampur Police Station as on 05.00 pm |
| 10. | Bid opening date (online | 23.03.2023 |
| 11. | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 12. | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Bishrampur Nagar Parishad |
| 13. | Helpline Number | 9771761820, 7870121518 |

Note: Only e-Tender will be accepted
Complete bid document is available on websitehttp://jharkhandtenders.gov.in

Assistant Municipal Commissioner
Bishrampur Nagar Parishad

PR 292163 (District) 22-23 (D)

कार्यालय कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत छत्तरपुर (पलामू)।

**सैरात बन्दोबस्ती डाक सूचना संख्या–01/2022–23**

सर्वसाधारण से सूचित किया जाता है कि छत्तरपुर नगर पंचायत, छत्तरपुर अन्तर्गतनगरपालिका व्यवसायिक वाहन शूल्क से प्रवेश शूल्क की वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता से डाक/ नीचे अंकित तिथि एवं समय पर नगर पंचायत, छत्तरपुर के सभा कक्ष में होगी। बन्दोबस्ती की अवधि 01(एक) वर्ष तक होगी।

सुरक्षित जमा राशि एवं जमानत की राशि निम्नलिखित है:–

| क्रमांक | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि / डाक/बोली की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि | डाक/बोली में भाग लेने के लिए आवेदन शूल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | डाक की तिथि | नगर पालिका व्यवसायिक वाहन प्रवेश शुल्क (नगर पंचायत, छतरपुर।) 24 घंटे के लिए वसुलनीय दर। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 5 | |
| 1 | टेम्पु स्टैण्ड की बन्दोबस्ती। | 10,00,000/– | 1,00,000/– | 10,000/– | दिनांक–18.03.2023 समय–12:30 बजे अपराह्न | 1. तीन चक्का वाहन–20 रू0 2. चार चक्का,कमाण्डर/जीप– 30 रू0 3. चार चक्का,407/पिकअप– 40 रू0 |

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर।

PR 292127 (District) 22-23 (D)

कार्यालय अभिहित अधिकारी –सह– अनुमण्डल पदाधिकारी, रंका (गढ़वा), (खाद्य सुरक्षा शाखा)

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा रंका अनुमण्डल क्षेत्र के सभी खाद्य कारोबारीयों को सूचित किया जाता है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य कारोबार करने से पहले लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त किया जाना वैधानिक अनिवार्यता है। बिना वैद्य लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन धारित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 की धारा–63 के अंतर्गत 6 माह के कारावास की सजा तथा 05 लाख रूपये तक के जुर्माना का प्रावधान है। इस संदर्भ में रंका अनुमण्डल क्षेत्र के सभी खाद्य कारोबारीयों के लिए निम्न प्रकार से लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया जाना हैं :–

| क्र0सं0 | कैम्प आयोजन स्थल का नाम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01. | प्रखण्ड कार्यालय परिसर, बड़गड़। | 11.03.2023 | 11:00 बजे पूर्वा0 से 03:00 बजे अप0 तक |
| 02. | प्रखण्ड कार्यालय परिसर, रमकण्डा। | 15.03.2023 | 11:00 बजे पूर्वा0 से 03:00 बजे अप0 तक |
| 03. | प्रखण्ड कार्यालय परिसर, चिनियॉं। | 18.03.2023 | 11:00 बजे पूर्वा0 से 03:00 बजे अप0 तक |

**रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दस्तावेज की सूची (जिसका टर्नओवर12 लाख से कम हो) :–**
1. आवेदक का पहचान पत्र।
2. अगर पहचान पत्र में व्यवसाय स्थल का पता नहीं है तो व्यवसाय स्थल के लिए पता का प्रमाण पत्र।
3. एक पासपोर्ट आकार का फोटो।
4. रजिस्ट्रेशन हेतु शुल्कः 100 रू0

**लाइसेंस हेतु आवश्यक दस्तावेज की सूची (जिसका टर्नओवर 12 लाख से अधिक हो):–**
1. प्रोपराईटर्स/डाइरेक्टरर्स/पार्टनर की सम्पूर्ण विवरणी (पता/मो.नं./ई. मेल आईडी. इत्यादि)।
2. आवेदक/प्रोपराईटर/पार्टनर का पहचान पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र।
3. व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का प्रमाण पत्र (सेल डीड, बिजली बिल, राजस्व रसीद इत्यादि)।
4. प्रोपराईटर सीप से संबधित स्व–घोषणापत्र/पार्टनर सिप डीड/फार्म IX।
5. मैन्युफैक्चररिंग युनिट का फोटो, प्रोसेसिंग एरिया सहित। मैन्युफैक्चरिंग उत्पाद की सूची।
6. मैन्युफैक्चररिंग युनिट में प्रयोग की जा रही मशीनों की सूची क्षमता अनुरूप।
7. मैन्युफैक्चररिंग युनिट के लिए Recall Plan.
8. उत्पादन इकाई का ले–आउट/ब्लुप्रींट, क्षमता के अनुरूप।
9. होटल/कैटरर/रेस्टुरेंट के लिए उपयोग में लाए जा रहे पेयजल की शुद्धता का जॉच रिपोर्ट।
10. लाइसेंस हेतु शुल्कः 2000 रू0 (Wholesaler, Distributor, Retailer, Caterer), 3000 रू0 (Manufacturer)

मीट, चिकन एवं मछली का विक्रय करने वाले दुकानदार अपने साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र अपने क्षेत्र के मुखिया या वार्ड पार्षद से (मुहर सहित) लेकर आयेंगे।

अतः रंका अनुमण्डल क्षेत्र के सभी खाद्य कारोबारी जैसे– खुदरा विक्रेता, थोक विक्रेता, वितरक, उत्पादक, होटल, रेस्टुरेंट, स्ट्रीट फुड भेंडर, केटरर, बुचड़खाना, मछली दुकान, अण्डा दुकान, दुग्ध दुकान, सब्जी–फल दुकान, दवा दुकान, शराब दुकान, आर0ओ0 पानी सप्लायर, सरकारी एवं अर्ध–सरकारी कार्यालय परिसर संचालित कैन्टिन, स्टोर रूम इत्यादि के संचालक/ मालिक/ प्रोपराईटर/ पार्टनर इत्यादि को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त तिथियों को कैम्प में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन समर्पित कर सकते है।

अभिहित अधिकारी –सह–
अनुमंडल पदाधिकारी, रंका

PR 292145Food Public Distribution and Consumer Affairs(22-23)#D

## NEWS इन ब्रीफ

### एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान



**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह और एएसआई जगमोहन बांद्रा के नेतृत्व में छह मुहान चौक के पास संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वाले को पकड़कर चालान के लिए डीटीओ के पास भेजा दिया गया। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जांच के दौरान शराब का अंश पाए जाने पर उनके वाहन को जब्त किया ।

### बाइक दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज निवासी पप्पू सोनी उम्र 35 वर्ष और बेलवाटीकर निवासी श्रवन कुमार उम्र 45 वर्ष दोनों बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पप्पू सोनी और श्रवन कुमार गुरुवार की सुबह बाइक से लेस्लीगंज किसी काम से जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में उनका बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के बाद दोनों को खतरे से बाहर बताया हैं।

### मारपीट में मां बेटा घायल



**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करकटा सरईडीह निवासी पानो देवी और उसका बेटा विकास यादव मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में घायल विकास यादव ने बताया कि उसके गोतिया बरत यादव का दामाद हमारे घर खाना खाने आया था। इसी विवाद को लेकर बरत यादव और शिवनंदन यादव हमारे घर पहुंचे और हम लोग के साथ मारपीट करने लगे जिसमें मैं और मेरी मां पानो देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी छतरपुर थाना को दी गई, घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल मां बेटे को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है । जहां इलाज के बाद दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है।

### वरिष्ठ अधिवक्ता की 36वीं पुण्यतिथि आज

**मेदिनीनगर।** भूतपूर्व विधायक व बरिष्ठ अधिवक्ता सचिदानंद त्रिपाठी की 36 वीं पुण्यतिथि 10 मार्च को अधिवक्ता संघ भवन में मनायी जायेगी। उक्त आशय कि जानकारी स्वर्गीय सच्चिदानंद त्रिपाठी के नाती व बरिष्ठ अधिवक्ता शशि भूषण दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे व विशिष्ट अतिथि कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा होंगे। उन्होंने बताया कि यह उनकी 36 वीं पुण्यतिथि मनायी जायेगी। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय त्रिपाठी 1962 से 1967 तक डालटनगंज विधानसभा के विधायक रहे। अधिवक्ता के रूप में 1950 में प्रैक्टिस ज्वाइन की । वे फौजदारी मामले के जाने-माने अधिवक्ता थे। संयुक्त बिहार में विद्वान अधिवक्ता में उनका नाम था। उन्होंने बताया कि वे मूलतः सदर प्रखंड के रजवाडीह के निवासी थे। कार्यक्रम का आयोजन अधिवक्ता संघ परिसर में किया जायेगा।

# पलामू में बारिश ने बदला मौसम का मिजाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** होली में पलामू सहित आस पास के क्षेत्रों मे मौसम में बदलाव हुआ है। यह बदलाव साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह से हुआ है। पलामू सहित 10 से अधिक जिलों में हुई बारिश ने मौसम में ठंडापन ला दिया है। यह बदलाव छत्तीसगढ़ और ओडिशा में आए साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह से हुआ है। मौसम में ठंडापन आ गया है। बादल गरजने के साथ बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के मुताबिक मौसम में इस तरह का बदलाव अभी 11 मार्च तक देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया है कि पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय है। ऐसे में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।

**राजधानी का तापमान सामान्य से अधिक** : साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह से हुई बारिश से ठंडापन तो आया है। लेकिन राजधानी रांची सहित झारखंड के चार शहरों का तापमान सामान्य से 3.7 डिग्री तक अधिक है। वैसे झारखंड के तमाम हिस्सों में बारिश हुई है, लेकिन सबसे ज्यादा बारिश गढ़वा में हुआ है। यहां 1.5 मिमी बारिश हुई है। अन्य शहरों के तापमान में जमशेदपुर का उच्चतम तापमान सबसे ज्यादा 36.2 डिग्री सेल्सियस है। इसी तरह डालटेनगंज का सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बारिश और ठंडी हवाओं के बावजूद रांची, जमशेदपुर, डालटेनगंज, बोकारो और चाईबासा का उच्चतम तापमान सामान्य से 3.7 डिग्री तक अधिक है।

**आज और कल भी हो सकती है बारिश :** मौसम विज्ञान केंद्र रांची के मुताबिक राजधानी रांची में 10 मार्च तक मेघ गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होगी। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार पलामू का तापमान 10 और 11 मार्च को कई डिग्री तक गिर सकता है। 11 मार्च को झारखंड के 19 जिलों में कहीं-कहीं वर्षा हो सकती है।

# समाजसेवी के निजी खर्च से उपलब्ध कराया जा रहा है पानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मार्च माह से ही गर्मी का एहसास शुरू हो गया है। इसके साथ ही शहरी इलाके में पानी की समस्या विकराल रूप धारण करने लगी है। गर्मी के मौसम में अनियमित जलापूर्ति और जलाशयों के सूख जाने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्र में सबसे अधिक परेशानी ड्राइजोन इलाके के लोगों को हो रही है। होली पर्व को देखते हुए ड्राईजोन इलाके आबादगंज वार्ड नंबर 14 में समाजसेवी सिटी सिंह के द्वारा टैंकर के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाया जा रहा है। समाजसेवी सिटी सिंह ने बताया कि गर्मी को देखते हुए नगर निगम की ओर से अभी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में वह अपने निजी खर्च पर करीब 11 से 12 राउंड टैंकर के माध्यम से वार्ड नंबर 14 के लोगों को पानी उपलब्ध कराया है। ताकि लोग होली का पर्व अच्छे से मना सके। उन्होंने निगम से जल्द टैंकर के द्वारा लोगों तक पानी पहुंचाने की मांग की है।

# विकास सोसाइटी संस्था ने कन्याओं को दी विदाई सामग्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था से निबंधित (रजिस्टर्ड) कन्याओं को बाल विवाह को रोकते हुवे घर पर विदाई का सामान 03 मार्च को पहुँचाया गया। पांकी के कार्यकर्ता ललन साहू ने बताया की ग्राम पंचायत-सगालिम के निवासी नरेश विश्वकर्मा के पुत्री रीता कुमारी और ग्राम पंचायत झ तेतराई के निवासी लल्लू वर्मा के पुत्री बबिता कुमारी को संस्था में 3 वर्ष पहले रजिस्टेशन करवाए थे। तथा विवाह के समय ट्रंक, तोसक, रजाई, तकिया, 2 बेडसीट, मच्छरदानी, बर्तन,वर- वधु के कपडा श्रृंगार समाग्री वितरण किया गया। गरीब, अनाथ, असहाय कन्याओं जो अपने बेटी की शादी घर पर करने से मजबूर हैं। संस्था 13 वर्षो से समाज में बढ़ चढ़ कर भाग ले रही है। वहां पर उपस्तिथ संस्था के कार्यकर्ता गढ़वा जिला से चल कर पलामू के पांकी में गरीबो को मदद करने आए दीनानाथ साहू तथा वाहन प्रचारक मनीष कुमार तरहसी से मीना कुमारी, दिलेन्द्र कुमार, रीता चौहान, सोना देवी मौके पर उपस्तिथ सगालिम के पंचायत समिति रीता देवी ,वार्ड सदस्य अलखा देवी आंगनबाड़ी सेविका प्रमिला देवी फूलचंद विश्वकर्मा संजीत कुमार भारी जनसँख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थें।

### ट्रेन से गिरकर व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा 108 एंबुलेंस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही 108 एंबुलेंस वाहन घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उस युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। यदि कोई भी व्यक्ति इस अज्ञात व्यक्ति को पहचानते हैं तो शहर थाना के मोबाइल नंबर 94 31706249 पर संपर्क करें।

# पलामू में उमंग व उत्साह के साथ मनी होली



### बुजुर्गों ने होली गीत के साथ माहौल को बनाया रंगीन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में होली का त्योहार उमंग उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। पलामू सहित आसपास के क्षेत्रों में भी लोगों ने होली का त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया। दो साल से कोरोना के बढ़ते प्रभाव के कारण लोगों ने होली का लुफ्त नहीं उठाया। वहीं इस वर्ष बच्चे ,बूढ़े, महिलाएं, पुरुष व सभी वर्ग के लोगों ने होली का लुफ्त उठाया और एक दूसरे पर रंग अबीर डालकर होली की बधाई दी। बुधवार की सुबह हल्की बारिश ने भी होली के त्योहार को और भी खुशनुमा बना दिया। सुबह से ही युवा और बच्चे सड़कों पर निकलकर एक दूसरे पर रंग लगाकर होली की बधाई देने लगे। छिटफुट घटनाओं को छोड़ होली का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त होने से पुलिस-प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। जिले के सभी प्रखंडों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक लोगों ने जम कर एक दूसरे पर रंगों की बौछार की और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाए। बुजुर्गों ने होली के गीत के साथ माहौल को रंगीन बनाया तो युवा वर्ग के लोगों ने डीजे गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला। शाम को सबों ने मिलकर अबीर की होली खेली। जिसमें छोटे लोगों ने अपने से बड़ों से आशीर्वाद लिया। इस बार होली को लेकर लोगों के मन मे संशय भी बना रहा । लेकिन बुधवार को ही लोगों ने होली का पर्व मनाया। सभी लोगों का एक दूसरे के घरों मेंआकर गले मिलने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। घरों में होली का मुख्य पकवान गुझिया के साथ तरह-तरह के व्यंजन पकाए गए। इन्हीं व्यंजनों से आगंतुकों का स्वागत किया गया।

**मन्दिरो में भी उमड़ी भीड़ :** होली के अवसर पर लोगों ने जहां अपने अपने घरों में भी पूजा का आयोजन किया। वहीं स्थानीय मंदिरों में भी लोगों की भीड़ देखी गई। स्थानीय सप्तमातार मंदिर विष्णु मंदिर, शनि मंदिर ,शिव मंदिर ,बाजार स्थित हनुमान मंदिर में होली की संध्या पर लोगों ने पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। दो वर्षों के बाद पहली बार लोगों ने घरों से बाहर निकलकर होली का आनंद लिया । वही लोगों में कोरोना को लेकर भी सतर्कता भी देखी गई। वही लोगों ने एक दूसरे के चेहरे पर भी जमकर अबीर गुलाल लगाई।

**प्रशासन रहा मुस्तैद :** होली के अवसर पर रंग में भंग डालने वाले हुड़दंगियों से निपटने के लिए एसपी ने नगर समेत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिया था। सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात थे। इसके बावजूद शराब के नशे में हुड़दंगियों के बीच कई जगहों पर आपसी झड़प हुई ,जिसे पुलिस द्वारा सुलझा दिया गया।

**कई स्थानों पर होली मिलन समारोह आयोजित हुआ :** शहर में कई स्थानों में होली के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। जहां चैता गीत और होली के गीतों का लोगों ने जमकर लुफ्त उठाया । होली के पूर्व संध्या पर भी कई जगह पर कवि सम्मेलन और हास परिहास सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।

### एसपी आवास पर रही होली की धूम



जिले के एसपी चंदन कुमार सिन्हा के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । जहां स्थानीय पत्रकार,पुलिस जवान सहित कई लोगों ने होली का लुप्त लिया। होली मिलन के अवसर पर एसपी ने सबों को होली की शुभकामना देते हुए उन्हें रंग गुलाल लगाए। इस मौके पर लोगों ने विशेष पकवान का भी आनंद उठाया। होली मिलन के अवसर पर एसपी ने सभी थाना प्रभारियों से होली के माहौल की जानकारी लेते दिखे। साथ ही उन्हें विशेष सर्तकता बरतने का भी निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अलावे भाजपा कार्यालय, परिसर में भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां लोगों ने जम कर होली के रंग में सराबोर नजर आए।

# स्नातक दाखिला के लिए होगी प्रवेश परीक्षा, जानें क्या हैं नये नियम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू स्थित नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के अंतर्गत पलामू, गढ़वा और लातेहार के सभी महाविद्यालय और मान्यता प्राप्त कॉलेजों में स्नातक में नामांकन के लिए अब विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा देनी होगी। विश्वविद्यालय के कल्याण अधिष्ठाता डॉ. अंबालिक प्रसाद ने बताया कि नीलांबर पीतांबर अंतर्गत सभी अंगीभूत स्थाई और अस्थाई समेत मान्यता प्राप्त महाविद्यालय में अब स्नातक में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा। नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा में शामिल होकर परीक्षा पास करना होगा। इसके बाद ही उनका नामांकन हो सकेगा। महाविद्यालय में अब शैक्षणिक वर्ष 2023 से स्नातक पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा संचालित सीयूईटी के माध्यम से लिया जायेगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के अंगीभूत सभी महाविद्यालयों में वर्ष 2023 से स्नातक पाठ्यक्रम में जो भी नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होंगे, उसके लिए प्रवेश परीक्षा देने होंगे। प्रवेश परीक्षा में सफल छात्र ही स्नातक में नामांकन करा सकेंगे। महाविद्यालय में नामांकन के लिए सीयूईटी की वेबसाइट पर जाकर पंजीयन करना होगा। इसके बाद छात्रों और छात्राओं के द्वारा पंजीयन कराकर नामांकन के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में शामिल होना होगा। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में अभी तक स्नातक में नामांकन के लिए किसी प्रकार की परीक्षा नहीं देनी पड़ती थी। विद्यार्थियों का नामांकन सामान्य तौर पर नामांकन फॉर्म भरने पर हो जाता था। मगर अब विश्वविद्यालय नेट के आधार पर सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में स्नातक के नामांकन हेतु वर्ष 2023 से प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा। इस परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं का ही नामांकन विश्वविद्यालय में और उसके अंगीभूत महाविद्यालयों में हो सकेगा।

# हलवाई समाज का होली मिलन समारोह



**मेदिनीनगर।** कान्य कुब्ज मोदनवाल हलवाई महासभा के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल टाउन हॉल में किया गया। जिसमें शहर के सभी हलवाई परिवार के लोग उपस्थित रहे। जिसकी अध्यक्षता ओम प्रकाश पप्पू ने किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड सदस्य जय श्री गुप्ता ,मेयर प्रत्याशी ट्विंकल गुप्ता ,विजय प्रसाद मोदनवाल ,बजरंगी प्रसाद ,कपूर चंद गुप्ता ,मनोज गुप्ता (आरसी ट्रांसपोर्ट), बबलू गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम का शंखनादं हीरा प्रसाद गुप्ता के द्वारा किया गया। । जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने बढ़चढ़ कर सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग्य लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में युवराज गुप्ता ने होली पर निबंध प्रस्तुत किया । अनुश्री गुप्ता, लकी गुप्ता, अंजली कुमारी, लक्ष गुप्ता, कोमल कुमारी, यीशु कुमारी ने डांस प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और भी मनोरंक बना दिया। वहीं अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि हलवाई समाज को आगे बढ़ाने की जरूरत है । मौके पर उपस्थित समाज के वरिष्ठ एवं बुजुर्ग लोगों को सम्मानित किया गया । वहीं मंच का संचालन अनूप प्रसाद, शुभम प्रसाद , सोनल गुप्ता की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के युवा कार्यकर्ताओं का सफल योगदान रहा । इस कार्यक्रम में हलवाई युवा मंच के कार्यकर्ता संजय गुप्ता, रवि गुप्ता, शुभम गुप्ता, राहुल गुप्ता, विशाल गुप्ता, बिनु गुप्ता ,सतीश गुप्ता का सरानीय योगदान रहा।

# पलामू में इबादत के साथ मनी शब-ए-बरात

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में शब-ए-बरात इबादत, सादगी व पूरी अकीदत के साथ मनाई गई। मुसलमान नजदीक की मस्जिदों में जाकर रात भर अल्लाह की इबादत की। कब्रिस्तान में पहुंचकर मुर्दो के लिए दुआए मगफरत की। महिलाएं घरों में रातभर इबादत की। मंगलवार की शाम मगरिब की नमाज के बाद मुसलमानों ने इबादत शुरू कर दी थी। इसकी तैयारी में लोग सुबह से ही जुटे थे। शब-ए-बरात की रात जिले भर की मस्जिदों के अलावा कब्रिस्तानों व घरों में प्रकाश व सफाई की बेहतर व्यवस्था की गई थी। इसमें मोमबत्ती, दीया के अलावा इलेक्ट्रानिक लाइट झालर का इस्तेमाल किया गया। शाम से ही लोग इबादत में मशगूल रहे। यह सिलसिला गुरुवार की सुबह तक चला। मुसलमान मस्जिदों व घरों में नवाफिल की नमाजें अदा की। तिलावते कुरआन पाक किया। अपने गुनाहों से तौबा करते हुए अल्लाह से माफी मांगी। अल्लाह व उसके रसूल के बताए मार्ग पर चलने ,आने वाले समय में नेक राह पर चलने व परहेजगार बनने की अल्लाह से दुआए मांगी।

# पर्वत व प्रकृति बचेंगे तभी प्राणों की रक्षा होगी : कौशल व पूनम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर जिलेऔर नीलगिरी के ऐतिहासिक पर्वतों ऊटी,पैनीफौल, तोरोपली, गुडलुर एवं बंदी पुरम में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, बिपिएसए संस्था के सचिव अरविंद कुमार और प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल, कर्नाटक के प्रदेश सचिव अंजू बंसल, तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष सोंडी विगरम व सचिव सनी कच्छ, आंध्र प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर के साथ पौधा रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर दुनियां को पर्वत और प्रकृति बचाने का संदेश दिया। कोरोना काल के बाद दक्षिण भारत का पहला प्रवास के दौरान विभिन्न जगहों पर पौधरोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन किया गया । पर्यावरणविद कौशल ने कहा निशुल्क पौधा वितरण सह रोपन के 56 वर्ष और पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट के 46वां वर्ष पूरा होने के उपरांत पिछले वर्ष नेपाल भूटान समेत देश के 10 राज्यों में दो लाख पौधों का वितरण सह रोपण के साथ वृक्षों पर रक्षाबंधन और पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी का आयोजन करने का निर्णय लिया गया था । जिसकी शुरूआत माह जुलाई में पलामू प्रमंडल के तत्कालीन आयुक्त जटाशंकर चौधरी ने छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर से निशुल्क पौधा वितरण शिविर एवं वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया था। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगों में चंद्रशेखर, अंजू बंसल, नानगलाहुचन, अविन, सेलवाकवि , धनंजय कुमार, ध्वनियां, शांतनु कुमार, ,संतोष कुमार आदि शामिल थे।

मदद | गरीब असहाय को ब्लड दिलाकर

# पलामू एसपी ने एक बार फिर दिया मानवता का परिचय

### अस्पताल के कर्मचारी भी करते हैं ब्लड की दलाली



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे के नेतृत्व में एक गरीब लाचार व्यक्ति को दो यूनिट ओ पॉजिटिव ब्लड उपलब्ध कराया गया। जानकारी के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र निवासी शंकर महतो कई वर्षों से थैलेसीमिया रोग से ग्रसित हैं। इसकी वजह से उनके शरीर में हमेशा ब्लड की कमी हो जाती है। इस बीच 2 दिन पहले फिर से उन्हें ब्लड की कमी महसूस हुई। वे मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें तीन यूनिट ब्लड उपलब्ध कराने का कहा। जानकारी के अनुसार शंकर यादव बहुत गरीब हैं और एक हाथ से विकलांग भी हैं। परिजनों ने कहा कि एक ओर लोग होली के त्योहार में व्यस्त हैं वहीं दूसरी ओर पुलिस लोगों की सुरक्षा में 24 घंटे तैनात है। मरीज के परिजनों ने कहा कि यदि समय पर ब्लड उपलब्ध नहीं हो पाता तो शायद हमारे परिवार में होली की खुशी नहीं मन पाती। पलामू एसपी भगवान बनकर हम लोग के परिवार के लिए महान कार्य किया हैं। उस परिवार के लोगों ने पलामू एसपी को दिल से धन्यवाद दिया। बताते चलें कि पलामू जिले के कई ऐसे गरीब परिवार हैं। जिन्हें पलामू एसपी चंदन सिन्हा के द्वारा ब्लड देकर जीवनदान दिया गया है। यदि पलामू एसपी की दया दृष्टि अस्पताल के मरीजों पर नहीं बनी रहती तो आज कई गरीब अपनी जान गवा बैठते। जानकारी के अनुसार कई बार ऐसा भी होता है की मरीज के परिजन तंदुरुस्त और हट्टा कट्ठा रहते हैं। इसके बाद भी मरीज के परिजन अस्पताल कर्मियों के साथ मिलकर ब्लड के लिए एसपी चंदन सिन्हा को फोन करवाते हैं । ताकि उन्हें भी आसानी से ब्लड उपलब्ध हो जाय। वहीं लोगों ने पलामू एसपी चंदन सिन्हा से आग्रह किया है कि जांच परख कर ही मरीज को ब्लड उपलब्ध कराया जाय। इन दिनों ब्लड की हेराफेरी को लेकर सदर अस्पताल के कई मरीज दलाल के चंगुल में फंस चुके हैं।

# चैलेंजर परिवार ने किया होली मिलन समारोह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची रोड रेडमा स्थित गौरी शंकर मैरिज हॉल में टीम चैलेंजर के योद्धाओं के सामूहिक प्रयास से होली मिलन समारोह किया गया। जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर प्रत्याशी धनंजय त्रिपाठी व भावी सांसद प्रत्याशी धनंजय पासवान ने फीता काट कर किया ।मौके पर त्रिपाठी ने कहा कि चैलेंजर परिवार जो डालटनगंज शहर में निःस्वार्थ भाव से काम कर रही। उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है । ऐसा संगठन शहर के लिए वरदान है। वही पासवान ने कहा कि पूरे पलामू प्रमंडल में घूमता हूँ । हर जगह के लोग पूछते है ये चैलेंजर क्या है हमें भी जुड़ना है। टीम चैलेंजर टीम बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं । कलाकार टीम के मुखिया राजदीप व्यास व उनकी टीम ने पूरे कार्यक्रम में जान फूंक दी। कार्यक्रम को सफल बनाने वाले मार्गदर्शक अमित तिवारी, मार्गदर्शक प्रवीण सिंह,संस्थापक कौटिल्य द्विवेदी, अध्यक्ष पवन गंगा, उपाध्यक्ष अनुराग तिवारी, कोषाध्यक्ष अभिषेक दुबे, गोपाल त्रिपाठी, थाना प्रभारी विक्रम सिंह, आशीष तिवारी, रंजन दुबे, आशीष मिश्रा, मधुकर शुक्ला, धीरज मिश्रा, अभिषेक तिवारी(चिंटू), विकास पाठक, चंदन पांडेय, लड्डू खान, छोटू तिवारी, बंटी दुबे, अनुज पांडेय, अशोक तिवारी, विक्रमजीत सिंह, संजय राजन, अभिषेक तिवारी, सत्यानंद सिंह, नवीन तिवारी, अनुज तिवारी, शशिकांत तिवारी व दर्जनो युवाओं ने कार्यक्रम सफल बनाया।

NEWS इन ब्रीफ

## दो कांड के चार अभियुक्त गिरफ्तार



**डंडई (गढ़वा)।** पुलिस ने दो कांड के 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी शाहबाज अंसारी ने बताया कि थाना कांड संख्या 12/ 2023 के तहत अवैध अंग्रेजी शराब खरीद-बिक्री के प्राथमिक अभियुक्त ग्राम डंडई निवासी संदीप कुमार पटवा पिता तिलकधारी पटवा। वहीं थाना कांड संख्या 11/2023 के तहत मारपीट के प्राथमिक अभियुक्त शंभू बारी, रामेश्वर बारी, विजय बारी तीनों के पिता स्वर्गीय शीतल बारी ग्राम फुलवारी निवासी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## मुर्गा दुकान को खुलने से रोकने की मांग



**भवनाथपुर (गढ़वा)।** प्रखण्ड कार्यालय के मुख्य गेट के बगल में मंदिर के समीप मुर्गा दुकान खुलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन दे कर मुर्गा दुकान को खुलने से रोकने की मांग किया है। दिए आवेदन में ग्रामीण सुरेश राउत, अभय राउत, अनिल राउत, अमृत राउत, अभिषेक कुमार, शशिकांत कुमार, रामशंकर मेहता, अजित यादव, नन्हकूली चौधरी, अखिलेश राउत, रामचंद्र पासवान, सुजीत कुमार, राजन सिंह, अनिल कुमार राउत, सुनील कुमार सहित अन्य ग्रामीणों एवं दुकानदारों ने कहा है कि अंशुल कादरी के द्वारा मुर्गा दुकान खोला जा रहा है। जबकि ब्लॉक गेट के ठीक बगल में दूसरे तरफ शिव मंदिर है वहीं आस-पास में दुकान भी है अगर उक्त जगह पर मुर्गा दुकान खुला तो मंदिर के भक्तों, दुकानदारो एवं प्रखण्ड कार्यालय आने-जाने वाले अधिकारियों एवं अन्य लोगो को दुर्गन्ध एवं गंदगी का सामना करना पड़ेगा।

# अभय दुबे होंगे विस प्रत्याशी : ददई दुबे

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी (गढ़वा)।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के पुत्र अभय दुबे उर्फ बड़ू दुबे विधानसभा के प्रत्याशी होंगे। उक्त बातें ददई दुबे ने गुरुवार को चोका गांव स्थित अपने निवास स्थान पर एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 2024 ई. में लोकसभा व विधानसभा दोनों ही चुनाव होना है। मैं धनबाद लोकसभा सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ूंगा। जबकि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से मेरे पुत्र अभय दुबे उर्फ बड़ू दुबे मेरे स्थान पर प्रत्याशी होंगे। मेरे अधूरे सपने को मेरा बेटा पूरा कर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करेगा। मुझे पूरा उम्मीद है कि मेरा बेटा विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता की सभी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेगा। हमारे पद को बड़ू दुबे संभालेंगे। वहीं वार्ता




में उपस्थित अभय दुबे उर्फ बड़ू दुबे ने कहा कि मेरे पिता जी भ्रष्टाचार के विरुद्ध हर समय खड़ा रहे हैं। उसी प्रकार विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से भय, भूख व भ्रष्टाचार को मिटाना हमारी प्रमुख मुद्दा रहेगी। उन्होंने कहा कि मुझे अपने पिता की ओर से जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, मैं उस पर खरा उतरूंगा। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र शुरू से कांग्रेस का सीट रहा है। आगे भी यह सीट कांग्रेस का ही रहेगा। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख सह झामुमो नेता पिंकू पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष विकास उपाध्याय, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव प्रभात कुमार दुबे उर्फ बड़ू दुबे सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# विविधता में एकता का अद्भुत उदाहरण है भारत : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भोजपुरी कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री श्री ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मंत्री ठकुर सहित उनकी पत्नी चंचल ठाकुर, रोजी ठाकुर एवं अन्य परिजनों ने कलाकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जबकि मंत्री श्री ठाकुर की पत्नी चंचल ठाकुर ने उन्हें गढ़वा के लिए बेहतर विकास कार्य करने पर होली का टोपी पहना कर सम्मानित की। सभी लोगों ने एक दूसरे को



अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को होली के साथ सबेबरात की शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश राय, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, अनिता दत्त, रेखा चौबे, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, मनोज झा, प्रियम सिंह, दिलीप गुप्ता आशीष अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश : मिथिलेश ठाकुर

### देश का पहला राज्य है झारखंड जहां सर्वजन पेंशन योजना लागू

### 140 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल (गढ़वा)।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने 140 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर भूमि पूजन व शिलान्यास किया। 37 किलोमीटर लंबी मेराल से अम्बाखोरेया पथ का अवशेष कार्य का पुनर्निर्माण व चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा। मौके पर मंत्री ने कहा कि आज पूरे गढ़वा में चप्पे-चप्पे पर विकास की गंगा बह रही है। हमारी प्राथमिकता कार्य को बेहतर तरीके से पूर्ण कराना है। शिलान्यास और उद्घाटन तो महज जनता से मिलकर उन्हें जानकारी देने का मौका है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले के माथे पर पिछड़ेपन एवं अविकसित जिला का लगा कलंक वर्ष 2024 तक समाप्त कर देंगे। गढ़वा सबसे विकसित एवं अग्रणी क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आएगा।



मंत्री ने कहा कि झारखंड के हेमंत सरकार मौजूद अपने संसाधन में गढ़वा जिला एवं पूरे पलामू प्रमंडल सहित संपूर्ण राज्य में काफी बेहतर विकास कार्य कर रही है। केंद्र सरकार झारखंड को बदनाम एवं परेशान करने का कोई कसर नहीं छोड़ रही है। आज झारखंड देश का पहला राज्य है जहां सर्वजनिक पेंशन योजना लागू की गई है। मंत्री ने कहा कि जब पहली बार चुनाव लड़ने आया था तब बहुत धमकी दी जा रही थी, और अब लोग साजिश पर उतारू हो गए हैं। परंतु जनता का आशीर्वाद मेरे साथ है। जनता सभी बहूरुपियों को अच्छी तरह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि आज गढ़वा में जिस गति से गुणवत्ता के साथ विकास हो रहा है वैसा आज तक कभी नहीं हुआ था। अभी के किए गए कार्य आगामी 10-15 वर्षों तक कुछ नहीं होगा। जबकि पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों का आज कहीं कोई नामोनिशान तक नहीं है। बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, ताहिर अंसारी आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, मुन्ना सिंह, दिलीप गुप्ता, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**मंत्री को 51 किलो का माला पहना कर किया स्वागत :** शिलान्यास समारोह के मंच पर मेराल के व्यवसायिक संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को 51 किलो का माला पहना कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष नवीन जयसवाल के नेतृत्व में समीम रंगसाज, युगल प्रसाद सोनी, डॉ विनोद बिहारी भगत, रमेश प्रसाद, रेयाज अंसारी, ज्ञान रंजन मिश्र, ज्ञान प्रकाश आदि का नाम शामिल है।

**सेवानिवृत्त कर्मचारियों व वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित**

मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा शिलान्यास समारोह के मंच पर मेराल के दर्जनों वरिष्ठ नागरिकों को शॉल तथा फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित किए जाने वालों में मुख्य रूप से प्रसिद्ध आमीन शिव नारायण सिंह, झामुमो के फाउंडर मेंबर रहे वयोवृद्ध मुसान राम, केश्वर राम सहित सेवानिवृत्त कर्मचारी राजेंद्र प्रसाद, प्रेमचंद प्रसाद, अंबिका यादव, रामप्रीत ठाकुर, ईश्वरी सिंह आदि का नाम शामिल है।

### भाजपा सहित अन्य दलों छोड़कर झामुमो में हुए शामिल

भाजपा सहित अन्य दल को छोड़कर करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने झामुमो का दामन थामा। सभी को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने फूल माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने वालों में भाजपा के शंकर ठाकुर सहित एक दर्जन से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

## पुलिस ग्रामीण झड़प में 14 नामजद व 40 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रमना (गढ़वा)।** हारादाग कला पंचायत मे पुलिस बल और अवैध बालू कारोबारियों में तू-तू -मैं-मैं की घटना घटी। सूचनानुसार घटना सोमवार को गस्ती पर निकली पुलिस बल को हारादाग कला पंचायत के नदियों से बालू के अवैध खनन और परिवहन की सूचना मिली। जिसके आलोक मे पुलिस कार्रवाई के लिए पहुंची थी। इसी क्रम में इस धंधे में संलिप्त लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया और बालू के अवैध कारोबारी और उनके समर्थकों के साथ पुलिस बल के जवानों मे झड़प हो गयी। इस झड़प में पुलिस बल के जवानों को मामूली चोट पहुंची। इस मामले में रमना पुलिस ने जबाबी कार्रवाई करते हुए 14 नामजद और 40-50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। जिसमे लाला चौधरी को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायीक हिरासत में भेज दिया है। इधर रमना पुलिस के द्वारा बालू के अवैध कारोबार पर जिस प्रकार से कार्रवाई की गई और कार्रवाई के दौरान पुलिस बल के जवानो और कारोबारियों में झड़प की चर्चा के साथ- साथ कई टास्क फोर्स पर सवाल खड़े कर दिए है। वहीं थाना प्रभारी रमना कृष्ण कुमार कुशवाह, से इस घटना सम्बन्ध में संपर्क किया गया लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं हो सका।

## पुलिस व ग्रामीण के बीच झड़प, समझौता

**कांडी (गढ़वा)।** पदाधिकारियों व ग्रामीण जनता के बीच समझौता वार्ता के बाद 5 घण्टे से सड़क जाम व धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया। ज्ञात हो कि बुधवार की शाम डीजे बजाने के बात पर पुलिस व ग्रामीणों के साथ कांडी बाजार में झड़प हो गई थी। पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए डंडे से मारकर कुछ लोगों को घायल कर दिया था। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने भी पुलिस गाड़ी पर पत्थर चलाकर शीशा तोड़ दिया। गुरुवार को अहले सुबह से छोटी बड़ी सभी दुकानें बंद रखते हुए कांडी कपूरी चौक पर धरना पर सैकड़ों ग्रामीण बैठ गए। जिससे आवागमन पूरी तरह ठप रहा। लगभग 10 बजे प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, अंचलाधिकारी अजय कुमार दास, थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार, बरडीहा थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडेय ने ग्रामीणों के साथ वार्ता कर मामले का निष्पादन किया। शाम में पुलिस आकर सीधी कार्रवाई करती है। पुलिस व पब्लिक के झड़प के बीच कांडी थाना के एसआई संजय राम व होमगार्ड के जवान योगेंद्र यादव भी घायल हो गए थे। उक्त दोनों की आंखों में में चोट आई है। जाम हटने के साथ ही स्थिति सामान्य हो गई है। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, समाजसेवी विकास दुबे, युवा राजद के जिलाध्यक्ष विनीत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।


कार्यालय, नगरपंचायत, छतरपुर

आम-सूचना (द्वितीय प्रकाशन)

नगर पंचायत, छतरपुर अंतर्गत DAY-NULM के SEP(Self Employment Program) घटक के तहत् कुल12 ऋण लाभुकों को छः दिवसीय गैर आवासीय EDP प्रशिक्षण दिया जानाहै।नगरीय प्रशासन निदेशालय द्वारा कुल 27,720/– रूपये प्रशिक्षण हेतू व्यय किया जाना है। इच्छुक एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादिदिनांक–18.03.2023 को समय–02:00 बजे अपराह्त तक कार्यालय अवधि तक नगर पंचायत, छतरपुर कार्यालय में संबंधित दस्तावेज, बन्दलिफाफे में पूर्ण पता एवं मोवाइल नं0 के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगें। साथ ही उपरोक्त से संबंधित दिनांक–8.03.2023 को समय– 2:30 बजे अपराह्न से PPT Presentation दिखाना अनिवार्य होगा।

श्रीकान्त विसपुते,(भा0प्र0से0),
सहायक समाहर्त्ता, पलामू–सह–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छत्तरपुर।

PR 292128District(22-23)#D


# डीएसपी ने जवानों के साथ धूमधाम से मनाई होली

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** असत्य पर सत्य की जीत के साथ रंगों का त्योहार होली पर्व के अवसर पर बुधवार को पुलिस विभाग की ओर से होली उत्साह पूर्वक मनाई गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी अपने आवासीय कार्यालय पर अनुमंडल क्षेत्र के सभी पुलिस अफसरों और जवानों के साथ जमकर होली खेली। इस दौरान डीजे की धुनों पर पुलिसकर्मी रखते हुए नजर आए। वहीं पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं डीएसपी ने सभी पुलिस अफसरों को जमकर होली के रंगों से सराबोर कर दिया और मस्ती भरे अंदाज में पुलिस जवानों के साथ झूमते नाचते हुए दिखाई दिए। जो होली का विशेष आकर्षण रहा। इस अवसर पर श्री बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र के सभी थानों के थाना प्रभारी और पुलिस जवान मुख्य रूप से मौजूद थे। डीएसपी प्रमोद कुमार केसरी ने बताया कि होली एवं शब ए बारात को देखते हुए दो दिनों तक पुलिस अधिकारी और जवान सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैदी के साथ ड्यूटी कर रहें है। ऐसे में पुलिस आमजन की ओर से होली मानने के बाद होली मानती है इसलिए आज पुलिस अपने क्षेत्र के सभी थानेदारों के साथ होली खेली गई। डीएसपी ने अनुमंडल क्षेत्र वासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। मौके पर श्री बंशीधर नगर इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, रमना के कृष्णा कुशवाहा, धुरकी के सदानंद कुमार, केतार संतोष कुमार रवि सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

# शब-ए-बरात धूमधाम के साथ मनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को शब-ए-बरात अकीदत के साथ संपन्न हो हुआ। मंगलवार की शाम से ही शब-ए-बरात की इबादत शुरू हो गई। लोगों ने अपने-अपने घरों में फातेहा किया। मस्जिदों व घरों में नवाफिल की नमाज अदा की। मुस्लिम समुदाय के महापर्व रमजान से पहले वाले महीने शाबान की पंद्रहवीं रात को शब-ए-बरात कहा जाता है। इसका मुख्य मकसद यह है कि अल्लाह इस रात में अपने बंदों को जहन्नुम यानी नरक से आजाद करते हैं। मौके पर सदर तौहिद खान, तस्लीम खान सीनियर, लालबाबू खान, महमूद आलम सीनियर, नेपाली खान, शोएब आलम, प्रतिष्ठित व्यवसाई आमीन खान, शमीम खान तस्लीम खान,बाबू खलीफा बरडीहा के सदर मुस्ताक अहमद शेख, राहत हुसैन, डॉ ताहिर हुसैन, हाफिज अब्दुल हकीम अंसारी, हाफिज सैफुल्लाह अंसारी, वकील अहमद, डॉ रिजवान अहमद, साजिद रजा, कलाम अंसारी, अंसारी अमीरहसन अंसारी, दिलशाद अहमद सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे।


OFFICE OF THE SUPERINTENDENT OF POLICE, LOHARDAGA

LOHARDAGA POLICE

**Very Short Notice Inviting Tender (NIT):** Supply & establishment of training centre of lohardaga district police.

| Sl No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Jungle Warfare Training Development Centre at Police Line |
| 2 | Period of Work | 10-12 days |
| 3 | Date of Publication of Bid | 10-03-2023 |
| 4 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | Rs.25,000 in the form of DD (Valid for at least 3 months from the last date of submission of the bid) in favor of Superintendent of Police, Lohardaga |
| 5 | Last date and time of receipt of Bid | 17-03-2023 till 01:00pm |
| 6 | Date and time of opening of Bid | 18-03-2023 at 03:00pm |
| 7 | Bid submission Place | Office of the Superintendent of Police, Lohardaga |
| 8 | Bid Opening Place | Office of the Superintendent of Police, Lohardaga |
| 9 | Tentative cost of Bid | Related information can be inquired from office |

PR 292155Lohardaga(22-23)#D

Superintendent of Police, Lohardaga



JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Office of theGeneral Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj
e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Short Tender Notice**

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes super scribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :

| Sl. No. | NIT No. | Descriptions of Works | Estimated cost (Including taxes and cess) | Cost of BOQ | Earnest Money |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 415/PR/JUSNL/ 2022-23 | R/M of Dy. General Manager (O.P.) Quarter (D-4) & other miscellaneous work at Colony Campus, TZ-IV, Medininagar. | Rs. 4,01,950/- (i/c GST) | Rs. 885/- (i/c GST) | Rs. 8,100/- |
| 2. | 416/PR/JUSNL/ 2022-23 | Renovation of collapsed Boundary wall in North side of colony campus and Drain near switchyard at 132/33 kV GSS, Daltonganj. | Rs. 4,47,032/- (i/c GST) | Rs. 885/- (i/c GST) | Rs. 9,000/- |
| 3. | 417/PR/JUSNL/ 2022-23 | Construction of Guard Rest Room in the Office Campus at Transmission Zone-IV, Medininagar. | Rs. 4,95,100/- (i/c GST) | Rs. 885/- (i/c GST) | Rs. 9,950/- |
| 4. | 418/PR/JUSNL/ 2022-23 | Repair of cable trench and provision for replacement damaged cover slabs with new ones at 132/33 kV GSS, Latehar. | Rs. 5,73,351/- (i/c GST) | Rs. 1475/- (i/c GST) | Rs. 11,500/- |

1. Last date and time for sale of Tender Documents & BOQ upto**22.03.2023** at 05:00 PM.
2. Last date and time for submission of tender upto**23.03.2023** at 02:00 PM.
3. Date and time for opening of tender :**23.03.2023** at 03:30 PM.
4. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) either in cash or in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Medininagar payable at Medininagar on any working day.
5. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
6. The under signed reserves the right to issue the tender documents/extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/all tenders without assigning any reason thereof.
7. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
8. For any clarifications please contact on Mobile No. 8789017436/9709011909

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 292142 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(22-23)D


**त्योहार** — प्रखंड क्षेत्रों में परंपरागत तरीके से मनी होली

# हर्षोल्लास के साथ रंगों का त्योहार विदा

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्रों में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ बुधवार को रंगों का त्योहार होली पर्व मनाया गया। उक्त अवसर पर कहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम तो कहीं मंदिरों में कीर्तन भजन का आयोजन किया गया। डंडई में परंपरागत तरीके से ग्रामीणों के द्वारा होली पर्व मनाने का काम किया गया। इस दौरान सुबह से दोपहर तक रंग और पिचकारी की धूल उड़ी उसके बाद वृद्धजनों के द्वारा अबीर व गुलाल का होली खेलने का काम किया गया। इस बीच उनके द्वारा एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगा अभिवादन करने का काम किया गया। डंडाई के अंबेडकर चौक पर स्थानीय कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम के देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। वहीं ब्यास हरि प्रसाद, रामलाल चौधरी ने एक से बढ़कर एक होली गीत गा कर ग्रामीणों को मनोरंजन देने का काम किया। उधर युवकों के द्वारा कुर्ता फार होली खेला गया। युवकों ने एक दूसरे का पहनावा कपड़ा फाड़ कुर्ता फार होली मनाने का काम किया। वहीं डीजे साउंड के गानों पर थिरकते हुवे उक्त लोगों ने गांव की गलियों में भ्रमण किया। इससे पहले मंगलवार रात्रि को होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव के डीहवार स्थल पर होलिका दहन कार्यक्रम में भाग ले ग्रामीणों के द्वारा नियत समय पर होलिका जलाया गया। इस बीच उससे निकले धूआँ को पश्चिमोत्तर दिशा में गिरता देख किसी के द्वारा इसे शुभ बताया गया तो किसी के द्वारा उक्त दिशा की ओर धुवां ही नहीं गिरने की बात बताई गई।

## शांतिपूर्ण तरीके से होली पर्व संपन्न

खरौंधी (गढ़वा)। प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगो का त्योहार होली सौहार्दपूर्ण के साथ शांतिपूर्ण बुधवार को संपन्न हो गया। प्रखंड में दो दिनों का होली पर्व को लेकर प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में लोगो का उत्साह चरम पर था। होली पर्व पर नवयुवक, बच्चे, बुजुर्ग, महिलाए ने एक दूसरे को गीले शिकवे को भूलकर जमकर होली खेली। सोमवार को देर रात्रि होलिका दहन के साथ प्रखंड में होली पर्व आरंभ हुआ। होली पर्व पर प्रखंड के बच्चे, बुढ़े और महिलाए रंग, अबीर गुलाल से सराबोर हो गए। प्रखंड के कई स्थानो पर लोगो ने होली जुलूस तथा चइता का आयोजन किया। जबकि कई जगहों पर लोगो ने पारंपरिक फगुआ गायन का आयोजन भी किया।होली पर्व पर विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी, विवेकानंद यादव समाजसेवी सतीस राम, कृष्णा गुप्ता, अरविंद पासवान, जाकिर हुसैन, ने पंचायत में जाकर लोगो के साथ रंग गुलाल लगाकर होली खेला। साथ ही उक्त सभी ने प्रखंडवासियो को होली पर्व की शुभकामनाएं दिया। इसके अलावे प्रखंड वासियों से शांति पूर्ण होली मनाने की अपील भी किया।

# अवैध खनन व परिवहन में शामिल लोगों पर करें कार्रवाई : डीएमओ

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त लोगों के विरूद्ध जिला खनन पदाधिकारी द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है तथा संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही भी की जा रही है।

उपायुक्त के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार बारियातू प्रखंड पहुंचे एवं अंचलाधिकारी दीपाली भगत एवं पुअनि दीपक नारायण सिंह के साथ थाना क्षेत्र के गाड़ी गाम में छापेमारी की। जहां गाड़ी ग्राम में पूर्व में दिए गये पट्टा एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के क्रम में बारियातू के गाड़ी गांव अंतर्गत प्लांट संख्या 247 एवं प्लांट संख्या 72 में अवैध तरीके से पत्थर खनन करने के प्रमाण मिले एवं भंडारित पत्थर भी पाये गये। जिस पर डीएमओ द्वारा अविलंब कार्रवाई करते हुए 2500 सीएफटी खनन कर भंडारित किये गये पत्थर को जप्त करते हुए थाना को सुपूर्द कर दिया गया एवं खनन स्थल के रास्ते को जेसीबी के माध्यम से ट्रेंच काट कर बंद कर दिया गया। जबकि अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी।

जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि बारियातू के गाड़ी गांव में अवैध पत्थर खनन किया जा रहा है। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गयी। जहां पूर्व में पटटाधारी जितेन्द्र प्रसाद के पट्टा समेत आस-पास के स्थलों को निरीक्षण किया। जहां प्लांट संख्या 247 पर 1500 सीएफटी अवैध पत्थर एवं प्लांट संख्या 72 पर 1000 सीएफटी अवैध तरीके से भंडारित पत्थर पाया गया। जिसे जप्त करते हुए थाना को सुपूर्द कर दिया गया एवं खनन स्थल के रास्ते पर ट्रेंच कटवा कर बंद कर दिया गया। जबकि अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी है।

### आमजनों से अपील, अवैध खनन की दे सूचना, होगी कार्रवाई : डीएमओ

**जिला** खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने स्पष्ट कहा है कि किसी भी कीमत पर अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्ति नहीं बचेंगें। ऐसे लोगों को चिहिंत कर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जायेगा। उन्होंने आमजनों से भी अपील की है कि आप सभी भी अपने कर्तब्यों को निर्वहन करते हुए आपके क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन,भंडारण एवं परविहन की सूचना दें ताकि ऐसे व्यक्तियों पर कार्रवाई की जा सकें।

### अवैध खनन भंडारण और परिवहन बर्दाश्त नहीं : अंचलाधिकारी

अंचलाधिकारी दीपाली भगत ने कहा है कि बारियातू अंचल अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ऐसे व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## सड़क दुर्घटना में चार घायल, दो की स्थिति गंभीर

**बरवाडीह।** प्रखंड पुलिस प्रशासन द्वारा शराब पीकर होने वाली दुर्घटनाओं को संभावित रोकने का प्रयास किया गया इसके बावजूद बुधवार को सड़क दुर्घटना में 4 लोग घायल हो गए जिसमे 2 की स्थिति गंभीर बताइए गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड मुख्यालय के बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ स्तिथ कुल्ही नाला के समीप अनियंत्रित होकर चार पहिया वाहन वैगनआर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इस दौरान गाड़ी में सवार 5 लोगों में से 4 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह तत्काल घटना स्थल पहुंचकर 108 एंबुलेंस के माध्यम से उसे नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह लाया गया। जहां चिकित्सक अनुपमा एक्का, ड्रेसर राजेश कुमार एंबुलेंस चालक दीपक सिंह की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों में दिलीप कुमार, श्रवण कुमार दोनों खुरा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि अन्य दो की स्थिति सामान्य बताए गई हैं।

## ट्रेन की चपेट में आकर महिला सहित दो मवेशी की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत टोरी-लोहरदगा-रांची रेल खंड पर बोदा स्टेशन के बियरजंघा गांव के समीप पोल संख्या 3/15 के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला समेत दो मवेशियों की मौत हो गई है। घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महिला गांव के समीप स्थित रेल लाइन के पास ही मवेशियों को चरा रही थी मवेशी रेल लाइन के समीप थे जिसे भगाने के क्रम में मालगाड़ी आ गई जिसकी चपेट में आने से महिला व दो मवेशियों की मौत मौके पर ही हो गई। मृतका की पहचान बियरजंघा निवासी चंद्रु गंझू की 66 वर्षीय पत्नी टेली देवी के रूप में हुई है।

## बाइक के चपेट में आने से युवक की मौत

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के द्वारी पंचायत स्थित ओबरीडीह मोड़ के समीप अज्ञात बाइक के चपेट में आने से एक युवक की मौत बीते मंगलवार देर रात घटनास्थल पर हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के द्वारी गांव निवासी हेमलाल यादव का पुत्र प्रमोद यादव 23 वर्ष (23) के रुप में की गई। बताया जाता है की युवक पत्थलगड्डा से पैदल अपने घर वापस जा राहा था। इसी बीच ओबरीडीह मोड़ के समीप एक अज्ञात बाइक ने युवक को अपने चपेट में ले लिया। जिससे युवक की मौत घटना स्थल पर हो गई। जबकी रात का लाभ उठाकर बाइक सवार बाइक लेकर भागने में सफल रहा। वहीं सुचाना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और बुधवार की सुबह सदर अस्पताल चतरा में पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया। युवक के असमय मौत के बाद गांव में मातम का माहौल है और रंगों का त्योहार होली फीका पड़ गया।

## अलग-अलग हादसे में एक की मौत, चार गंभीर

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र में हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों में एक की मौत हो गई। जबकी 3 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। थाना क्षेत्र के किसुनपुर के दो सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन चालक विवेक तिवारी व राहगीर ग्रामीण फुलेश्वर महतो तथा ओमनी वाहन के दुर्घटना में घायल पचड़ा निवासी प्रकाश साहू को पुलिस की पेट्रोलिंग टीम द्वारा स-समय अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि बुधवार देर शाम वनांचल कालेज के समीप दो अनियंत्रित दोपहिया वाहनों के अक्कर में बड़कागांव थाना क्षेत्र के हरली गांव निवासी महेंद्र महतो की मौत हो गई। जबकि थाना क्षेत्र के कुरहापतरा निवासी परमेश्वर भुईयां गंभीर रूप से घायल हो गया।

## झांकी प्रसूति समिति के अध्यक्ष बने प्रभात, कोषाध्यक्ष मुकेश

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित भास्कर स्वालंबन क्लब ऊपर मुहल्ला में गुरुवार को रामनवमी व झांकी प्रस्तुति को ले बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता शिक्षक श्यामसुंदर व संचालन पवन कुमार ने किया। सदस्यों ने रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने के साथ झांकी प्रस्तुति का निर्णय लिया और सर्वसम्मती से झांकी संचालन समिति का गठन करते हुए प्रभात कुमार उर्फ सोनू को अध्यक्ष, मंटू उर्फ आशुरंजन कुमार को सचिव, मुकेश कुमार को कोषाध्यक्ष, कविंद्र कुमार उपाध्यक्ष, भुनेश्वर दांगी को सह सचिव, संयोजक श्यामसुंदर दांगी व शंकर दांगी का मनोनयन किया गया। बैठक में भारी संख्या में ग्रामीण व क्लब सदस्य उपस्थित थे।

## 69वें राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रशिक्षण के लिए चंदवा की शिवानी कुमारी का चयन

**चंदवा।** 69 वें राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता जो की 23 से 26 मार्च 2023 तक हरियाणा के महेंद्रगढ़ में आयोजित है। उक्त प्रतियोगिता हेतु झारखंड महिला टीम चयन को लेकर प्रशिक्षण शिविर 10 मार्च 2023 से गढ़वा में आयोजित है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड के जमीरा निवासी शिवानी कुमारी पिता सुनील सिंह का भी चयन किया गया है। प्रतियोगिता हेतु प्रशिक्षण के लिए शिवानी का चयन होने पर परिजनों समेत अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। अगर शिवानी प्रशिक्षण में बेहतर प्रदर्शन करती है तो उसका चयन 69 वें राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के लिए लगभग पक्की हो जायेगी। हर्ष व्यक्त करने वालो में जमीरा मुखिया दुर्गावती देवी, झामुमो नेता शितमोहन मुंडा, पंसस अनिरूद्ध कुजूर, समाजसेवी रोहित शाहदेव, ब्रह्मदेव प्रजापति, डब्लू प्रजापति समेत अन्य लोगों ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## लाखों रुपये का सामान जलकर हुआ खाक

**बारियातू।** प्रखंड अन्तर्गत टोटी पंचायत के इटके सुइयांटोला निवासी रमेश उरांव पिता बल्कु उरांव के मिट्टी खपरैल घर में आग लग जाने से लाखों रुपये की सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित ने बताया की हमलोगो सभी परिवार भोजन के बाद प्रतिदिन की भांति अपना घर में सो रहे थे। आधी रात धुंआ से नींद खुली तो सभी परिवार के सदस्यों को जगाया। घर जलता देख कर शोर मचाने पर आसपास के लोग घटना स्थल पर पहुंचे आग के लपेटे को देखकर खैराही टोला से राजु उरांव, नंदु उरांव प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, पंसस मो. होजेफा, सहित अनेकों ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी मुकेश चौधरी को फोन कर सुचना दी गई। सभी ने मिलकर आग को बुझाने का प्रयास किया। सुचना पाकर आगजनी स्थल पर थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, पुअनि दिपक नारायण सिंह, पुअनि रवि कुमार सदलबल घटना स्थल पर पहुंचे और आग बुझाने में ग्रामीणों के साथ सहयोग किया। आग इतना तेज जल रहा था की घरेलू सामान के साथ बच्चों के पठन सामग्री, सभी कपड़े लगभग, 20 क्वीनटल धान, चावल, मक्का, सरसों, आधार कार्ड, पासबुक एटीएम कार्ड, नगद 9 हजार रुपए, आंगन में कटाई कर रखा हुआ सरसों, तथा कई किमती समान जल कर खाक हो गया। पीड़ित परिजनों ने सम्बंधित विभाग से मुआवजा दिलाने की मांग की है। इधर सिबला पंचायत के मकरा ग्राम स्थित बाघोता में पटाके की चिंगारी से मचान में लगी आग, पुआल जलकर हुआ खाक। बीते रात अशोक भुइयां की मचान में आग लग गई। जिससे मवेशीयों को खिलाने के लिए रखे गए पुआल जल गया।

# हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ रंगोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय व आस पास केक्षेत्र में आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। होली के त्यौहार को लेकर बच्चे बुजुर्ग महिला पुरुष सभी के अंदर उत्साह का माहौल देखा गया जहां मंगलवार की सुबह होलिका दहन किया गया। वही बुधवार सुबह से ही होली का रंग सभी के ऊपर चढ़कर बोल रहा था सभी एक दूसरे को अबीर, रंग, गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दे रहे थे। होली के उमंग को यादगार बनाने को लेकर प्रखंड के विभिन्न इलाकों में चौक चौराहों पर स्थानीय युवाओं की टोली के द्वारा डीजे लगाकर रंगो की होली खेली गई कई स्थानों पर मटका फोड़ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। उधर होली को लेकर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने गृह क्षेत्र मंगरा में अपने परिवार के सदस्यों और शुभचिंतक के साथ होली का त्यौहार मनाते हुए आपसी



भाईचारे और शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने का संदेश दिया वही प्रखंड के दूसरे क्षेत्रों मेंभी बुधवार पूरे दिन होली का त्यौहार पुरे हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। दूसरी ओर जीप सदस्य सन्तोषी शेखर ने परिवार के सदस्यों के साथ क्षेत्र में घूम कर दी देर शाम तक होली की बधाई दी और बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया।

होली में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस रही मुस्तेद। होली और शबे बरात को लेकर जिले के उपायुक्त और पुलिस कप्तान के निर्देश पर पुलिस टीम पूरी तरह से अलर्ट मोड पर थी जहां थाना क्षेत्र के सभी इलाकों में पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जिसके कारण होली के अवसर में कही से किसी अप्रिय घटना की समाचार नहीं है।

वही इस दौरान पुलिस जवानों के साथ बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने पुरे थाना क्षेत्र में घूम-घूम कर पुलिस के अधिकारी जवानों के साथ-साथ आम लोगों को अबीर गुलाल लगाकर उन्हें होली की बधाई देने के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने को लेकर आभार व्यक्त किया।

## चंदवा में सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनी शब-ए-बरात व होली

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
प्रखंड क्षेत्र में शब ए बारात व होली सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गई इस दौरान कहीं से भी किसी प्रकार के अप्रिय घटना की सूचना नही मिली है।
मंगलवार को ही मुस्लिम समुदाय के द्वारा शब ए बारात को लेकर विशेष रूप से तैयारी की गई थी त्योहार को देखते हुए मस्जिदों की विशेष रूप से साफ सफाई की गई थी रातभर जागकर अकीदतमंदों ने खुदा की इबादत की और क्षेत्र में अमन चैन व खुशहाली को लेकर दुआएं मांगी।
होली में खूब उड़े अबीर गुलाल प्रखंड में होली का त्योहार धूम धाम से मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को जमकर अबीर गुलाल लगाए। मंगलवार शाम से ही शहर समेत अन्य क्षेत्रों में पूरे विधि विधान के साथ जगह जगह होलिका दहन किया गया
बुधवार सुबह से ही युवाओं की टोलियां शहर में कुर्ता फाड़ होली खेलते हुए देखे गए युवा वर्ग के बीच कुर्ता फाड़ होली खेलने की होड़ मची हुई थी सभी ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई भी दी। दोपहर बाद पुनः लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हुए नजर आए। शब-ए-बारात व होली एक साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो जाने के पश्चात प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसके लिए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता बीडीओ विजय कुमार पूरी तरह से मुस्तैद दिखे पुलिस के जवान शहर समेत अन्य क्षेत्रों में लगातार गश्त करती नजर आई विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस बल के जवान तैनात थे। हालांकि इस बीच चंदवा प्रखंड के मालहन गांव में होली के दिन दो समुदाय के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था जिसे प्रशासन ने समय रहते काबू कर लिया।

### आपसी एकता व भाईचारे के साथ रंगों का पर्व होली शान्ति पूर्ण सम्पन

## शास्त्री चौक में हिंदू महासभा ने किया मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन, विजेता हुए सम्मानित

### मटका फोड़ प्रतियोगिता का विजेता ग्राम ओरसा के युवा लड़के रहे

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
महुआडांड़ में एक बार फिर आपसी एकता और भाईचारे के साथ रंगों का पर्व होली पुरे हर्षोल्लास के साथ सम्पन हो गया। जहां होली के पर्व में जात धर्म के बंधन को भूल के सभी लोगों ने होली का पर्व मनाया वही होली की शान्ति व्यवस्था को लेकर एसडीपीओ राजेश कुजूर के निर्देशानुसार महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव अपने दलबल के साथ गश्ती में मुस्तैद रहे। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी गुरुवार को स्थानीय शास्त्री चौक मे हिन्दू महासभा एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मटका फोड़ प्रतियोगिता के विजेता को हिन्दू महासभा की ओर से पुरूस्कार मे प्रोत्साहन स्वरूप खस्सी पुरस्कार में दिया गया। मटका फोड़ प्रतियोगिता मे ग्राम चुटीया, शाहपुर, परहाटोली, उदालखांड़, बेलवार, ओरसा, जरहाटोली, सरना कल्ब महुआडांड, गुड़गुटोली, पुटरूंगी एवं महुआडांड ग्राम के युवकों ने भाग लिया। मटका फोड़ प्रतियोगिता का विजेता ग्राम ओरसे



के युवा लड़के रहे। जिसे मुख्य अतिथि महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महुआडांड कार्यपालक दण्डाधिकारी जितेन्द्र कुमार, बीडीओ अमरेन डांग, थाना प्रभारी आशुतोष यादव, एसआई संजय रतन, जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, डा. ए. के. शाह के द्वारा पुरूषकार देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रतियोगिता मे शामिल होने वाले प्रतिभागीयों एवं बेस्ट डांस करने वाले को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया।

इससे पूर्व आगंतुक अतिथियों को हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के द्वारा शाल ओड़ाकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, बजरंग दल के पलामू प्रमंडल के विभाग संयोजक सुरज साहू, संजय जायसवाल, संजय राय, राकेश कुमार गुप्ता, मनोज जायसवाल (किराना), अवधेश जायसवाल, आदि पदाधिकारीगणों का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम मे उपरोक्त पदाधिकारीयों के अलावे भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भानु प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद, आदि समेत हजारों की भारी संख्या मे पुरे प्रखंड के लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाये।

### मनिका में होली धूमधाम के साथ हुआ संपन्न

**मनिका।** समेत ग्रामीण क्षेत्रों में होली का पर्व धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। होली के त्यौहार को लेकर बच्चों युवाओं और बुजुर्गों में काफी उत्साह देखा गया और लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। होली के त्योहार को लेकर आज बुधवार कि सुबह से ही लोगों में काफी खुशी देखी गई और विभिन्न टोलियो में बटकर डीजे और गाजे बाजे के धुन पर थिरकते नजर आए। वही होली के त्यौहार को लेकर मनिका के कई जगहों में होली मिलन कार्यक्रम सह कीर्तन कार्यक्रम संपन्न हुआ जहां पर लोगों ने गाजे-बाजे के धुन पर खूब थिरकते नजर आए।

## बालूमाथ : होली में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन

### होली और शब ए बरात शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
रंगोत्सव का त्योहार होली को लेकर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मटका फोड़ प्रतियोगिता में संबंधित ग्राम क्षेत्र के काफी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसके तहत बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के बेसिक स्कूल के समीप सत्यहारनी नगरी मोहल्ले में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुरुष व महिला वर्ग के लिए अलग-अलग मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें दर्जनभर प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें महिला वर्ग से बबीता देवी ने इस मटका फोड़ प्रतियोगिता में अपना विजय हासिल किया जबकि पुरुष



वर्ग में आनंद कुमार उर्फ गिरधारी ने मटका फोड़ने में सफलता प्राप्त की जिसे आयोजन समिति द्वारा नगद राशि पुरस्कार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। वही मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के आरा ग्राम समेत विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भी आयोजित की गई और विजय प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बालूमाथ में आयोजित मटका फोड़ प्रतियोगिता को लेकर अजीत कुमार (पत्रकार) विजय कुमार, छोटू कुमार, पिंटू कुमार, अजय कुमार, भोला साव समेत कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभा कर कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराया। वहीं युवक-युवतियों ने डीजे के बीट पर डांस करते हुए खूब रंग और गुलाल उड़ाए। बता देंगे होली और शब-ए-बरात त्यौहार को लेकर को लेकर स्थानीय पुलिस क्षेत्र में भ्रमण सील रही। कोई असामाजिक तत्व शांति भंग ना करें जिसके लिए जगह-जगह पर पुलिस तैनात भी दिखाई दी।

## आयोजन

### कवि सम्मेलन सह सेमिनार सम्पन्न

# कवियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
लातेहार ईचाक के हयात एकेडमी के वर्षगांठ के अवसर पर के० एच० सोसाईटी के तत्वाधान में कवि सम्मेलन सह सेमिनार का आयोजन रविवार रात्री में शुरू हुई जो सोमवार अहले सुबह संपन्न हो गया। इसमें देश भर से एक दर्जन सहित्यकार लेखकगण तथा 17 कवियों का आगमन हुआ।

सभी लेखकों ने वर्तमान में उठ रही सामाजिक शैक्षणिक एवं संस्कृतिक समस्याओं तथा उनके निराकरण जैसे विषयों पर शिर्षक दिए गये विषय वस्तु पर लेख प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दुसरे चरण में कविगण अपनी कविताएं, नजम, गजल, प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दारैन अकेडमी टाटा



नगर के निदेशक मुफ्ती अब्दुल मालिक मिस्बाही ने किया।

सेमिनार में भग लेने वालों में मुख्य रूप से- मुफ्ती अब्दुलमालिक मिस्बाही, मुफ्ती शबिर सहर कादरी सपांदक, फैजाने सैय्यद दुल हिन्द औरंगाबाद विहार, डॉ० नबील अख्तर, मुफ्ती मोकिम रजा बलरामपुर, मुफ्ती मोहिब रजा हजारीबाग, मौलान शोएब रजा हन्फी गोडा, मौलाना आशिफ जमाल मिस्बाही छत्तीसगढ़, मौलना मुश्ताक अहमद जेयाई एवं मौलाना मुफ्ती मुदस्सीर अमजदी लातेहार, मुफ्ती मुहसिन अमजदी एवं मुफ्ती मोजीबुल्लाह रिजवी डालटनगंज आदि तथा कविगण में एम जे अजहर मेदनीनगर, सब्बिर सहर औरंगाबाद, डॉ० इनतखाब असर पलामू, डॉ० अमिन रहबर हाई स्कूल बारेसाढ, नसीम अखतर ताज रांची, अशअर नुरानी पोखरी कला मेदनीनगर, अब्दुल वासित अजंउम हैदरनगर, फैजान रजा नाजिश रांची, खुर्शिद तल्हा लातेहार, सरफराज रहबर, अब्दुल मन्नान कलामी मेराज अहमद शामिल हुए। प्रस्तुतिकरण के बाद उन्हें प्रशस्ति पत्र से सम्मानित भी किया गया। गुलाम जाबिर हैदर ने अकेडमी का ताआरुफ कराया। के०एच० सोसाइटी के अध्यक्ष समशुल होदा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला तंजीम उलेमाए अहले सुन्नत के सरपरस्त मो० बरकतुल्लाह रिजवी ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में सैंकड़ों उलेमा और हजारों आवाम ने भाग लिया।

अंत में क्षेत्र और देश की सलामती के लिए दुआ के साथ कवि सम्मेलन सम्पन्न हो गया।

### छिटफुट घटनाओं के बीच जिले में होली का त्योहार संपन

# रंगो के उल्लास ने मिटा दिया वैमनस्य

**नवीन मेल संवाददाता।**
**चतरा/पत्थलगड़ा/इटखोरी**
जिला मुख्यालय सहीत मयूरहंड, प्रतापपुर, कुंदा, गिद्धौर, सिमरिया, पत्थलगडा, टंडवा व इटखोरी आदि प्रखंडों में होली पर्व धुमधाम से मनाया गया। बुधवार को राग, रंग और उमंग का महापर्व होली संपूर्ण जिले में छिटफुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। होली के इस महापर्व को लेकर लोगों ने उच्च-नीच, गरीबी-अमीरी सभी भेदभाव को भुलाकर उल्लास, उमंग और खुशी के साथ एक दुसरे से गले मिल कर रगं व अबीर लगा गले मिलकर होली की एक दुसरे को बधाई दी। चारो ओर रंगों के फवारे और अबीर की खुशबु इस बार सोमवार से बुधवार तक उड़ती रही। एक दुसरे को होली की शुभकामना देने, खाने-खिलाने का दौर भी खूब चला। इससे पूर्व



मंगलवार के अहले सुबह बुराई और उत्पीडन की प्रतीक होलीका का दहन भी लोगों ने उत्साह के साथ किया। शहर में दर्जनों स्थानों के अलावे जिले के प्रायः सभी गांवों में पारंपरिक तरीके से होलिका दहन किया गया। पत्थलगडा थाना परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पहुंचे पंचायत प्रतिनिधियों व गणन्य लोगों को रंग व गुलाल लगाकर थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह, एएसआई रविंद्र कुमार सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों ने होली की बधाई दी। वहीं टंडवा व इटखोरी आदि थाना परिसर में भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के संवेदन शिल स्थानों पर पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी तैनात किए गए थे। इसके अलावे पुलिस पार्टी समय-समय पर क्षेत्र में मार्च करती रही। कुल मिलाकर ग्रामीण क्षेत्रों में छोटी-मोटी घटनाओं को छोड़कर रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण संपन हो गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में युवती सहित दो व्यक्ति घायल

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा चौक के समीप सड़क दुर्घटना में युवती सहित दो व्यक्ति घायल हो गये। सभी घायलों को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस पहुंच क्षतिग्रस्त वाहन को जब्त करते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई।

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के तोड़ार पखन टोली निवासी स्वर्गीय मोहन भगत के पुत्र आनंद भगत के घर से शनिवार रात को अज्ञात चोर द्वारा बाइक चोरी का घटना को अंजाम दिया गया था। जिसको लेकर आनन्द भगत द्वारा सेन्हा थाना में अर्जी दिया गया था और अपने तथा परिवार के मदद से चोरी बाइक पल्सर आरएस 200 का पता लगाने में जुटा हुआ था। वही मंगलवार को आनन्द भगत के परिवार को सूत्रों से प्राप्त हुआ कि बाइक डीएल 3 एसडीएल 7142 पल्सर आरएस 200 पिला रंग का लोहरदगा मैना बगीचा में खड़ा है। तभी ग्रामीणों की मदद लेते हुए चोर को बाइक के साथ पकड़ स्थानीय पुलिस को सूचना दिया गया। लोहरदगा मैना बगीचा में चोरी बाइक के साथ चोर पकड़े जाने की सूचना पर सदर पुलिस त्वरित कारवाई करते हुए बाइक को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### बिजली करंट लगने से युवक घायल

**केरसई।** थाना क्षेत्र के बाघडेगा दुलाटोली निवासी अंकुर तिर्की बिजली करंट लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया।युवक का पीठ और हाथ जल गया है,वहीं कपड़ा के चिथड़े उड़ गए। जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि युवक मानसिक रूप से कमजोर है वह पोल में चढ़ गया था इसी क्रम में बिजली का करंट लगा। ग्रामीणों ने केरसई प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि को सूचना दी। सूचना मिलते ही सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने 108 में बात कर एंबुलेंस उपलब्ध कराया एवं सदर अस्पताल इलाज के लिए भेजा।

### जय श्री राम समिति के सदस्य ने किया रक्तदान

**गुमला।** जय श्री राम समिति के सदस्य ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए एक मरीज को खून देकर उसके इलाज में मदद की। जानकारी के अनुसार पालकोट दमकारा निवासी सुदामा सिंह की पत्नी रेशमा देवी सदर अस्पताल गुमला में इलाजरत थी। जिसे डॉक्टर ने खून की कमी बताई। परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किए। समिति ने तत्काल पहल कर समिति के सदस्य सह घाघरा के प्रसिद्ध हापामुनि स्थित मां महामाया के पुजारी निलेश पाठक ने गुमला जाकर एक यूनिट ब्लड देकर मरीज की जान बचाई। इस पुण्य कार्य के लिए मैं समिति का आभार व्यक्त करता हूं। मौके पर भरत कुमार मिश्रा समेत आदि लोग मौजूद थे।

### चौकीदार के निधन पर सीओ समेत विभिन्न संगठनों ने जताया शोक

**कुडू।** कुडू थाना क्षेत्र के कुंदगड़ा गांव के रहने वाले चौकीदार गणेश उरांव की बीते शाम करीब 7:30 बजे अचानक निधन हो गया। उनकी पत्नी प्रखंड प्रमुख मुन्नी देवी ने जानकारी देते हुए कहा 8 मार्च को दिन भर ठीक-ठाक थे और साथ में होली भी खेले, लेकिन शाम होते-होते अचानक 7:30 बजे गणेश उरांव की तबियत खराब हो गया। जब तक हमलोग कुछ कर पाते, गणेश उरांव का निधन हो गया। चौकीदार एक बहुत ही अच्छा स्वभाव और मिलनसार व्यक्ति थे। उनके निधन से गांव और आसपास के गांव के लोग तथा जिले के चौकीदार काफी मर्माहत हैं। गुरुवार को उनका दाह संस्कार 2:00 बजे गांव के श्मशान घाट पर किया गया। जिसमें काफी संख्या में कई गणमान्य व अन्य लोग उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया होली का त्योहार, चारों ओर उड़े रंग और गुलाल





**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

रंग, गुलाल और अबीर से एक- दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली बुधवार को पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर रहे थे। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े,जवान सभी होली की मस्ती में थे। बुधवार को पूरे जिले में होली का त्योहार धूम धाम से मनाया गया। छिटपुट घटनाओं को छोड़ पूरे जिले में होली शांतिपूर्ण रहीं। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जिले में होली की उमंग सोमवार से ही दिखने लगा था। सोमवार की रात होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे थे। सुबह होते- होते लोग होली की मस्ती में डूब गए। बच्चों की मस्ती तो मंगलवार सुबह से ही दिखने लगी थी। होली है होली है की गूंज हर गली, हर मुहल्ले में गूंजने लगी। बच्चे सुबह होने का इंतजार करने लगे। बुधवार की सुबह मौसम में ठंडापन था, लेकिन यह ठंडापन बच्चों के उत्साह को रोकने में विफल रहा। यहीं हाल आमजनों का भी रहा। सुबह 10 बजे के बाद हर कोई होलियाना मुड में नजर आ रहा था। होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे की धून पर लोगों का जो थिरकना शुरू हुआ वह दोपहर तक जारी रहा। सड़क पर मतवालों की टोली चल रही थी जिनका काम हर आने जाने वालों को रंगों से सराबोर करना था।

गांव हो या शहर हर जगह होली की उमंग और उत्साह एक समान था। बच्चे सुबह से ही रंग, पिचकारी लेकर घर से निकल गए और अपने हम उम्र साथियों के साथ होली के आनंद में मशगूल हो गए। युवाओं की भी अपनी अगल महफिल जमीं थी। यह नजारा मुहल्ले के हर कॉलोनी, गली और चौक चौराहे पर दिख रहा था। महिलाओं की टोली भी किसी से कम नहीं थी। घर की छत या अपार्टमेंट की छत पर महिलाओं की महफिल जमी थी। पुरूषों की तरह महिलाओं ने भी होली का आनंद उठाया। सभी एक- दूसरे को रंगने में जुटी हुई थी। होली में लजीज व्यंजनों के बिना त्योहार अधूरा माना जाता है। होली में चिकन, मटन की डिमांड काफी बढ़ जाती है। इस बार बुधवार होने के कारण अधिकांश घरों में चिकन और मटन की व्यवस्था थी। मटन, चिकन के साथ पुआ, कांजीबड़ा, दहीबड़ा भी बनाया गया था। होली की बधाई देने वालों की भी कमी नहीं थी। समूह में बंट कर लोग एक-दूसरे के घर पहुंचने और गुलाल लगा कर एक- दूसरे को होली की बधाई दी। बधाई देने का क्रम देर शाम तक जारी रहा। होली को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजार किया गया था। सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल को तैनात किया गया था।

### एसपी ने पुलिस जवानों के साथ मनाई होली

**इधर** एसपी सौरभ कुमार ने भी होली के अवसर पर अपने पुलिस अधिकारियों और जवानों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर सदर थाना के पुलिसकर्मी एवं एसपी कार्यालय में कार्यरत कर्मी उपस्थित थे। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली कि शुभकामनाएं दीं। मौके पर सभी ने लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया।

# गांव से शहर तक छाया होली की मस्ती का रंग

## फाग के राग और रंग-गुलाल के साथ शांतिपूर्वक मनी होली



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

रंगों का पर्व होली फाग के राग और रंग-गुलाल के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हो गयी। गांव से शहर तक पर्व की मस्ती का रंग छाया रहा। उड़ते अनेक रंगों के बीच होली एकता के रंग में सभी को रंग गयी। गांव से शहर तक रंगों के पर्व होली के रंग में पूरी तरह रंगा रहा। मस्ती और जश्न के बीच लोगों ने पर्व को मनाया। सुबह से ही होली का रंग लोगों पर चढ़ गया ओर शाम होते होते पूरा माहौल रंगों से सराबोर हो गया। बच्चे तो सुबह से ही रंग-गुलाल और पिचकारियां लेकर जहां गलियों में निकल गये, वहीं बुजुर्ग भी पीछे नहीं रहे। बच्चों ने एक दूसरे को रंग से सराबोर किया, तो बुजुर्ग ने भी गुलाल लगा कर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी तथा गले मिल कर गिले-शिकवे दूर किये। सड़कों पर कहीं होली गीत, तो कहीं डीजे पर बजते होली गीत पर युवा थिरकते रहे। लोगों ने दोस्तों, रिश्तेदारों और परिवार के साथ होली मनायी। महिला हो या पुरुष, युवा हों या बुजुर्ग, सुबह से शाम तक एक दूसरे पर गुलाल डालते और रंग फेंकते नजर आये। होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा, जोगीरा सारा रा रा जैसे पारंपरिक गीत से सराबोर रहा। टीवी के प्रोग्राम हों या डीजे की धुन, गांव से गुजरते बुजुर्ग या युवाओं की टोली हो चाहे महिलाएं, हर तरफ होली के पारंपरिक गीत गूंजते रहे। आधुनिकता की दौर में भले ही फाग के राग अलापनेवालों की संख्या कम हुई है, लेकिन हमारी संस्कृति का विलोप नहीं हुआ है। इस होली को भी ढोलक की थाप और झाल-मंजीरा की धुन पर पारंपरिक होली गीत गूंजते रहे।

भर फागुन बुढ़उ देवर लागस गीत पर झूमे लोग।।।

भर फागुन में बुढ़उ देवर लागस, परंपराओं से चले आ रहे इस होली गीत का क्रेज आज भी बरकरार है। विभिन्न गांवों में बजते इस होली गीत ने न सिर्फ उम्र के फासले को मिटाते हुए समरसता का संदेश दिया बल्कि उम्र की सीमा समाप्त हो गयी थी। बूढ़े हों या जवान, सबकुछ भुला कर एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाते रहे। फाग का रंग युवाओं के सिर चढ़ कर बोल रहा था। डीजे की धुन पर बजते होली गीतों पर युवाओं की टोली थिरकती रही। शहर हो या गांव, हर जगह इस बार डीजे की युवाओं ने विशेष व्यवस्था की थी। ठेले पर लदा डीजे साउंड और पीछे-पीछे युवाओं की थिरकती टोली ने गांव की गलियों से लेकर सड़कों तक न सिर्फ पर्व के जश्न और अपनी मस्ती का इजहार किया बल्कि एकता का संदेश भी दिया। हाइटेक जमाने का होली भी हाइटेक रहा। इस बार व्हाट्सएप और फेसबुक भी होली पर्व के अवसर पर पूरी तरह फाग के रंग में रहा। धूल खेल हो या रंग लगाने की बारी, गुलाल उड़ रहे हो या डीजे पर युवाओं की थिरकन, पल-पल की मस्ती के रंग का सचित्र संदेश व्हाट्सएप और फेसबुक पर वायरल होता रहा।

### सेन्हा में उमंग और उल्लास के साथ मनाई गई होली



**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र में उमंग व उल्लाष के साथ सम्पन्न हुआ रंगों का पर्व होली। सेन्हा प्रखंड मुख्याल से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में सभी लोग होली के मौके पर रंगों में सराबोर हुए। जगह-जगह पर रंग, अबीर और गुलाल उड़ाया गया। वही बच्चे व जवानों ने जमकर बम पटाखा फोड़ कर आतिशबाजी करते हुए होली मनाय। प्रखण्ड क्षेत्र में लगातार तीन दिन तक रंगों का त्योहार होली मनाया गया। वही प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत के बरही में लोगों द्वारा ढेला मार होली मनये गया। जिसकी शुरूआत गण्यमान्य लोगों द्वारा गाँव के नये दमादों का अवगत समारो के साथ प्रारम्भ हुआ।इस बार पूर्णिमा दो दिन होने के वजह से अधिकाशं जगहों पर सोमवार मध्य रात्रि में होलिका दहन किया गया। छिट पुट जगहों में कही कही मंगलवार को भी होलिका दहन किया गया। जिस वजह से सभी प्रखंड क्षेत्र के सभी जगह बुधवार को रंगों का पर्व होली उमंग व उल्लास से मनाया गया। सुबह में सभी लोगो ने घर और मन्दिर में पूजा अर्चना करने के उपरान्त एक दूसरे पर रंग, अबीर, गुलाल लगाकर होली की शुभकामना देते नजर आये। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और जवान सभी होली के रंगों में रंगकर काफी उत्साहित दिखाई दे रहे थे। वही होली में रंगों के साथ साथ पुआ पकवान और मिठाई लुफ्त उठा रहे थे। ग्रामीण क्षेत्र में लोग डीजे के धुन और ढोल, नगाड़ा पर होली गानों पर संगीत के साथ नाचते झूमते दिखाई दिये। वही कई जगहों पर मटका फोड़ कार्यक्रम के अलावे छोटे बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। होली पर्व को लेकर मिठाई और रंग,अबीर,गुलाल का जमकर बिक्री हुआ। कही कही खस्सी मिट का भी बिक्री करते नजर आये। होली के अवसर पर सोमवार सुबह से लेकर बुधवार शाम तक उत्साह देखा गया। सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग,अबीर लगाकर होली का त्योहार बहुत ही उमंग व उत्साह से मनाया। वही बच्चों ने पिचकारी में रंग भर भर कर उत्साह से रंग खेल कर होली का उत्सव मनाया जिसे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। बड़ों ने भी रंग खेलकर होली मनाया। एक दूसरे को बधाई दिया। वही त्योहार के दौरान किसी तरह का हुड़दंग या झगड़ा झंझट न हो जिस के लिये प्रशासन की ओर से सुरक्षा का व्यापक इन्तिजाम किया गया था। प्रखंड क्षेत्र में जगह जगह पुलिस बल की तैनाती किया गया था। जिसे शांति व सौहार्द के साथ प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली सम्पन्न हुआ। कही से किसी तरह का कोई अप्रिय घटना की सूचना नही मिली।

### कैरो में होली और शब-ए-बारात हर्षोल्लास से मना

### कैरो मंदिर के सामने पहली बार मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन

**कैरो।** रंगों का त्योहार होली व इबादत का त्योहार शब-ए- बरात प्रखंड क्षेत्र में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जहां एक ओर मुस्लिम समुदाय के लोगो द्वारा मंगलवार की रात्रि रात भर विभिन्न मस्जिदों व अपने अपने घरों में अल्लाह की इबादत की गई लोग रात भर नमाज,कुरान की तिलावत, जिक्र दुआ आदि में मशगूल रहे वहीं आखिर रात में कब्रिस्तानों पर पहुंचकर दुआ की। दूसरी ओर सनातन धर्मावलबियो के द्वारा विधिवत होलिका दहन की गई। मंगलवार को कैरो मंदिर के सामने पहली बार मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।बुधवार सुबह से एक दूसरे पर रंग लगाने का सिलसिला सुरु हो गई कुछ लोग टोली बना बना कर ढोल मजीरा ,तो कुछ लोग साउंड लगाकर होली गीतों पर थिरकते हुए रंग गुलाल लगाया।दोपहर बाद कैरो में परंपरा के अनुसार लोगो भंडार बारी तक गए और डोल टांड़ पहुंचकर एक दूसरे को जमकर अबीर लगाए और डोल टांड़ में विधिवत पूजा अर्चना कराई गई। ज्ञात हो कि कैरो में होली के दिन ही फूलडोल लगाया जाता है और होली के पांचवे दिन डोल मेला का आयोजन किया जाता है जहां पर विधिवत पूजा अर्चना व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है।

### होलिका पूजन को लेकर महिलाओं व बच्चों का लगा रहा तांता, धू-धू कर जली होलिका

**लोहरदगा।** सुबह से ही होलिका पूजन के लिए महिलाओं और बच्चों का तांता लगा रहा। होलिका दहन की शाम होते ही विभिन्न गांवों में होलिका धू-धू कर जल उठी। पूरे दिन युवाओं की टोली ने लकड़ी एवं अन्य जलावन निर्धारित स्थल पर जमा किया और शाम में होलिका जलाने का क्रम शुरू हो गया। महिलाएं आकर्षक थाल लेकर उसमें होली से संबंधित सामग्री को लेकर अपने बच्चों के साथ पूजन के लिए निकलीं। महिलाओं के संग बच्चे गले में बेर, गोला, टुआरे, होली हार को डाले बड़े ही आकर्षक लग रहे थे। होलिका जलाने से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की गयी। युवाओं ने होलिका दहन पर जमकर जश्न मनाया। उधर रंगों पर्व होने के कारण बच्चों एवं युवाओं ने रंग गुलाल आदि की जमकर खरीदादारी की। इस अवसर पर ढोल की थाप पर होली गीत भी गूंजते रहे। होलिका दहन को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क रहे।

### चैनपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

## महिला तू फूल नहीं चिंगारी है : मेरी

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बुधवार को चैनपुर प्रखंड के जनावल पंचायत के डोकापाठ पारिस में ग्राम उत्थान समिति के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चैनपुर जिला परिषद मेरी लकड़ा व विशिष्ट अतिथि गुमला डायसिस के प्रशंसक फा. लीनुस पिंगल एक्का उपस्थित है। साथ ही फ्रांश से आए मेहमान ग्राम उत्थान के संस्थापक फा. डेवरावर की दो परपोती भी उपस्थित थे जो भारत भ्रमण के दौरान गुमला आई हुई हैं। इस दौरान पुरुषों के द्वारा महिलाओं के सम्मान में सुंदर गीत प्रस्तुत करते हुए उपस्थित महिलाओं का स्वागत किया गया। जिसके बाद डोकापाठ पारिस के फा. इंचार्ज फुलजेन्स सोरेंग ने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी महिलाओं एवं अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने शपथ के रूप में खड़े होकर भारत के संविधान को दुहराया। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जिप सदस्य मेरी लकड़ा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिला तू फूल नहीं चिंगारी है। आज महिला पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपने परिवार समाज और देश के विकास में सहयोग कर रही है। महिला आज हर क्षेत्र में राष्ट्र के महत्वपूर्ण पदों पर विराजमान है। बदलते परिवेश में महिलाओं को अपने आपको पहचानना चाहिए। इस दौरान ग्राम उत्थान की महिलाओं को अपने शुभकामनाओं के साथ उनमें उत्साह प्रदान करते हुए कहा कि महिलाओं में वह शक्ति है जो पुरुषों में नहीं है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि फा. लीनुस पिंगल एक्का ने नारी शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि महिला समाज की वो आईना है जो अच्छी शिक्षा के साथ परिवार व समाज में परिवर्तन ला सकति हैं। अपने अधिकारों को अधिक से अधिक ज्ञान समझ कर देश हित में आगे बढ़ सकती है। इस दौरान खेल नाच-गान की प्रतियोगिता की गई जिसमें छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जीसेलपीएस की दीदी नीलम, नीलिमा, किरण, कांति सहित अन्य लोगों ने अहम भूमिका निभाई।

## जमीन विवाद में एक की हत्या, हत्यारा गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पेशरार थाना क्षेत्र में रंगोत्सव का त्योहार होली के दिन जमीन विवाद में एक 26 वर्षीय युवक की हत्या हो गई। मृतक की पहचान पेशरार थाना से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित ओनेगड़ा गांव के रहने वाले बरतीया उरांव के पुत्र जुगेश उरांव के रूप में किया गया है।युवक की हत्या किये जाने की सूचना दूसरे दिन सुबह करीब 6:45 बजे पेशरार थाना पुलिस को दी गयी। तत्पश्चात पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारे पति पत्नी को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली ने बताया कि पेशरार थाना क्षेत्र के ग्राम ओनेगड़ा में दो परिवार वालों बरतीया उरांव और बिलेश्वर उरांव के बीच पूर्व से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था बीते 7 मार्च को रात्रि करीब दस बजे बिलेश्वर उरांव और उसकी पत्नी कलावती उरांव के द्वारा बरतीया उरांव के पुत्र जुगेश उरांव को लाठी डंडा और रड से मारकर अधमरा कर दिया गया। थोड़ी देर के बाद युवक की मौत हो गई। थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली ने बताया कि इसे लेकर पेशरार थाना कांड संख्या 01/023 धारा 302, 34 दर्ज कर आरोपी पति पत्नी को गिरफ्तार कर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में मंडल कारा लोहरदगा भेज दिया गया।

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा 18-19 मार्च को सिमडेगा में

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय स्थित जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक के अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक किया गया जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू ने बताया कि इस बैठक में मुख्य रूप से माननीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का 18 एवं 19 मार्च 2023 को सिमडेगा आना सुनिश्चित हुआ है। इसी के तहत माननीय केंद्रीय मंत्री का दो दिवसीय सिमडेगा दौरा को लेकर विचार विमर्श एवं कार्यक्रमों का रूपरेखा तय किया गया और सिमडेगा जिला में सांसद खेल प्रतियोगिता कराना भी सुनिश्चित हुआ है इसको लेकर भी सफलतापूर्वक प्रत्येक प्रखंड में खेल कराने को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्ग विजय सिंह देव, जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, जिला महामंत्री दीपक पुरी ,जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू, जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष मनोज साय,नगर अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सादगी व सौहार्द से मना शब-ए-बरात का त्योहार



**सेन्हा।** सादगी और सौहार्द के साथ मनाया गया शब-ए-बारात का त्योहार। प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को अरु, चितरी डांडू, सेरेंगहातु, कल्हेपाट, झखरा, सेन्हा, अरु बांधटोली, तोड़ार सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी जगहों पर मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा सादगी और सौहार्द से शब-ए-बरात का त्योहार मनाया गया। सभी लोगों ने मिल कर मस्जिदों में नमाज पढ़कर क्षेत्र की खुशहाली और अमन चैन के क्लिय दुवा मांगे वही महिलाओं द्वारा रात को जागकर घर मे इबादत किया गया। दूसरे दिन सुबह से शाम तक रोजा रखा गया। साथ ही रातों में अपने कब्रस्तान में जाकर अपने पूर्वजों के लिये दुआ मांगा गया। मौके पर शौकत अन्सारी, दस्तगीर अन्सारी, इम्तियाज अन्सारी, गुजरात खान, तबारक अन्सारी, मुस्ताक अहमद, अशरफुल अन्सारी, कयामुद्दीन अन्सारी सहित सभी जगहों पर सैकड़ो मुस्लिम धर्मावलंबियों के लोग उपस्थित थे।

### मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर केंद्राधीक्षक के साथ की बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2023 को लेकर समाहरणालय सभागार में आवश्यक बैठक सभी केंद्राधीक्षकों के साथ आयोजित हुई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 14.03.2023 से झारखंड अधिविद्य परिषद, झारखंड, रांची द्वारा माध्यमिक (मैट्रिक) एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। माध्यमिक की परीक्षा 14.03.2023 से 03.04.2023 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा पूर्वाह्न 9.45 बजे से अपराह्न 1.05 तक संचालित होगी। माध्यमिक की परीक्षा में लोहरदगा जिला से 7700 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला में इसके लिए कुल 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इंटरमीडिएट (कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय) की वार्षिक परीक्षा इस वर्ष दिनांक 14.03.2023 से दिनांक 05.04.2023 तक लोहरदगा जिला के 11 परीक्षा के केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में लोहरदगा जिला के 4796 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का समय अपराह्न 2 बजे से 5.20 बजे अपराह्न तक निर्धारित है। उपायुक्त द्वारा सभी केंद्राधीक्षकों त्रुटिरहित व शांतिपूर्ण तरीके से दोनों परीक्षाएं आयोजित किये जाने का निदेश दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर एवं सभी केंद्राधीक्षक उपस्थित थे।

### मनोरंजन

### सिनेमाघरों में लोहरदगा फिल्म आज होगी रिलीज

## सच्ची घटना से प्रेरित फिल्म 'लोहरदगा'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड में पूरी तरह से बनी बहुप्रतिक्षित हिंदी फिल्म 'लोहरदगा' 10 मार्च को पूरे देश के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फि ल्म का इंतजार दर्शकों को वर्षों से थी। फिल्म के निर्देशक लाल विजय शाहदेव ने बताया कि यह उनकी पहली फिल्म है जिसे उन्होंने निर्देशित किया है। यह बहुत गर्व की बात है कि इस फिल्म में झारखंड के 100 से अधिक स्थानीय कलाकार हैं। फिल्म में संजय मिश्रा, विजय राज, अखिलेंद्र मिश्रा जैसे प्रतिभाशाली और जाने-माने कलाकार हैं, साथ ही रवि झंकल, दधी पांडे, नीतू पांडे, चारुल मलिक, हंसराज जगताप, सुमित भोक्से, ऋषि ठाकुर, रकीब अरशद, अशोक गोप, मधु रॉय, पंकज सिन्हा, विनोद सोनी, वर्षा लकड़ा, शिशिर पंडित, ओम प्रकाश, काका जी, चंदा कुमारी, प्रिया अंबष्ट प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में मुख्य किरदार को जीवंत किया है सर्वदमन ने जिनकी यह पहली फि ल्म है। सभी अभिनेताओं ने अपने किरदारों पर कड़ी मेहनत की है और अपने चरित्र को पर्दे पर जीवंत किया है। फि ल्म का कॉन्सेप्ट बीरेन्द्र पासवान की है जिसे लाल विजय शहदेव ने लिखा है। लोहरदगा और झारखंड




के पड़ोसी क्षेत्रों की सच्ची घटनाओं से प्रेरित, फिल्म 20 वर्ष की आयु के एक युवा देशभक्त लड़के मनु की यात्रा को दशार्ती है, जिसकी जीवन की महत्वाकांक्षा सेना में भर्ती होने की है। लेकिन वह एक गारंटीशुदा सरकारी नौकरी के लालच में एक एजेंट के जाल में फंस जाता है, जो उसे एक नक्सली के रूप में अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करने के बाद मिलेगा। कहानी इस बात के इर्द-गिर्द घूमती है कि क्या होता है जब मनु अन्य 19 युवा लड़कों के साथ नक्सली बनकर आत्मसमर्पण करने जाता है। गरीबी और बेरोजगारी से निराश आज का युवा गुमराह होकर नक्सली समूहों में शामिल होने के लिए उनका ब्रेनवाश किया जा रहा है। कुछ एनजीओ और अधिकारी शोहरत और पहचान पाने की उम्मीद में इस तरह के फर्जी सरेंडर करने की साजिश रचकर युवाओं की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। यह फिल्म उन भटके हुए युवाओं को बचाने और उन्हें समाज की मुख्य धारा में वापस लाने का मिशन है। 'लोहरदगा' एक भावनात्मक थ्रिलर है जो न केवल गंभीर सामाजिक मुद्दों को दिखाती है बल्कि दर्शकों का मनोरंजन भी करती है। फिल्म की निमार्ता डॉ. नेहा शांडिल्य ने कहा कि फिल्म की कहानी दिल को छूती है और दर्शक इसकी कहानी से तुरंत जुड़ जाएंगे। देहाती पृष्ठभूमि में पात्रों के यथार्थवादी चित्रण के माध्यम से निर्देशक की दृष्टि जीवित हो गई है क्योंकि कहानी एक मनोरम गति से सामने आती है। संजय मिश्रा और विजय राज की जोड़ी का शानदार प्रदर्शन दर्शकों को खूब रास आने वाला है। सभी कलाकारों ने अपने किरदारों को पूरी शिद्दत से निभाया है।

# 22 वंदे भारत ट्रेनों का निर्माण करेगा टाटा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगले एक साल में देश की सबसे तेज और सुविधाओं से संपन्न वंदे भारत भारत एक्सप्रेस की 22 ट्रेनों का निर्माण टाटा स्टील करेगा। भारतीय रेलवे की ओर से इसे लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर हुआ है। अगले दो साल में रेलवे ने 200 नई वन्दे भारत ट्रेन तैयार करने का लक्ष्य रखा है। जानकारी के अनुसार रेलवे 2024 की पहली तिमाही तक वंदे भारत ट्रेन के पहले स्लीपर संस्करण को शुरू करने का लक्ष्य बना रहा है। ऐसे में ट्रेन के निर्माण कार्य को गति देने के लिए भारतीय रेलवे और टाटा स्टील के बीच कई योजनाओं पर करार हुआ है। वंदे भारत एक्सप्रेस में फर्स्ट क्लस एसी से लेकर थ्री टीयर कोच में लगने वाली सीटें अब टाटा स्टील कंपनी की ओर से तैयार किया जाएगा। रेलवे की ओर से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के एलएचबी कोच बनाने का ठेका भी टाटा स्टील को ही दिया गया है। इसके तहत पैनल, विंडो और रेलवे के स्ट्रक्क र तैयार किए जा रहे हैं। योजना के तहत करीब 145 करोड़ रुपए का टेंडर फिलहाल भारतीय रेलवे ने वंदे भारत के रैकों के पाट्र्स के निर्माण के लिए टाटा स्टील को दिया है। यह काम 12 महीने में पूरा किया जाना है। इस कंपनी को वंदे भारत एक्सप्रेस की 22 ट्रेनों के लिए सीटें मुहैया कराने का भी ऑर्डर मिला है। टाटा स्टील के कंपोजिट डिवीजन ने वंदे भारत एक्सप्रेस की सीटिंग सिस्टम के लिए 145 करोड़ रुपये का बल्क ऑर्डर प्राप्त करने के बाद इस दिशा में काम करना शुरू कर दिया, जिसमें प्रत्येक ट्रेन सेट में 16 कोचों के साथ 22 ट्रेन सेटों के लिए पूर्ण सीटिंग सिस्टम की आपूर्ति शामिल है। इस संबंध में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (टेक्नोलॉजी एंड न्यू मैटेरियल्स बिजनेस) देबाशीष भट्टाचार्य ने कहा, इस ट्रेन की सीटें विशेष रूप से डिजाइन की गई हैं, जो 180 डिग्री तक घूम सकती हैं और इनमें विमान जैसी यात्री सुविधाएं हैं। यह 'भारत में पहली' तरह की यात्री सुविधाएं हैं। जिसे अगले 12 महीनों में निष्पादित कर दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार टाटा स्टील लगातार रेलवे में अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाने में लगा है। रेलवे से समन्वय के लिए अधिकारियों की भी पोस्टिंग की गयी है। टाटा स्टील को मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर में भी काम मिला है। टाटा स्टील ने रेलवे से कारोबारी समन्वय बनाने के लिए टाटा मोटर्स के डिप्टी जीएम अराधना लाहिरी को टाटा स्टील में न्यू मैटेरियल बिजनेस के रूप में प्रतिनियुक्त किया है। वे रेलवे बिजनेस प्रोजेक्ट के एग्जीक्यूशन का काम देखेंगे।

## एसबीआई ने बॉन्ड जारी कर 3,717 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चालू वित्तवर्ष में बुधवार को 8.25 प्रतिशत कूपन दर पर अपने तीसरे बेसल 3 अनुपालक एडिशनल टियर 1 बॉन्ड जारी कर 3,717 करोड़ रुपये जुटाए। बॉन्ड की आय का उपयोग अतिरिक्त टीयर 1 पूंजी और बैंक के समग्र पूंजी आधार को बढ़ाने और आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार पूंजी पर्याप्तता को मजबूत करने में किया जाएगा। इन बॉन्डों की अवधि 10 साल के बाद और उसके बाद प्रत्येक वर्षगांठ पर कॉल विकल्प के साथ स्थायी है। एसबीआई द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि इस मुद्दे ने 4,537 करोड़ रुपये की बोली के साथ निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त की और 2,000 करोड़ रुपये के आधार मुद्दे के मुकाबले लगभग 2.27 गुना ओवर सब्सक्राइब किया गया।

# जियो 490 करोड़ में मिमोसा नेटवर्क का अधिग्रहण करेगी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

नैस्डैक-लिस्टेड एयरस्पैन नेटवर्क्स और जियो प्लेटफॉर्म्स की सब्सिडियरी कंपनी रैडिसिस कॉर्पोरेशन ने एक एग्रीमेंट साइन किया है। एग्रीमेंट के तहत रैडिसिस डेट-फ्री, कैश-फ्री बेसिस पर मिमोसा नेटवर्क्स को 60 मिलियन डॉलर (करीब 491 करोड़ रुपए) में अधिग्रहित करेगी। एयरस्पैन ने कॉस्ट इफेक्टिव फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस नेटवर्क कनेक्शन को टारगेट करने के लिए 2018 में मिमोसा नेटवर्क को अधिग्रहित किया था। मिमोसा का जियो प्लेटफॉर्म्स के साथ ट्रांजैक्शन रेगुलेटरी शर्तों के अधीन है। इसके 2023 की तीसरी तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है। मिमोसा नेटवर्क्स के पास वाई फाई 5 और नई वाई फाई 6ए तकनीकों पर आधारित पॉइंट-टू-पॉइंट और पॉइंट-टू-मल्टी-पॉइंट प्रोडक्ट का पोर्टफोलियो है। इसके साथ ही ट्विस्ट ऑन एंटेना, पीओई इंजेक्टर जैसी इससे जुड़ी एसेसरीज है। जियो मिमोसा के प्रमुख ग्राहकों में से एक रहा है। रैडिसिस के अधिग्रहण के बाद भी मिमोसा के प्रोडक्ट डेवलपमेंट, मैन्युफैक्चरिंग और 56 कर्मचारियों की सेल्स टीम मिमोसा के साथ जुड़ी रहेगी। जियो के प्रेसिडेंट मैथ्यू ओमन ने कहा, 'मिमोसा का अधिग्रहण टेलीकॉम नेटवर्क प्रोडक्ट्स के प्रोडक्शन में जियो के इनोवेशन और लीडरशिप को और तेज करेगा। इससे कंज्यूमर को कॉस्ट-इफेक्टिव, रैपिडली डिप्लॉयबल फिक्स्ड और मोबाइल ब्रॉडबैंड मिलेगा। वहीं एयरस्पैन के चेयरमैन और सीईओ ने एरिक स्टोनस्ट्रॉम ने कहा, 'यह एयरस्पैन की बैलेंस शीट को मजबूत करेगा जिससे कंपनी 4जी और 5जी प्राइवेट और एमएनओ नेटवर्क को आगे बढ़ाने में सक्षम होगी। ये हमारा मुख्य फोकस रहा है। जियो ने अगस्त 2022 में अपने 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस सॉल्यूशन को अनवील किया था। इसे जियो एयरफाइबर कहा जाता है। इसके जरिए कंपनी 100 मिलियन घरों को टारगेट कर रही है। हालांकि, ये सॉल्यूशन अभी तक कॉमर्शियली अवेलेबल नहीं है। दूसरी रैंकिंग वाली भारती एयरटेल की भी देश में ग्राहकों को 5जी एफडब्ल्यूए सर्विस देने का प्लान है।

## विदेश

### हमला : एयरपोर्ट से 266 करोड़ चुराने की कोशिश नाकाम

# हमेले में गार्ड समेत 2 की हुई मौत



**एजेंसी। सेंटिआगो**

चिली के एक एयरपोर्ट से 266 करोड़ रुपए चुराने की हथियारबंद डकैतों की कोशिश नाकाम हो गई। अलजजीरा कि रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को चिली के आतुर्रू मेरिनो बेनिटेज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कई घंटो तक डकैतों और सिक्योरिटी ऑफिशियल्स के बीच मुठभेड़ चली। इसमें एक डकैत और एक गार्ड की मौत हो गई। सिक्योरिटी ऑफिशियल्स की जवाबी कार्रवाई को देखकर बाकी सभी डकैत भाग गए। दरअसल, चिले के एयरपोर्ट पर एक कीमती कार्गो आने की सूचना इन डकैतों को मिली थी। जिसके बाद इन्होंने उसे लूटने की योजना बनाई और हमला बोल दिया। तस्वीर में प्लेन पर लगी गोलियों को देखा जा सकता है। तस्वीर में प्लेन पर लगी गोलियों को देखा जा सकता है। चिली के बैंकों में बांटे जाने वाले थे 266 करोड़ रुपए जांच करने वाले अधिकारी एडुअर्डो बाएज़ा ने बताया कि एयरपोर्ट पर मियामी से एक कार्गो आया था। जिसमें 266 करोड़ से ज्यादा रुपए थे। इन रुपयों को चिली के अलग-अलग बैंकों में बांटना था। ये कार्गो सिक्योरिटी कंपनी ब्रिंक्स का था। जब इस कार्गो को प्लेन से उतारा जा रहा था तभी अचानक से गोलीबारी शुरू हो गई। जिसके जवाब में वहां मौजूद सिक्योरिटी ऑफिशियल्स ने भी गोली चलाना शुरू कर दिया। तस्वीर घटना के बाद एयरपोर्ट पर तैनात सिक्योरिटी ऑफिशियल की है। तस्वीर घटना के बाद एयरपोर्ट पर तैनात सिक्योरिटी ऑफिशियल की है। घटना के बाद ऑफिशियल्स ने बताया कि एयरपोर्ट पर मौजूद किसी भी पैसेंजर को कोई नुकसान नहीं हुआ।

## विस्फोट में अफगान प्रांत के गवर्नर की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के उत्तरी बल्ख प्रांत के गवर्नर गुरुवार को मजार-ए-शरीफ शहर में उनके कार्यालय को निशाना बनाकर किए गए एक विस्फोट में मारे गए। काबुल में तालिबान द्वारा संचालित सरकार के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की है। मुजाहिद ने एक ट्वीट में कहा, ₹दुर्भाग्य से मुझे सूचना मिली है कि हाजी मुल्ला मोहम्मद दाउद मजमिल इस्लाम के दुश्मनों द्वारा आयोजित एक विस्फोट में मारे गए। पुलिस के अनुसार, विस्फोट सुबह 9.27 बजे माजमिल के कार्यालय की दूसरी मंजिल पर हुआ जब एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया, जिससे उसकी और राज्यपाल सहित दो अन्य लोगों की मौत हो गई। हमले में एक नागरिक समेत दो और लोग घायल हो गए।

# आईएसआई के पूर्व प्रमुख के भ्रष्टाचार की जांच शुरू



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा कि देश की सबसे बड़ी खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के पूर्व प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद (सेवानिवृत्त) के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार की जांच की जा रही है। डॉन समाचार पत्र ने आज गृहमंत्री के संवाददाता सम्मेलन में दिये गये बयान के हवाले से कहा कि आईएसआई के पूर्व प्रमुख और उनके भाई के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के एकत्र करने को लेकर जांच चल रही है। समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार अपने बचाव में जनरल हामिद ने कहा है कि यह निर्णय सेनाध्यक्ष (जनरल कमर जावेद बाजवा) लिए हैं। इस बीच पाकिस्तान मुस्लिम लीग -नवाज (पीएमएल-एन) की नेता मरियम नवाज शरीफ ने अपने पिता की सरकार को सत्ता से हटाने और उन्हें तथा नवाज शरीफ दोनों को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) मामलों में फंसाने में उनकी कथित भूमिका को लेकर सेवानिवृत्त जनरल के कोर्ट मार्शल की मांग की है।


## जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
(अभियंत्रण कोषांग)

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 47/2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : दिनांक 14.03.2023 से दिनांक 16.03.2023 को 01.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 17.03.2023 को 04.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 17.03.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
5. परिमाण विपत्र बिकी की स्थान : जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्त करने / खोलने का स्थान : जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
7. योजना मद : SCA मद
8. कार्य का विवरण

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पेशरार | राजकीय प्राथमिक विद्यालय हेसाग नावाटोली का मरम्मति कार्य | 422100.00 | 750.00 | 8500.00 | 02 (दो) माह |
| 2 | पेशरार | राजकीय प्राथमिक विद्यालय गम्हरिया का मरम्मति कार्य | 350800.00 | 750.00 | 7100.00 | 02 (दो) माह |
| 3 | पेशरार | राजकीय मध्य विद्यालय बोन्डोबार का मरम्मति कार्य | 427300.00 | 750.00 | 8600.00 | 02 (दो) माह |
| 4 | पेशरार | उत्क्रमित राजकीय मध्य विद्यालय जावाखाड का मरम्मति कार्य | 439200.00 | 750.00 | 8800.00 | 02 (दो) माह |
| 5 | पेशरार | राजकीय प्राथमिक विद्यालय मनहा का मरम्मति कार्य | 362100.00 | 750.00 | 7300.00 | 02 (दो) माह |
| 6 | पेशरार | उत्क्रमित राजकीय मध्य विद्यालय माची का मरम्मति कार्य | 449500.00 | 750.00 | 9000.00 | 02 (दो) माह |
| 7 | कुडू | राजकीय प्राथमिक विद्यालय रानी टोंगरी का मरम्मति कार्य | 342700.00 | 750.00 | 6900.00 | 02 (दो) माह |
| 8 | कैरो | राजकीय प्राथमिक विद्यालय तोडांग का मरम्मति कार्य | 429382.00 | 750.00 | 8600.00 | 02 (दो) माह |
| 9 | कैरो | राजकीय मध्य विद्यालय सढाबे का मरम्मति कार्य | 989700.00 | 1250.00 | 19800.00 | 02 (दो) माह |
| 10 | कैरो | राजकीय प्राथमिक विद्यालय रानी टोंगरी का मरम्मति कार्य | 387500.00 | 750.00 | 7800.00 | 02 (दो) माह |

योजनाओं की विस्तृत विवरणी, निविदा की शर्तें जिला परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।
2. जिला परिषद लोहरदगा में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे। संवेदको को UCAN में निबंधन अनिवार्य होगा।
3. परिमान विपत्र हेतु बैंक ड्रॉफ्ट **DDC-Cum-CEO, Zila Parishad, Lohardaga** के पदनाम से देय होगा, जो बैंक ऑफ इण्डिया के कोर्ट एरिया लोहरदगा शाखा (बैंक कोड–4968) में भुगतेय होगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR 292135 (Lohardaga) 22-23 (D)



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
## BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

### VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER
**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/24/2022-23**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 20.03.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 21.03.2023 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 21.03.2023 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Lalahe), Panchyat- Lalahe Under Block Medininagar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Vijniwar), Panchyat- Semarwar Under Block Hariharganj, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Budhuwa Muslim Tola), Panchyat - Barepur Under Block Hussainabad, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Sidaha Per), Panchyat- Benikala Under Block Hussainabad, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 5. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Siknni), Panchyat- Dandila Under Block Hussainabad, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 6. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Arka-1), Panchyat- Arka Under Block Tarhasi, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 7. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Jamuniyadih), Panchyat- Goindi Under Block Tarhasi, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 8. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Kasmar Paswan Tola), Panchyat - Kasmar Under Block Tarhasi, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 9. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Sagalim Semarkhar), Panchyat- Sagalim Under Block Panki, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 10. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Charaye), Panchyat- Charaye Under Block Chhattarpur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 11. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Padma Masjid Tola), Panchyat - Padma Under Block Manatu, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 12. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Rambandh-1), Panchyat- Rambandh Under Block Mohamadganj, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 13. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Ranadih), Panchyat- Pansa Under Block Mohamadganj, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 14. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Haid Fuldiha), Panchyat- Goradih Under Block Mohamadganj, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 15. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Viradhwar), Panchyat - Kulhuwa Sonbarsa Under Block Mohamadganj, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 16. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Poto Bhajania), Panchyat- Bhajania Under Block Mohamadganj, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 17. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Kamgarpur), Panchyat- Uprikala Under Block Hussainabad, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 18. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Jujhar Sikni), Panchyat- Patrakhurd Under Block Hussainabad, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 19. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Tarhasi Purwi), Panchyat-Tarhsi Under Block Tarhsi, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 20. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Sakaldipa), Panchyat- Sakaldipa Under Block Panki, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 21. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Bankheta), Panchyat- Panki Paschmi Under Block Panki, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 22. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Karkata-2), Panchyat- Karkata Under Block Naudiha Bazar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 23. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Khapiya-2), Panchyat- Awson Under Block Chainpur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 24. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Ayodhaya Koluhuwa), Panchyat- Babhandi Under Block Chainpur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 25. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Bori-4), Panchyat- Bori Under Block Chainpur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 26. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Karso-1), Panchyat- Karso Under Block Chainpur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 27. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Banduwa-3), Panchyat- Banduwa Under Block Chainpur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 28. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Bharganwa), Panchyat - Bharganwa Under Block Chainpur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 29. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Ajlatuwa), Panchyat- Kankari Under Block Chainpur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 30. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Lokeya), Panchyat- Majhiganwa Under Block Chainpur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 31. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Nawakhar), Panchyat- Babhandi Under Block Haidarnagar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 32. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Kabra Khurd), Panchyat- Parta Under Block Haidarnargar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 33. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Booka), Panchyat- Kaswakhar Under Block Patan, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 34. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Dhangardiha), Panchyat - Pachkeriya Under Block Patan, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 35. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Chhechauri-3), Panchyat- Chhechauri Under Block Pandwa, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 36. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Semri-1), Panchyat- Semri Under Block Patan, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 37. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Jharha Khurd), Panchyat - Bhandar Under Block Bishrampur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 38. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Nimiya), Panchyat- Guri Under Block Bishrampur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 39. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Lalgarh-3), Panchyat- Lalgarh Under Block Bishrampur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 40. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Tisibar Kala-3), Panchyat- Tisibar Kala Under Block Pandu, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 41. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Birja), Panchyat- Joga Under Block Untari Road, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 42. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Devdar-2), Panchyat- Karkata Under Block Untari Road, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 43. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Basna-2), Panchyat- Basna Under Block Nawabazar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 44. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Itko-1), Panchyat- Itko Under Block Nawabazar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 45. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Aadhi Tola Guriyahi), Panchyat - Baralota Utri Under Block Medininagar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 46. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Pachmo), Panchyat- Haratuwa Under Block Nilambar Pitambar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 47. | Paver Laing, Drain, Soak Pit and Septic Tank in B.C Girls Hostel Palamu Club (At Present JNV Daltonganj Continued) at Daltonganganj Palamu | 6,83,000.00 | 14000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 48. | Construction of Barrack and Kitchen in Anti Corruption Bureau Divisional Office, Palamu at Daltonganj. | 2498400.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 49. | E/R of the View Blocker Sheeting in D.C Residence Boundary Campus, Palamu, at Daltonganj. | 2457700.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 50. | Renovation of the F Block Quarters ( F-03 and F 06) and Wooden wall Cabinet in ADJ Quarters In Judicial Colony at Daltonganj, Palamu. | 2370600.00 | 47500.00 | 5000.00 | 02 Months |

नोटः– 1. *Tender Fee 2%*अग्रधन की राशि *Updated Character, PAN, G.S.T Certificate, Up to Date G.S.T Return Certificate* तथा निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र *(BOQ)* निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0– प0नि0वि0/विविध–06–33/2007(अंश–1) 2146*(S)* दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप *Performance Security*उपलब्ध करायें।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 292148 (Building) 22-23 (D)

**आपके शरीर की मुट्ठियां खुली है , मन की नही। आपको धन नहीं छोड़ना है , धन की आसक्ति छोड़नी है । संसार नहीं छोड़ना है , संसार की आसक्ति को त्यागना हैं । जिस क्षण आप के मन ने काम, क्रोध , लोभ, मोह को छोड़ दिया उसी क्षण ईश्वर वहां प्रकट हो जाएंगे। - ठाकुरजी**



# भ्रष्टाचार का मंच

***यह*** कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि वर्तमान समय में भ्रष्टाचार एक मंच बन गया है। योजनाओं में चल रही अनियमितता व मनमानी के विरुद्ध एसीबी की समय-समय पर कार्रवाई चलती रहती है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की पलामू इकाई ने पिछले दिनों गढ़वा जिले के हरादाग कला पंचायत के मुखिया और उसके पति को 25 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। मुखिया और उसका पति डोभा निर्माण कार्य के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर करने के एवज में 25 हजार रुपए घूस ले रहे थे। दोनों को गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम मेदिनीनगर ले आई। वहीं, एसीबी की कार्रवाई से पूरे प्रखंड में हड़कंप मच गया। बता दें कि मुखिया और उसके पति को गिरफ्तार करने के साथ ही पलामू एसीबी ने इस वर्ष का तीसरा ट्रैप केस पूरा कर लिया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू के पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी थी कि गढ़वा जिले के रमना प्रखंड की हरादाग कला पंचायत के भागोडीह के एक ग्रामीण ने आवेदन देकर आरोप लगाया था कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत डोभा निर्माण का कार्य उसकी पंचायत में आया हुआ है। इस काम को नामित करने के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ती है, जिसमें पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं उपमुखिया उपयोगिता प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर कर चुके थे, मुखिया के द्वारा 25 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। मुखिया का यह भी कहना था कि 25 हजार की राशि देने के बाद ही डोभा निर्माण कार्य उसे दिया जायेगा। पैसे नहीं देने पर उपयोगिता प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर नहीं करेंगे। काम भी उसे नहीं दिया जायेगा। दूसरी तरफ चाईबासा (एसीबी) ने पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय के नाजिर शेखर पंडित को चार हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया गया। बहरहाल हर जगह यह देखने को मिलता है। यह तो एक छोटी सी झांकी है। फिल्म की पटकथा देश और राज्यों में पटी हुई हैं।इसके कोने-कोने की गूंज आम बात हो गयी है। चाहे वह कोई भी सेक्टर हो। ऐसे में हम कह सकते हैं कि भ्रष्टाचार और भ्रष्ट लोगों की जमात चारो तरफ है। यह करोड़ो और अरबों की घपलेबाजी से परहेज नहीं कर रहे हैं। यहां किसी व्यक्ति और संस्था का नाम लेना उचित नहीं है। ऐसे में एक सवाल मन को जरूरी दुखी करता है कि आज हम कहां जा रहे हैं। अभी कोरोना के दौरान ऐसा देखा गया था कि जीवन बचाने की जंग में सभी पैसे को सड़कों पर फेंक रहे थे। लगता था इस संसार से अब सबका मोह भंग हो गया है। खुले आकाश में पंक्षियों के कलरव से ऐसा लगता था कि आदमी अब सब कुछ समझ गया है। लेकिन स्थिति सामान्य होने पर वह सब होने लगा जो पहले होता था।

**चाईबासा (एसीबी) ने पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय के नाजिर शेखर पंडित को चार हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया गया। बहरहाल हर जगह यह देखने को मिलता है।**

# प्रकृति से रूबरू होंगे तो बढ़ेगी इम्यूनिटी



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



***यदि*** चिकित्सकों की मानें तो देश में अधिकांश लोगों में विटामिन डी की डेफिसिएंसी है। हो सकता है यह आंकड़ा अतिश्योक्तिपूर्ण होने के साथ ही अधिक अपर साइड में हो पर इतना तो साफ है कि देश-दुनिया में विटामिन डी की कमी के आंकड़े दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। विटामिन डी जिसका सबसे सहज स्त्रोत केवल कुछ मिनटों तक धूप सेवन से प्राप्त हो सकता है आज उसी की कमी से रोगियों की संख्या अधिक होती जा रही है। दरअसल प्रकृति के अनमोल उपहारों से हम लगातार दूर होते जा रहे हैं। अत्यधिक भागमभाग, शहरीकरण, सीमेंट कंकरीट की गगनचुंबी इमारतें प्रकृति के उपहार से हमें वंचित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मिट्टी, पानी, धूप की सहजता को छोड़कर हम दवाओं, केमिकल्स में इलाज ढूंढ़ने लगे हैं। दिल्ली एम्स के हालिया अध्ययन में सामने आया है कि हार्ट फेलियर के मरीजों को पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी दिया जाए तो उसके लक्षण में काफी कमी आ जायेगी। दरअसल एम्स के अध्ययन में खुलासा हुआ है कि 70 फीसदी दिल्ली वासियों में विटामिन डी की डेफिसिएंसी पाई गई है। देखा जाए तो विटामिन डी की कमी मस्तिष्क, रक्त संचार प्रणाली, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, मांसपेशियों से संबंधित रोगों में दर्द और कमजोरी, अस्थमा व सांस लेने में परेशानी जैसे फेफड़ों के रोगों, हड्डियों की कमजोरी व डायबिटीज जैसी बीमारियों का कारक है। एक समय था जब खासतौर से सर्दियों में तो तेल की मालिश कर धूप में बैठना नियमित आदत में शुमार होता था। नौकरीपेशा लोग अवकाश के दिन तो धूप में अवश्य बैठते थे। आज तो हालात यह हो गये कि गर्मी के मौसम में सनबर्न क्रीम को प्राथमिकता दी जाती है। देखा जाय तो हम महंगी से महंगी दवाएं खाने के लिए तैयार हैं पर केवल और केवल 20 मिनट धूप का सेवन नहीं कर सकते। इसका परिणाम भी साफ है। हड्डियों में दर्द, फ्रेक्चर, जल्दी-जल्दी थकान, घाव भरने में देरी, मोटापा, तनाव, अल्जाइमर जैसी बीमारियां आज हमारे जीवन का अंग बन चुकी है। शरीर की जीवनी शक्ति या यों कहें कि प्रकृति से मिलने वाले स्वास्थ्यवर्द्धक उपहारों से हम मुंह मोड़ चुके हैं और नई से नई बीमारियों को आमंत्रित करने में आगे रहते हैं। यह आश्चर्यजनक लेकिन जमीनी हकीकत है कि केवल मात्र पांच प्रतिशत महिलाओं में ही विटामिन डी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। देश की 68 फीसदी महिलाओं में तो विटामिन डी की अत्यधिक कमी है। एम्स के अध्ययन से पहले एसोचैम द्वारा जारी रिपोर्ट में सामने आया है कि 88 फीसदी दिल्ली वासियों में विटामिन डी की कमी है। यह स्थिति दिल्ली में ही नहीं अपितु कमोबेश देश के सभी महानगरों में देखने को मिल जायेगी। इसका निदान हमारी जीवन शैली में थोड़ा बदलाव करके ही पाया जा सकता है। पर इसे दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि आधुनिकता की दौड़ में हम प्रकृति से इस कदर दूर होते जा रहे हैं कि जल, वायु, हवा, धूप, अग्नि और ना जाने कितनी ही मुफ्त में प्राप्त प्राकृतिक उपहारों का उपयोग ही करना छोड़ दिया है। ऐसा नहीं है कि लोग जानते नहीं है पर जानने के बाद भी आधुनिकता का बोझ इस कदर छाया हुआ है कि हम प्रकृति से दूर होते हुए कृत्रिमता पर आश्रित होते जा रहे हैं। दरअसल हमारी जीवन शैली ही ऐसी होती जा रही है कि प्रकृति की जीवनदायिनी शक्ति से हम दूर होते जा रहे हैं। कुछ तो दिखावे के लिए तो कुछ हमारी सोच व मानसिकता के कारण। विटामिन डी की कमी के कारण हजारों रुपए के केमिकल से बनी दवा तो खाने को हम तैयार है पर केवल कुछ समय का धूप सेवन का समय नहीं निकाल सकते हैं। हम स्कूलों में आयोजित मड उत्सव को तो धूमधाम से मनाने को तैयार है पर क्या मजाल जो बच्चे को खुले में खेलने के लिए छोड़ दें। मिट्टी में खेलने और खेलते खेलते लग भी जाने पर प्राकृतिक तरीके से ही इलाज भी हो जाता है। तीन से चार दशक पुराने जमाने को याद करे तो कहीं लग जाने पर खून आता रहे तो वहां पर स्वयं का मूत्र विसर्जन करने या मिट्टी की ठीकरी पीस कर लगाने या चोट गहरी हो तो कपड़ा जलाकर भर देने या खून लगातार आ रहा हो तो बीड़ी का कागज लगा देना तात्कालिक इलाज होता था। आज जरा सी चोट लगते ही हम हॉस्पिटल की और भागते हैं। यह सब तब होता था जब टिटनेस का सर्वाधिक खतरा होता था। यह कटु सत्य है कि यूरोपीय देश प्रकृति के सत्य को स्वीकारते हुए प्रकृति की और आने लगे हैं। खाना खाने से पहले हाथ धोने की जो हमारी सनातन परंपरा रही है उस और विदेशी लौटने लगे हैं। अभियान चलाकर हाथ धोने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। क्योंकि अब समझ में आने लगा है कि बाहर से आने पर हमारे शरीर व हाथों में कितने नुकसान दायक बैक्टीरिया होते हैं और वह बिना हाथ धोये खाना खाने पर हमारे शरीर में प्रविष्ट कर जाते हैं और हमारे सिस्टम को तहस-नहस कर देते हैं। स्कूलों में मड उत्सव या रेन डे मनाने का क्या मतलब है, इनमें भी हम बड़े उत्साह से भाग लेते हैं जबकि बरसात में बच्चा जरा सा भीग जाए तो हम उसके पीछे पड़ जाते हैं।

**एक समय था जब खासतौर से सर्दियों में तो तेल की मालिश कर धूप में बैठना नियमित आदत में शुमार होता था। आज तो हालात यह हो गये कि गर्मी के मौसम में सनबर्न क्रीम को प्राथमिकता दी जाती है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें भगवान शनिदेव की कथा

***सेठ*** के घर में एक खूंटी पर सोने का हार लटका था। उसी कमरे में वो राजा को छोड़कर बाहर चला गया। कुछ समय बाद खूंटी उस सोने के हार को निगल गई। सेठ ने विक्रमादित्य से वापस आकर पूछा की उसका हार कहां है। तब राजा ने उसे हार गायब होने की बात बताई। सेठ ने क्रोधित होकर विक्रमादित्य के हाथ-पैर कटवाने के आदेश दे दिये। राजा विक्रमादित्य के हाथ-पाँव काटकर उसे नगर की सड़क पर छोड़ दिया गया। फिर कुछ समय बाद विक्रमादित्य को एक तेली अपने साथ ले गया। तेली ने उसे अपने कोल्हू पर बैठा दिया। वह पूरा दिन बैलों को आवाज देकर हांकता था। विक्रमादित्य का जीवन इसी तरह यापन होता रहा। उस पर शनि की साढ़े साती थी जिसके खत्म होने पर वर्षा ऋतु शुरू हुई। एक दिन राजा मेघ मल्हार गा रहा था। उसी समय उस नगर के राजा की बेटी राजकुमारी मोहिनी ने उसकी आवाज सुनी। उसे आवाज बेहद पसंद आई। मोहिनी ने अपनी दासी को भेजकर गाने वाले को बुलाने को कहा। जब दासी लौटी तो उसने अपंग राजा के बारे में मोहिनी को सब बताया। लेकिन राजकुमारी उसके मेघ मल्हार पर मोहित हो चुकी थी। अपंग होने के बाद भी वह राजा से विवाह करने के लिए मान गई। जब मोहिनी के माता-पिता को इसका पता चला तो वो हैरान रह गए। रानी ने अपनी बेटी को समझाते हुए कहा कि तेरे भाग्य में किसी राजा की रानी का सुख है।तू इस अपंग से क्यों विवाह करना चाहती है। लेकिन समझाने के वाबजूद भी राजकुमारी अड़ी रहीं। जिद्द को पूरा कराने के लिए राजकुमारी ने भोजन छोड़ दिया।

*(क्रमशः)*

# जन्मदिन के बहाने शक्ति का प्रदर्शन



रमेश सर्राफ धमोरा

***राजस्थान*** में भाजपा की वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने चूरू जिले के सालासर बालाजी मंदिर क्षेत्र में अपना जन्मदिन मनाने के बहाने अपनी ताकत का एहसास कराया। वसुंधरा राजे द्वारा यह एक तरह से सीधे भाजपा आलाकमान व अपने विरोधियों को दी गई चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि वसुंधरा राजे का जन्मदिन आठ मार्च को आता है। मगर उन्होंने चार दिन पूर्व ही शेखावाटी क्षेत्र के सालासर में अपने जन्मदिन के बहाने बड़ी जनसभा का आयोजन कर ताकत का अहसास करवाया है। वसुंधरा राजे ने जन्मदिन मनाने के लिए उसी दिन का चयन किया, जिस दिन भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जयपुर में विधानसभा का घेराव किया जाना था। विधानसभा का घेराव कार्यक्रम को प्रदेश भाजपा द्वारा प्रायोजित किया जा रहा था। उसी के समानांतर वसुंधरा राजे का कार्यक्रम करना कुछ अलग ही कहानी बयां करता है। 2018 का विधानसभा चुनाव हार जाने के बाद वसुंधरा राजे पार्टी में अलग-थलग पड़ गई हैं। पार्टी के बड़े कार्यक्रमों में भी वह अक्सर अनुपस्थित रहती हैं। प्रदेश भाजपा के संगठन में भी वसुंधरा विरोधियों की भरमार है। यहां तक कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया वसुंधरा विरोधी खेमे के माने जाते हैं। विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि से आये सतीश पूनिया राष्ट्रीय स्वयं संघ के नजदीकी हैं तथा संगठन में वर्षो से विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं। जाट समाज से आने वाले पूनिया अपनी सौम्य छवि के कारण राजस्थान भाजपा में खासे लोकप्रिय भी हैं। इसी के चलते वसुंधरा राजे पूनिया को पसंद नहीं करती हैं। इसी साल के अंत में राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में वसुंधरा राजे को लगता है कि यदि उनकी इसी तरह चुनाव में भी उपेक्षा की गई तो उनका राजनीतिक प्रभुत्व समाप्त हो जायेगा। इसी आशंका के चलते वह भाजपा की मुख्यधारा में आने के लिए पूरा जोर लगा रही हैं। सालासर का कार्यक्रम भी इसी कड़ी का एक हिस्सा है। वसुंधरा राजे चाहती हैं कि अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी आलाकमान उन्हें एक बार फिर नेता प्रोजेक्ट कर चुनाव लड़े। ताकि चुनाव में जीतने पर वह फिर से मुख्यमंत्री बन सके। मगर भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे को किसी भी परिस्थिति में नेता प्रोजेक्ट कर चुनाव नहीं लड़ना चाहता है। पार्टी आलाकमान द्वारा इस बात का खुल कर इजहार भी किया जाता रहा है। भाजपा आलाकमान चाहता है कि राजस्थान में नया नेतृत्व आगे आए। वसुंधरा राजे राजस्थान की राजनीति में लंबी पारी खेल चुकी हैं। ऐसे में उनके स्थान पर नये नेताओं को आगे करने से आने वाले समय में पार्टी को नया नेतृत्व मिलेगा। इसी सोच के तहत भाजपा आलाकमान प्रदेश में सतीश पूनिया, गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, दीया कुमारी, जोगेश्वर गर्ग, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, रामलाल शर्मा, मदन दिलावर, अनिता भदेल, ओम बिरला, सीपी जोशी, स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, अश्विनी वैष्णव जैसे नये व युवा चेहरों को आगे बढ़ा रहा है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे गुलाबचंद कटारिया को भी इसी सोच के तहत असम का राज्यपाल बनाया गया है। ताकि उनके स्थान पर उदयपुर डिवीजन में नया नेतृत्व उभर सके। जिस तरह से गुजरात विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी, उप मुख्यमंत्री रहे नितिन पटेल सहित बहुत से वरिष्ठ नेताओं के टिकट काटकर उनके स्थान पर नये लोगों को मौका दिया गया था। उसी तर्ज पर पार्टी आलाकमान राजस्थान में भी बदलाव करना चाहता है। अगले विधानसभा चुनाव के दौरान जहां अधिक उम्र वाले विधायकों के टिकट कटना तय माना जा रहा है। उसके साथ बहुत से ऐसे नेताओं के टिकट भी कटेंगे जिनकी क्षेत्र में परफॉर्मेंस अच्छी नहीं मानी जा रही है। इसमें वसुंधरा राजे समर्थक बहुत से मौजूदा विधायकों के नाम भी शामिल है। इसी बात से वसुंधरा समर्थक चिंतित नजर आ रहे हैं। वसुंधरा राजे समर्थक भवानी सिंह राजावत का पिछले विधानसभा चुनाव में लाडपुरा से टिकट काटकर उनके स्थान पर कोटा की महारानी कल्पना देवी को भाजपा प्रत्याशी बनाया गया था। जो चुनाव भी जीत गयी थी। अब भवानी सिंह राजावत के पास चुनाव लड़ने के लिए कोई क्षेत्र नहीं है। ऐसे में यदि वसुंधरा समर्थक अन्य नेताओं के टिकट भी कटते हैं तो उनके सामने चुनाव लड़ने का विकल्प ही नहीं बचेगा। वसुंधरा समर्थकों को पता है कि वह सब लोग चुनाव अपने दम पर नहीं बल्कि पार्टी के निशान पर जीतते हैं। ऐसे में यदि उनके पास पार्टी का निशान नहीं रहेगा तो चुनाव जीतने का तो सवाल ही नहीं होगा।

**विधानसभा चुनाव हार जाने के बाद वसुंधरा राजे पार्टी में अलग-थलग पड़ गई हैं। पार्टी के बड़े कार्यक्रमों में भी वह अक्सर अनुपस्थित रहती हैं। प्रदेश भाजपा के संगठन में भी वसुंधरा विरोधियों की भरमार है।**

**राजनीति**

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# भारत व चीन को लेकर गठबंधन क्यों बनना चाहता है रूस



उमेश चतुर्वेदी

***सर्गेई*** लावरोव ने जब यह बात कही, उसके ठीक एक दिन पहले भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन और भारत के रिश्तों को लेकर जो कहा था, उस पर विवाद हो गया था। जयशंकर ने कहा था कि भारत के चीन से रिश्ते असामान्य हैं। यूक्रेन के साथ युद्ध में जूझ रहे रूस पर पूरी दुनिया का दबाव है कि वह यूक्रेन से लड़ाई बंद करे। लेकिन रूस चाहता है कि एशिया की तीन महाशक्तियों-चीन और भारत के साथ रूस की दोस्ती बने और दुनिया के सामने एक नया गठबंधन बनकर उभरे। हाल ही में खत्म हुए जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में रूस के इस रुख का खुलासा हुआ। इसी बैठक में भारत के पारंपरिक सहयोगी और मित्र देश रूस ने सुझाव दिया कि भारत और चीन के बीच दोस्ती बढ़नी चाहिए। दिल्ली में हुए जी-20 विदेश मंत्रियों के सम्मेलन और उसके बाद रायसीना डायलॉग में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने ऐसा कह कर अमेरिका को चौंका दिया। सर्गेई लावरोव को जब सम्मेलन में बोलने का मौका मिला, तो उन्होंने कहा कि रूस चाहता है कि चीन और भारत दोस्त बनें। सर्गेई ने कहा कि रूस का दोनों देशों से बेहतर रिश्ता है। लेकिन अब रूस चाहता है कि एशिया के दोनों पड़ोसी देश मित्र बनें। सर्गेई लावरोव ने जब यह बात कही, उसके ठीक एक दिन पहले भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन और भारत के रिश्तों को लेकर जो कहा था, उस पर विवाद हो गया था। जयशंकर ने कहा था कि भारत के चीन से रिश्ते असामान्य हैं। जयशंकर ने यह बात चीन के विदेश मंत्री किन कांग के साथ हुई बैठक में कही थी। इस संदर्भ में रूसी विदेश मंत्री का सुझाव बेहद अहम हो जाता है। सर्गेई ने रायसीना डायलॉग में चीन-भारत और चीन-रूस संबंधों पर पूछे गये एक सवाल के जवाब में दोनों देशों को दोस्ती करने की सलाह दे डाली। सर्गेई ने कहा कि इस मित्रता में रूस की मौजूदगी भारत और चीन के लिए बेहतर हो सकती है। सर्गेई ने दोनों देशों के बीच दोस्ती को आगे बढ़ाने के लिए खुद का हाथ भी बढ़ाने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि रूस चीन और भारत को करीब लाने का हमेशा से पक्षधर रहा है। यह सच है कि यूक्रेन संकट के बाद भारत ने रूस से सबसे ज्यादा कच्चा तेल खरीदा है। इसे लेकर शुरू में अमेरिका ने नाक भौं सिकोड़ा था। लेकिन बाद में अमेरिका ने तर्क दिया कि भारत ने अपने ढंग से अपनी अर्थव्यवस्था को देखते हुए कदम उठाया है। याद कीजिए, साल 1999। तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने जब परमाणु परीक्षण किया था, तब अमेरिका समेत उसकी अगुआई वाली पश्चिमी दुनिया ने भारत पर कई प्रतिबंध लगाये थे। लेकिन अब भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है और अब भारत को नकार पाना आसान नहीं है। इसीलिए भारत के रूस से सहयोगी संबंध को अमेरिका समेत दूसरे देश भी नकार नहीं पा रहे हैं। भारत ने इस दिशा में अपनी तरह से कोशिश भी की। उसने यूक्रेन पर रूस के रुख का समर्थन भी नहीं किया। चूंकि रूस भारत का पारंपरिक सहयोगी है, उसने अतीत में भारत को सैनिक साजोसामान से भी मदद की है। इस लिहाज से माना जा रहा था कि भारत कभी उसके खिलाफ कदम भी नहीं उठायेगा। लेकिन भारत ने इस मिथक को तोड़ा और रूस के रुख का समर्थन नहीं किया। अलबत्ता संयुक्त राष्ट्र संघ में जब भी रूस के खिलाफ अमेरिकी अगुआई में अभियान भी चला, उस वक्त भारत ने उस अभियान का भी समर्थन नहीं किया। युद्धग्रस्त रूस से कच्चे तेल की खरीददारी करके भारत भी एक तरह से रूस की मदद कर रहा है। वहीं भारत रणनीतिक तौर पर अपने लिए सस्ता तेल भी खरीदने में कामयाब रहा है। लेकिन अब रूस को लगने लगा है कि बदली हुई वैश्विक परिस्थिति में भारत और चीन को साथ आना चाहिए। वैसे अमेरिका जिस तरह चीन पर हमलावर है, वैसी स्थिति में चीन को भी ऐसा ही रुख अख्तियार करना पड़ सकता है। लेकिन भारत से रिश्ते सुधारने की दिशा में सबसे बड़ी बाधा उसका साम्राज्यवादी रुख है। सीमाओं पर अगर वह संयत और सौहार्द का रुख रखे तो हालात बदल सकते हैं। लेकिन चीन ऐसा नहीं करता। इसलिए सर्गेई को इस विषय में भी अपनी राय रखनी चाहिए। हालांकि उन्होंने ऐसा नहीं किया और सिर्फ दोस्ती की ही बात करके इतिश्री समझ ली। सर्गेई लावरोव ने रूस और यूक्रेन युद्ध पर भी अपने विचार रखे। इस संदर्भ में पश्चिमी देशों के रुख की आलोचना करते हुए सर्गेई ने कहा कि सब चाहते हैं कि रूस ही बातचीत की पहल करे।

**सरकार ने जब परमाणु परीक्षण किया था, तब अमेरिका समेत उसकी अगुआई वाली पश्चिमी दुनिया ने भारत पर कई प्रतिबंध लगाये थे। लेकिन अब भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है**

**दुनियादारी**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# यूरिक एसिड को रखना है कंट्रोल तो खाना शुरू कर दें ड्राई फ्रूट्स

खराब लाइफस्टाइल और गलत खान-पान के चलते कई बीमारियों का जोखिम बढ़ रहा है। इन्हीं बीमारियों में से एक यूरिक एसिड भी है। शरीर में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने से हाई ब्लड प्रेशर, जोड़ों में दर्द, उठने बैठने में समस्या और शरीर के कई हिस्सों में सूजन हो सकती है। वहीं हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो यूरिक एसिड शरीर में पाए जाने वाले प्यूरिन पदार्थ के टूटने के कारण बनता है। यूरिक एसिड बढ़ने पर आप अपनी डाइट का खास ध्यान रखकर इस समस्या को कंट्रोल कर सकते हैं। आपको आज ऐसे ड्राई फ्रूट्स बताते हैं जिनका सेवन आप शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा को सामान्य बनाए रखने के लिए कर सकते हैं।

## बादाम

इसमें कैल्शियम, फाइबर, विटामिन-के, प्रोटीन, मैग्नीशियम, कॉपर और जिंक जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। ऐसे में यूरिक एसिड के मरीज नियमित तौर पर इनका सेवन करके शरीर में बढ़ते यूरिक एसिड को कंट्रोल कर सकते हैं। बादाम का सेवन करने से जोड़ों के दर्द, शरीर में होने वाली सूजन से भी राहत दिलवाते हैं।



## अलसी के बीज

अलसी के बीज भी यूरिक एसिड के मरीजों के लिए बहुत ही फायदेमंद माने जाते हैं। यह फैटी एसिड से भरपूर होते हैं। ऐसे में इनका सेवन करके यूरिक एसिड के प्रभाव को बहुत हद तक दूर किया जा सकता है।

## काजू

काजू में प्यूरिन काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। यह एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी कम करने में मदद करते हैं। नियमित इसका सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रहता है। इसके अलावा यह एचडीएल लेवल को बढ़ाने में भी मदद करता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, इसमें पाया जाने वाला पौटेशियम, फाइबर और विटामिन-सी शरीर में यूरिक एसिड का स्तर नियंत्रित करने में मदद करता है। यूरिक एसिड से राहत पाने के लिए आप रोजाना 2-3 काजू पीस कर खा सकते हैं।

## ब्राजील नट

ब्राजील नट्स भी यूरिक एसिड मरीजों के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। इसमें सेलेनियम काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है जो बढ़ते यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में सहायता करता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, नियमित ब्राजील नट्स का सेवन करके आप थायराइड, शरीर में होने वाली सूजन, हार्ट प्रॉब्लम और कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम भी कम कर सकते हैं।

## अखरोट

इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड गुण पाए जाते हैं। नियमित तौर पर अखरोट का सेवन कर-के आप यूरिक एसिड शरीर से बाहर निकाल सकते हैं। इसके अलावा यूरिक एसिड होने पर एक्सपर्ट्स के द्वारा भी रोज भीगे हुए अखरोट खाने की सलाह दी जाती है।

## पौधों को दे ह्यूमिक एसिड

पौधा और फूलों की अच्छी बढ़त के लिए कई तरह के खाद और उर्वरक आते हैं। इनमें ह्यूमिक एसिड कारगर माना जाता है। इसे मिट्टी में डालते ही पौधे हरे-भरे हो जाते हैं। वहीं फूल अच्छे और स्वस्थ बढ़ने लगते हैं। यह सभी रसायनों से तैयार होते हैं इसलिए पौधों को हानि भी पहुँचा सकते हैं। इससे मिट्टी की उर्वरता कम होने लगती है। रसायन युक्त खाद या उर्वरकों का प्रयोग करने के स्थान पर जैविक उर्वरक घर पर ही तैयार कर इनका उपयोग पौधों के लिए किया जा सकता है।

**ऐसे बनाएं ह्यूमिक एसिड :** एक 50 लीटर के ड्रम में 35 लीटर पानी भरें। उसमें 7 किलो गाय के गोबर के कंडे डाल दें। उसके बाद 2 किलो दही, 2 किलो सरसों की खली, 300 ग्राम बेसन और डेढ़ किलो पुराना गुड़ डाल दें। ड्रम के पानी में सबको अच्छी तरह मिला दें और ऊपर से 15 लीटर पानी और डाल दें। ढक्कन लगाकर छांव में 15 दिन रख दें। 15 दिनों के बाद उसमें डाले गए कंडों को बिना फोड़े बाहर निकाल दें और पूरे पानी को अच्छी तरह मिलाएँ। तैयार ह्यूमिक एसिड को 6 माह तक उपयोग कर सकते हैं।

**फायदेमंद है :** ह्यूमिक एसिड पौधों के पाचन तंत्र का हिस्सा माना जाता है। यह मिट्टी में आवश्यक तत्वों को बहने से रोकने में सक्षम होता है। ह्यूमिक एसिड का 70 फीसदी कार्य मिट्टी में होता है और 30 फीसदी कार्य पत्तियों पर होता है। जो रासायनिक खाद मिट्टी में डालते हैं उसका केवल 25 से 30 फीसदी हिस्सा ही पौधों को प्राप्त होता है, शेष मिट्टी में जम जाता है। रसायन से बने ह्यूमिक एसिड को साल में दो-तीन बार ही उपयोग कर सकते हैं, जबकि प्राकृतिक ह्यूमिक एसिड को कभी भी पौधों में डाल सकते हैं।


**उपयोग का तरीका :** दो मग ह्यूमिक एसिड को एक बाल्टी पानी में मिलाकर पौधों में डाल सकते हैं। इसे महीने में चार बार डाल सकते हैं।

# किडनी खराब होने से पहले शरीर देता है ये संकेत

शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में किडनी भी शामिल है। यह शरीर में से विषाक्त पदार्थ बाहर निकालने में मदद करती है। यदि किडनी की कार्यप्रणाली में थोड़ा सा भी बदलाव आए तो सारा शरीर प्रभावित होता है। शरीर में जब मिनरल्स, कैमिकल्स, सोडियम, कैल्शियम, पानी, फॉस्फोरस, पौटेशियम, ग्लूकोज की मात्रा बढ़ने लगे तो किडनी पर दबाव पड़ने लगता है जिसके कारण किडनी की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है। खासकर जब किडनी खराब होने लगे तो शरीर में कुछ लक्षण दिखने लगते हैं।

**तलवे के आसपास सूजन होना :** यदि शरीर में सोडियम की मात्रा बढ़ गई है तो उसे भी किडनी बाहर निकालने में मदद करती है। परंतु जैसे किडनी खराब होने लगे तो आंखें, चेहरा, पैर के टखने और पिंडलियों के आसपास सूजन होने लगती है।

**कमजोरी और थकान होना :** वैसे तो कमजोरी और थकान के कई कारण होते हैं परंतु यदि थोड़ा सा चलने या फिर रोजमर्रा के कार्य में आपको थकान होने लगे तो यह भी किडनी खराब होने का संकेत हो सकता है।



**भूख कम लगना :** भूख कम लगना या फिर न लगना भी किडनी खराब होने का संकेत हो सकता है। शरीर में टॉक्सिन्स पदार्थ जमा होने के कारण भूख कम लग सकती है। इसके अलावा उल्टी, मतली महसूस होना तेजी से वजन घटना भी खराब किडनी का ही संकेत हो सकता है।

**बार-बार पेशाब आना :** यदि आपको जरुरत से ज्यादा पेशाब आ रहा है और पेशाब के दौरान खून और जलन भी हो रही है तो यह भी किडनी की गंभीर समस्या का कारण हो सकता है।

**खुजली होना :** स्किन पर बहुत ज्यादा खुजली होना भी किडनी खराब होने का ही एक लक्षण है। विषाक्त पदार्थ शरीर में बढ़ने के कारण खुजली हो सकती है। यदि खुजली ज्यादा हो रही है तो एक बार डॉक्टर से संपर्क जरुर करें।

# सूखी खांसी और सीने के दर्द से पाना चाहते हैं आराम तो अजमाएं ये घरेलू नुस्खे

इंफेक्शन के कारण सबसे पहले गला और फेफड़े ही प्रभावित होते हैं। फेफड़ों में इंफेक्शन फेलने के कारण गले में दर्द, बुखार जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यदि आपको इंफेक्शन के कारण बदन दर्द, सर्दी, जुकाम और सीने में दर्द हो रहा है तो ये घरेलू नुस्खे आपकी परेशानी दूर कर सकते हैं। घरेलू उपाय आपको कोई नुकसान भी नहीं पहुंचाएंगे। सूखी खांसी के कारण यदि आपको सीने में दर्द हो रहा है तो यह घरेलू उपाय आपके काम आएंगे।

## घरेलू नुस्खे करेंगे काम आसान

फेफड़ों में इंफेक्शन होने के कारण व्यक्ति को सबसे पहले खांसी ही प्रभावित होती है। खांसी दो तरह की होती है सूखी और बलगम वाली। यदि आपको सूखी खांसी है तो यह घरेलू नुस्खे आपके काम आएंगे।

## लें भाप

सूखी खांसी में अगर आपके सीने में दर्द हो रही है तो आप भाप जरुर लें। भाप लेने से फेफड़ों में होने वाली जकड़न दूर होगी और आपको समस्या से आराम मिलेगा। यदि आपको भाप लेते समय ज्यादा परेशानी हो रही है तो आप ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल भीकर सकते हैं। ह्यूमिडिफायर से कमरे में नमी बढ़ेगी और आपको सूखी खांसी से आराम मिलेगा।



## गरारे करें

इसके अलावा इस समस्या से राहत पाने के लिए आप गर्म पानी में नमक डालकर गरारे कर सकते हैं। इससे भी आपको काफी आराम मिलेगा। रात को सोने से पहले गरारे करें इससे छाती और गले में होने वाला इंफेक्शन कम होगा।

## रखें खुद को हाइड्रेट

सूखी खांसी होने पर आप खुद को हाइड्रेट रखें। सूखी खांसी के कारण गले पर जोर पड़ता है और खांसते समय गले की मांसपेशियों पर खिंचाव भी पड़ता है। ऐसे में आप अदरक को गर्म पानी में मिलाकर पिएं। इसमें शहद और नींबू मिलाएं। इससे वायरल इंफेक्शन दूर होगा और बैक्टीरिया का खतरा भी कम होने लगेगा।

## शहद करेगा काम आसान

सूखी खांसी के कारण अगर आपको सीने में दर्द हो रहा है तो आप शहद खा सकते हैं। शहद का सेवन करके आपको सूखी खांसी से काफी आराम मिलेगा।

## कैसे करें अपना बचाव?

. यदि आपको सूखी खांसी है तो धूम्रपान से परहेज रखें

. प्रदूषण वाली जगहों पर न जाएं

. धूल वाले स्थान पर ना जाएं

. खाना खाने से पहले अपने हाथ अच्छे से धो लें

. अगर किसी संक्रमित व्यक्ति से मिल रहे हैं तो मुंह कवर कर लें।

# हम तो ठहरे परदेसी...



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त,
मो. नं. 73 8657 8657

परदेस जाने वाले स्वदेश इसलिए छोड़ते हैं कि घरवालों की पाँच अंगुलियाँ मुँह में बराबर जा सकें। जब-जब यह अंगुलियाँ निवालों के लिए तरसती हैं तब-तब कोई परदेसी पीड़ा से कराहने के लिए अनजान जगह को गले लगाता है। मुझे इक्वाडोर गए कई बरस हो गये थे। मुझे तो अब अपने घर का डोर भी याद नहीं रहा। बस याद आतीं तो घर की टपकती छत, बीमारी से बिस्तर पर लेटे पिता जी, बिन बिहाई तीन बहनें और ब्याज पर उठाए दस लाख रुपए। यहाँ काम करते हुए इतने दिन बीत गए लेकिन कभी सूरज के दर्शन नहीं हुए। कंपनी में हाई वोल्टेज की बत्तियाँ सूरज-चाँद बन जाएँ तो परदेसी के लिए क्या सूरज क्या चाँद। सब सपना ही होता है। कलाई पर घड़ी लगाने की जरूरत ही नहीं पड़ती। यहाँ घड़ी-घड़ी मालिक के इतने ताने सुनने को मिल जाते हैं कि हर घड़ी एक युग सा लगने लगता है। वे बड़े सौभाग्यशाली होते हैं जो कम से कम घड़ी के कांटों की तरह एक-दूसरों से मिल तो लेते है और एक हम हैं जो रुकी हुई घड़ी की तरह एक ही स्थान पर पड़े-पड़े सड़ रहे हैं। जिंदगी की खुशहाली का कोई रिचार्ज कार्ड नहीं होता। बिना वैलिडिटी की जिंदगी और लिमिटेड साँसों का झोल कब खेला कर जाए, पता ही नहीं चलता।

रुपयों का पेड़ कहीं नहीं होता। हाँ वहम का पेड़ हर जगह होता है। यही वहम है जो दुखी को सुखी और सुखी को दुखी बनाए रखता है। लोगों को यही लगा कि मैं परदेस में रुपयों की खेती कर रहा हूँ। हर दिन रुपयो की फसल काटता हूँ और भर-भरकर देस भेजता हूँ। आधी दुनिया आँखों वालों से भी इतनी अंधी है कि उन्हें अपनी कल्पना के सिवाय कुछ और दिखाई ही नहीं देता। अंधा होना और अंधा बनना एक दुर्भाग्य और दूसरा ईर्ष्या का परिणाम है। मेरे कई साल केवल कर्ज उतारने में चले गए। मैं इतना दुबला और निस्तेज हो गया कि मेरी तस्वीर का इस्तेमाल अस्पताल में किसी रोगी के लिए किया जा सकता था। बड़ी मुश्किल जैसे-तैसे बहनों की शादियाँ कीं। शादियाँ भी ऐसी जिसमें मैं नहीं था, लेकिन मेरा पैसा मेरी ओर से शादी की सभी खानापूर्ति कर रहा था। बिन बिहाई लड़कियों का भाई होना जीते जी पल-पल मरने के समान होता है। मैंने उनकी शादियों के लिए बूढ़े पिता को बीमारी से मरने के लिए छोड़ दिया। यह सब कैल्कुलेटेड जिंदगी का सबसे बड़ा अभिशाप है।

एक माँ-बाप ही होते हैं जो रुपए-पैसों से पहले अपने कलेजे के टुकड़े की भलाई चाहते हैं। माँ को लगा कि कहीं वह भी पिता की तरह मुझे देखे बिना मर न जाएँ इसलिए उन्होंने मुझे परदेस छोड़ आने के लिए कहा। कई बरस तक घांस छीलने के बाद इक्वाडोर का मतलबी डोर छोड़े अपनों की डोर थामने कर्जा कर घर पहुँचा। आने के एक-दो दिन बाद बहनों से मिलने गया। बहनें भी अब बच्चों वाली हो चुकी थीं। आते वक्त भांजों के हाथ पर सौ रूपया रख कर वापस हुवा । दूसरी बहन के यहाँ पहुंचने पर पचास-पचास रुपए और तीसरी बहन के यहाँ भांजो को दस-बीस रुपए थमा दिए। सोचा बहनें अपनी हैं तो मेरी मजबूरी भी समझेंगी। मुझे क्या पता था कि सबसे ज्यादा नासमझ मेरे अपने ही निकलेंगे। गैरों से ज्यादा अपनों की बातें अत्यंत पीड़ादायी होती हैं। घर पहुँचने से पहले बहनों ने माँ को फोन कर बता दिया था कि इतने बरसों बाद भाई आया है तो न जाने क्या-क्या उपहार देगा। लेकिन भाई ने हमारी नाक कटवा दी। उसने बच्चों को जो पैसे दिए थे उतने पैसे तो आजकल भिखारी भी अपने बच्चों को नहीं देता। यह सुनकर मुझे लगा कि जिंदगी में खुद के लिए बड़े बनो न बनो दूसरों के लिए जरूर बनना चाहिए।

## सूडोकु नवताल- 6634

✱ ✡ ✡ ✡ ✡
सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.


■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6633 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## दैनिक पंचांग

**10 मार्च 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.33 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मेष | 08.03 बजे से |
| मंगल | वृष में | वृष | 09.43 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.41 बजे से |
| गुरु | मीन में | कर्क | 13.55 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.11 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.23 बजे से |
| राहु | मेष में | तुला | 20.34 बजे से |
| केतु | तुला में | वृश्चिक | 22.48 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.04 बजे से |
| 10.30 से | | मकर | 03.09 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | कुंभ | 04.56 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 69 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 21.43 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** चित्रा अहोरात्र। **योग** वृद्धि 20.39 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 09.22 बजे तदनन्तर विष्टि 21.43 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 18' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871548 **जूलियन दिन** 2460013.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** सावान **तारीख** 17 **विशेष** छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती, सावित्री बाई फुले पुण्यतिथि।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7697




**बाएँ से दाएँ**

1. परिचय, जानना-2,4
5. वायु रोग-2
7. उत्साह, जिज्ञासा
9. कांटा, शूल
10. पिता, साधू-2
11. योद्धा जाति, राजपूत-3
14. थकान-4
16. मिसाल के तौर पर-4
20. ध्वजा, पताका-3
22. सीमा, बार्डर-2
23. बुरी आदत-2
24. समस्या, मुद्दा-3
27. जोर, दम, ताकत-2
28. दिखावटीपन, आडंबर, -3,3

**ऊपर से नीचे**

1. सीतापति, रामचंद्र-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. धोखेबाज, दगाबाज-4
4. नलका, टोंटी-2
6. पुत्र, लड़का-3
8. कमरा, रूम-2
12. तीनों काल-3
13. पार्थिव शरीर, लाश-2
15. कजरा, अंजन-3
17. सच्चाई, सच-2
18. सेंधमार-5
19. पुचकारना, हाथ फेरना-4
20. धोखा, दगा-3
21. जरा, थोड़ा-2
25. सभी, संपूर्ण-2
26. राजेश खन्ना व मुमताज की बेहतरीन फिल्म-2

### शब्द पहेली -7696 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज के दिन विविध क्षेत्रों से आर्थिक लाभ होने के योग हैं। सामाजिक कार्यों में भाग लेना लाभदायक रहेगा और आय में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के साथ ही परिवर्तन होने की भी संभावना रहेगी।

**वृष राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आय में कमी और खर्चों में वृद्धि रहने की संभावना है, जिससे आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है।

**मिथुन राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। पैतृक संपत्ति से लाभ होने की संभावना रहेगी। अधिक मेहनत से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आय में वृद्धि के योग हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। नये कार्य का शुभारंभ करने से बचें, अन्यथा नुकसान हो सकता है।

**सिंह राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। धनलाभ के योग रहेंगे, लेकिन खर्चों में भी वृद्धि होगी। सामाजिक जीवन में सफलता मिलेगी, जिससे मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा।

**कन्या राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ की संभावना है। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियां होंगी और रुके हुए काम पूरे होंगे।

**तुला राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की की संभावना रहेगी, लेकिन आय से अधिक खर्च होने से तनाव भी बढ़ेगा।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। धनलाभ के योग रहेंगे और कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।

**धनु राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। परिजनों-मित्रों के साथ अधिक समय बिता सकेंगे। बिना सोचे नए कार्यों की शुरूआत न करें और निवेश करने से बचें। बुजुर्गों से लाभ मिलेगा।

**मकर राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधे में अच्छा लाभ मिलेगा। आकस्मिक धनप्राप्ति के योग बन रहे हैं, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने से मन दुविधाओं में उलझा रह सकता है।

**कुंभ राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। धनलाभ की स्थिति रहेगी। मित्रों का भरपूर सहयोग मिलेगा, जिससे कार्यक्षेत्र में सभी कार्य सफल होंगे। तन और मन की प्रसन्नता रहेगी तथा सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी।

**मीन राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में धनलाभ के योग रहेंगे। परिश्रम की अधिकता रहेगी और सभी कार्य सफल होंगे, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सतीश कौशिक का निधन



**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और निर्देशक सतीश कौशिक का 66 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सतीश कौशिक के निधन के बाद पूरे बॉलीवुड में मातम छा गया है। अनुपम खेर ने सतीश कौशिक के निधन पर गहरा दुख जताते हुए कहाः मैं जानता हूं कि मृत्यु दुनिया की आखिरी सच्चाई है। लेकिन मैंने अपने जीवन में कभी नहीं सोचा था कि मुझे कभी अपने करीबी दोस्त के बारे में ऐसा लिखना पड़ेगा। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि हमारी 45 सालों की दोस्ती अचानक खत्म हो जाएगी। सतीश, तुम्हारे बिना मेरी जिंदगी पहले जैसी नहीं होगी।

### सिसोदिया से पूछताछ करने तिहाड़ पहुंची ईडी



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से एक बार फिर पूछताछ करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी तिहाड़ जेल पहुंच गए हैं। जांच एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, उनके पास सिसोदिया से तीन दिनों तक पूछताछ करने की अनुमति है। इससे पहले ईडी ने आप नेता से 100 करोड़ रुपये की कथित रिश्वत के मामले में पूछताछ की थी, जिसे पार्टी/नेताओं ने कथित तौर पर हवाला चैनल के जरिए साउथ ग्रुप से प्राप्त किया था।

### आईएएस अधिकारी को बंधक बनाकर की मारपीट, तीन गिरफ्तार

**हिम्मतनगर/गुजरात।** मछुआरों के एक समूह ने एक आईएएस अधिकारी को घंटों बंधक बनाकर रखा और उनकी पिटाई की। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह घटना 4 मार्च की शाम को हुई। मामले में 17 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। पुलिस ने कहा कि इनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी की तलाश जारी है। मत्स्य निदेशक नितिन सांगवान औचक निरीक्षण के लिए एक टीम का नेतृत्व किया। इस दौरान अवैध रूप से मछली पकड़ने वाले बाबूभाई परमार, दिलीप परमार और 15 अन्य लोगों के समूह ने नितिन सांगवान पर हमला कर दिया और मारपीट की।

### राजनाथ सिंह ने की ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री से बात

# रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर हुई गहन चर्चा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने बेहतर द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। इस दिशा में एक आगे कदम बढ़ाते हुए भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार 09 मार्च को ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। भारतीय रक्षा मंत्रालय के मुताबिक दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रियों के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत, विशेष रूप से रक्षा और सुरक्षा से संबंधित मामलों में दोनों देशों के विश्वास और मित्रता को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी का अनुसरण कर रहे हैं और हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग लगातार प्रगाढ़ हो रहा है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार तीन मार्च को इजरायल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के साथ भी टेलीफोन पर बातचीत की थी। खास बात यह है कि दोनों मंत्रियों के बीच यह पहली बातचीत थी। रक्षा मंत्री ने इजराइल के रक्षा मंत्री के रूप में नियुक्ति पर गैलेंट को बधाई दी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, राजनाथ सिंह ने 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशीकरण और घरेलू निर्माण के लिए सरकार की प्राथमिकता को रेखांकित किया। इजराइल की रक्षा मंत्री के साथ हुई बातचीत में उन्होंने भारत में एक जीवंत और विश्व स्तरीय रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के पोषण के लिए इजरायली उद्योगों के सहयोग पर भी बातचीत की। विशेष रूप से आला प्रौद्योगिकियों में सहयोग के लिए क्षेत्रों की पहचान करने के उद्देश्य से भारतीय कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यमों में अपने निवेश को गहरा करने के लिए इजरायली उद्योगों को आमंत्रित किया।

### आईएनएस विक्रांत पर सवार हुए ऑस्ट्रेलियाई पीएम

**ऑस्ट्रेलिया** के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस गुरुवार को देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक आईएनएस विक्रांत पर सवार हुए। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत किया। अल्बनीस भारत यात्रा के दौरान विक्रांत पर अतिथि के रूप में आने वाले सरकार के पहले विदेशी प्रमुख बने। आईएनएस विक्रांत पर सवार होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि मैं प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर भारतीय डिजाइन और निर्मित आईएनएस विक्रांत पर आकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मेरी यात्रा भारत-प्रशांत और उससे आगे ऑस्ट्रेलिया के दृष्टिकोण के केंद्र में भारत को रखने की मेरी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यहां मुझे भारत की नौसेना के प्रतिभाशाली और अत्यधिक पेशेवर पुरुषों और महिलाओं से मिलकर बहुत खुशी हुई।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आठ निजी स्टाफ को 20 समितियों में किया नियुक्त, विपक्ष तमतमाया

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने अपने निजी स्टाफ के आठ सदस्यों को राज्यसभा से संबंधित 20 समितियों में नियुक्त किया है। जिनमें से उपराष्ट्रपति सचिवालय में काम करनेवाले चार कर्मचारी शामिल हैं। इससे विपक्ष पूरी तरह तमतमाया हुआ है। जिनको समितियों में नियुक्त किया गया है वे हैं- ओएसडी राजेश एन नाईक, निजी सचिव सुजीत कुमार, अतिरिक्त निजी सचिव संजय वर्मा और ओएसडी अभ्युदय सिंह शेखावत। राज्यसभा चेयरमैन के ऑफिस से नियुक्त किए गए लोग हैं- उनके ओएसडी अनिल चौधरी, दिनेश डी, कौस्तुभ सुधाकर और पीएस अदिति चौधरी। बीते मंगलवार को इस बारे में आदेश जारी कर बताया गया कि इन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से समितियों में नियुक्त किया जाता है। ये अधिकारी समितियों को उनके कामकाज में सहयोग करेंगे, जिसमें ऐसी बैठकें भी हैं जो गोपनीय प्रकृति की होती हैं। इस पर लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचारी ने एक अंग्रेजी अखबार से बातचीत में कहा है कि संसदीय समितियों की परिभाषा के अनुसार, केवल सांसद और राज्यसभा या लोकसभा सचिवालयों के स्टाफर ही ऐसी भूमिका निभा सकते हैं। आचारी ने कहा, 'ऐसा कोई नियम नहीं है, जिसके तहत स्पीकर या चेयरमैन अपने पर्सनल स्टाफ को समितियों की सहायता के लिए नियुक्त करें। संसदीय समिति की परिभाषा बिल्कुल स्पष्ट है कि उसमें केवल सदस्य (सांसद) और लोकसभा या राज्यसभा सचिवालय के अधिकारी ही हो सकते हैं। स्पीकर या चेयरमैन के निजी स्टाफर संसदीय सचिवालयों का हिस्सा नहीं हैं। अब तक ऐसी कोई नियुक्ति नहीं की गई थी। इधर, राज्यसभा सभापति धनखड़ द्वारा अपने निजी स्टाफ के आठ सदस्यों को राज्यसभा से संबंधित 20 समितियों में नियुक्त करने को लेकर विपक्षी दलों ने सवाल उठाए हैं। इस बारे में सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने ट्वीट किया कि यह पूरी तरह से अवैध और उपराष्ट्रपति की ओर से अधिकारों का दुरुपयोग है। इस मुद्दे पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि ऐसा कभी नहीं हुआ और इस फैसले को लेकर दिया गया स्पष्टीकरण भी काफी अनुचित है। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह राज्यसभा के सभापति का अपने सचिवालय के मौजूदा स्टाफ में भरोसे की कमी को नहीं दर्शाता है? कांग्रेस के लोकसभा सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि उपराष्ट्रपति/राज्यसभा के सभापति तो उप-सभापति की तरह सदन (राज्यसभा) के सदस्य भी नहीं हैं। ऐसे में उपराष्ट्रपति संसदीय समितियों में अपने निजी स्टाफ को कैसे नियुक्त कर सकते हैं?

**सम्मान** 2 अप्रैल को इंदौर में आयोजित होगा सम्मान समारोह

# पत्रकारिता सम्मान से अलंकृत होंगे राकेश शर्मा

### राकेश शर्मा को मिलेगा पं. बृजलाल द्विवेदी स्मृति अखिल भारतीय साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान



**नवीन मेल नेटवर्क। नई दिल्ली**

देश की प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका 'वीणा' (इंदौर) के संपादक राकेश शर्मा को इस वर्ष के पं. बृजलाल द्विवेदी स्मृति अखिल भारतीय साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। सम्मान समारोह 2 अप्रैल को इंदौर में आयोजित किया जाएगा। 1 जुलाई, 1961 को उत्तर प्रदेश के गांव न्यामतपुर, जिला इटावा में जन्मे राकेश शर्मा हिंदी साहित्य की बहुविधि सेवा कर रहे हैं। 15 से अधिक पुस्तकों के लेखक राकेश शर्मा अब तक 10 से अधिक पत्रिकाओं एवं पुस्तकों का संपादन भी कर चुके हैं, जिनमें 'बहुरंग', 'विचार की अनवरत यात्रा', 'आरोग्यम' एवं 'मालव ज्योति' आदि विशेष हैं। भारत सरकार के श्रम मंत्रालय में 31 वर्ष तक सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद पर कार्यरत रहे शर्मा वर्तमान में वर्ष 1927 से निरंतर प्रकाशित हिंदी की सबसे पुरानी पत्रिका 'वीणा' के संपादक हैं। साहित्यिक अवदान के लिए उन्हें मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के 'श्रीकृष्ण सरल' सम्मान सहित अनेक सम्मान प्राप्त हुए हैं।

यह दूसरा मौका है, जब 'वीणा' के संपादक को पं. बृजलाल द्विवेदी स्मृति अखिल भारतीय साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान दिया जा रहा है। इससे पहले वर्ष 2007 में वीणा के तत्कालीन संपादक स्व. श्यामसुंदर व्यास को यह सम्मान प्रदान किया गया था। त्रैमासिक पत्रिका 'मीडिया विमर्श' के सलाहकार संपादक प्रो. संजय द्विवेदी ने बताया कि यह पुरस्कार प्रतिवर्ष हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है। इस अवॉर्ड का यह 15वां वर्ष है। 'मीडिया विमर्श' द्वारा शुरू किए गए इस अवॉर्ड के तहत ग्यारह हजार रुपए, शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और सम्मान पत्र दिया जाता है। पुरस्कार के निर्णायक मंडल में नवभारत टाइम्स, मुंबई के पूर्व संपादक विश्वनाथ सचदेव तथा इंदिरा गांधी कला केंद्र, दिल्ली के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी शामिल हैं।

## भ्रष्ट लोगों को केजरीवाल ने बनाया मंत्री : कांग्रेस

### जनता से मिले स्पष्ट बहुमत का किया अपमान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि भ्रष्ट आम आदमी पार्टी के मुखिया दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा जेल में जाने वाले शराब घोटाले के मुख्य आरोपी मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन का इस्तीफा मंजूर करने के बाद दिल्ली सरकार में शराब घोटाले के दागी सौरभ भारद्वाज और आतिशी को मंत्री बनाने के निर्णय से साबित होता है कि केजरीवाल के पास मंत्री बनाने के लिए साफ छवि वाले विधायक हैं ही नहीं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल भ्रष्ट लोगों को मंत्री पद पर आसीन करके दिल्ली की जनता से मिले स्पष्ट बहुमत का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, जिन्होंने 28 दिसंबर, 2013 को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार के साथ शपथ लेने वाले छह मंत्रियों को कोहिनूर के रूप में वर्णित किया तो उनके ही छह मंत्री अब तक जेल जा चुके हैं। केजरीवाल अब दो दागी विधायकों को मंत्रियों के रूप में नियुक्त करने के लिए मजबूर हो गये हैं।

आगे अनिल कुमार ने कहा कि उन्होंने कहा कि पहली सरकार में 2015 में मंत्री रहे सौरभ भारद्वाज ने घोटाला किया किया था। जिसके कारण उन्हें खुद केजरीवाल द्वारा ही दोहराया नहीं गया, अब मजबूरी में उन्हें मंत्री बनाया गया है और नगर निगम में 3 महीने तक मेयर चुनाव होने में अड़चने पैदा करवाने वाली आतिशी को मंत्री पद देना दिल्ली के भविष्य के लिए नुकसान देय साबित होगा।

## डीसीडब्ल्यू प्रमुख ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने पद का दुरुपयोग करने और अवैध रूप से लोगों को नियुक्त करके मौद्रिक लाभ प्राप्त करने के लिए उनके खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप तय करने के निचली अदालत के आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डीआईजी विनय सिंह ने मालीवाल और तीन अन्य प्रोमिला गुप्ता, सारिका चौधरी और फरहीन मलिक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी के तहत आपराधिक साजिश रचने और धारा 13 के तहत अन्य अपराधों के लिए आरोप तय किए थे। मालीवाल ने उच्च न्यायालय के समक्ष आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दायर कर आरोपों को रद्द करने और अंतरिम राहत के रूप में आदेश पर रोक लगाने की मांग की है। यह मामला 10 मार्च को न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के समक्ष 11 अगस्त, 2016 को विधान सभा की पूर्व सदस्य (विधायक) बरखा शुक्ला सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। दर्ज शिकायत के आधार पर शुरू में जांच हुई और बाद में प्राथमिकी दर्ज की गई।

# कर्नाटक में येदियुरप्पा बनेंगे बीजेपी का चेहरा!

### राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया की पैठ

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

कर्नाटक में येदियुरप्पा और राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया को को फिर से पुचकारा जाने लगा है। दोनों राज्यों में विधान सभा चुनाव सर पर है और ऐसे में दोनों से मुलाकात कर उनका अभिवादन किया जाने लगा है। कर्नाटक में येदियुरप्पा और राजस्थान में वसुंधरा की पैठ, प्रसिद्धि व जनता से सरोकार इतना ज्यादा है कि इनकी पार्टी का और कोई भी नेता इनके जैसा कद नहीं बना पाया। जिसके कारण केंद्रीय नेता चाहकर भी इन दोनों प्रादेशिक क्षत्रपों को दरकिनार नहीं कर पा रहे हैं। क्योंकि ये आज भी जनता के बीच किसी अन्य से ज्यादा प्रासंगिक व प्रभावी हैं। केन्द्रीय नेतृत्व ने कर्नाटक में एक बार फिर से बीएस येदियुरप्पा को ही पार्टी का चेहरा बना चुनाव में उतरने की रणनीति बनाई है। इसी तरह से राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया को आगे करके चुनाव लड़ने की रणनीति बन रही है। वैसे तो 80 वर्षीय बुजुर्ग येदियुरप्पा ने राजनीति से सेवानिवृत्ति की घोषणा कर दी है कि वह चुनाव नहीं लड़ेंगे, लेकिन राज्य में पार्टी उनके लीडरशिप में चुनावी जंग में उतरने जा रही है। जिसके चलते राज्य के कुछ भाजपा नेताओं को आशंका होने लगी है कि येदियुरप्पा की अगुवाई में जीत हुई तो वह अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनवाने की गोटी बिछाएंगे।

इधर, राजस्थान की 69 वर्षीय वसुंधरा राजे सिंधिया ने तो राजनीति से संन्यास की घोषणा की नहीं हैं। भाजपा को जिस तरह कर्नाटक में सफल राजनीति करने के लिए बीएस येदियुरप्पा की जरूरत है, उसी तरह राजस्थान में सफलता के लिए वसुंधरा राजे की जरूरत है। राजस्थान में वर्ष के अंत में (नवम्बर अंत व दिसम्बर प्रथम सप्ताह) चुनाव हो सकते हैं। पार्टी के भीतर वसुंधरा खेमे के विरोध में मुहिम कहे जाने वाले गुलाब चंद कटारिया को राज्यपाल बना कर राज्य से बाहर भेज दिया गया है। कहा जाता है कि केंद्रीय मंत्री शेखावत को भी विधान सभा चुनाव तक शांत रहने का संकेत दे दिया गया है। जिसके चलते अब राज्य भाजपा में अकेली प्रभावी नेता के तौर पर वसुंधरा ही दिख रही हैं। वही एक ऐसी हैं जो कांग्रेस को टक्कर देने का माहौल बना सकती हैं। वैसे तो राज्य कांग्रेस अध्यक्ष सतीश पुनिया व उनके जैसे कुछ भाजपाई कह रहे हैं कि पार्टी कोई चेहरा आगे करके चुनाव नहीं लड़ेगी, मोदी के नाम पर लड़ेगी। लेकिन यदि यह होता तो कर्नाटक में क्यों 80 वर्षीय येदियुरप्पा का चेहरा आगे करके चुनाव लड़ने की तैयारी हो गई है?




### 'एक कोरी प्रेम कथा' में सामाजिक कुरीतियों से लड़ेंगी खनक बुद्धिराज



**अभिनेत्री** खनक बुद्धिराज ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'एक कोरी प्रेम कथा' के पोस्टर का अनावरण किया। फिल्म में अक्षय ओबेरॉय और अनुभवी अभिनेता राज बब्बर भी हैं। फिल्म एक ग्रामीण प्रथा 'कोरी' के इर्द-गिर्द घूमती है। ग्रामीण प्रथा के तहत, नवविवाहित जोड़ा संभोग करने से पहले बिस्तर पर एक सफेद कपड़ा बिछाता है, अगर हाइमन टूटने के कारण सफेद कपड़े पर लाल दाग लग जाता है, तो इसका मतलब है कि दुल्हन शुद्ध और 'कोरी' है। हरियाणा के अंबाला की रहने वाली खनक बुद्धिराज पेशे से आर्किटेक्ट हैं और 'एक कोरी प्रेम कथा' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। सिनेमा में काम करने की उनकी लंबे समय से चली आ रही महत्वाकांक्षा तब पूरी हुई जब उन्हें 'बॉम्बे', 'रंगीला' और 'हम दिल दे चुके सनम' जैसी फिल्मों का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस सुघंद फिल्म्स ने साइन किया।

### प्रीति जिंटा के साथ प्रियंका चोपड़ा और निक ने लॉस एंजेलिस में मनाई होली



**अभिनेत्री** प्रियंका चोपड़ा जोनस और उनके अमेरिकी पॉप-स्टार पति निक जोनस ने लॉस एंजेलिस में प्रीति जिंटा, उनके पति जीन गुडएनफ और दोस्तों के साथ होली मनाई। प्रीति ने इंस्टाग्राम पर पति जीन और दोस्तों के साथ लॉस एंजेलिस में प्रियंका और निक के घर पर होली मनाते हुए तस्वीरें और वीडियो साझा किए। उन्होंने कुछ और दोस्तों के साथ रंगों में सराबोर एक वीडियो भी साझा किया। प्रीति ने अपने कैप्शन में लिखा, सभी को होली की शुभकामनाएं। आज का दिन कितना मजेदार रहा। इतना शानदार मेजबान होने के लिए प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस का धन्यवाद। आप लोगों के साथ होली मनाना बहुत अच्छा लगा। भगवान का शुक्र है कि बारिश नहीं हो रही थी और सूरज निकल चुका था। नाचने और स्वादिष्ट खाने के बाद आज रात मैं एक बच्चे की तरह सो रही हूं। प्रियंका ने भी प्रशंसकों को होली की शुभकामनाएं दी।

### विभव काफी समझदार हैं, मैं खुद को दिल से बच्चा मानती हूं : काजल



**अभिनेत्री** काजल चौहान ने अपने सह-अभिनेता विभव रॉय के साथ ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री के बारे में बात की, जो उनके पति सोम की भूमिका निभा रहे हैं। काजल वर्तमान में 'मेरी सास भूत है' शो में गौरा की भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने साझा किया कि हालांकि वे ऑफ-स्क्रीन अलग हैं, लेकिन उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री सभी को पसंद है। उन्होंने कहाः मुझे खुशी है कि दर्शक विभव और मुझे बहुत पसंद करते हैं, क्योंकि स्क्रीन पर हमारी केमिस्ट्री कमाल की है। उन्होंने कहाः भले ही विभव काफी परिपक्व लड़का है, फिर भी मैं खुद को दिल से बच्चा ही मानती हूं। हम दोनों का अलग-अलग दृष्टिकोण है। वह आत्मा और ईश्वर में मेरे विश्वास को साझा नहीं करता है।

### कृति सेनन के साथ काम करना चाहते हैं रणबीर कपूर

बॉलीवुड के दिल की धड़कन रणबीर कपूर अभिनेत्री कृति सेनन के साथ काम करना चाहते हैं। हाल ही में अपनी फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' के प्रमोशन के दौरान रणबीर कपूर से पूछा गया कि वह किस अभिनेत्री के साथ काम करना चाहेंगे। अभिनेता ने कहाः कृति सेनन। 'तू झूठी मैं मक्कार' का निर्देशन लव रंजन ने किया है। इसमें रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर ने एक साथ पहली बार काम किया है। इसमें अनुभव सिंह बस्सी, डिंपल कपाड़िया और बोनी कपूर प्रमुख सहायक भूमिकाओं में हैं। फिल्म की शूटिंग बड़े पैमाने पर दिल्ली, मुंबई, स्पेन और मॉरीशस में हुई है। काम के मोर्चे पर, कृति दो मेगा रिलीज के लिए तैयार हैं - प्रभास के साथ 'आदिपुरुष' और टाइगर श्रॉफ के साथ 'गणपथ'।

# सांसद के आवास पर अन्न होली मिलन समारोह आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के सांसद संजय सेठ के आवास पर होली के शुभ अवसर पर अन्न होली मिलन सह हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया इस होली मिलन समारोह में देश के प्रसिद्ध हास्य कवि राव अजातशत्रु, केसर देव मारवाड़ी, गौरी मिश्रा ने अपनी प्रस्तुति दी। कवि सम्मेलन के पूर्व स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश की गई सांसद सेठ के द्वारा आयोजित इस होली मिलन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोच को आगे बढ़ाते हुए मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए मोटे अनाज के स्वादिष्ट झारखंडी ट्रेडीशनल फूड बाजरा की खीर मरुआ की पूरी, गुलगुला, पिठा बाजरे की स्वादिष्ट खिचड़ी, आए अतिथियों के बीच वितरण किया गया ताकि हम जो मोटे अनाज को अपने दिनचर्या से भूलते जा रहे हैं उसे पुनः अपने जीवन में अपनाएं। आए अतिथियों ने मोटे अनाज के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया इन सभी व्यंजनों को 40 महिला समूह की दीदियों द्वारा बनाया गया। आए अतिथियों ने सांसद संजय सेठ के साथ खूब अबीर गुलाल एवं फूलों की होली खेली तथा एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी देश के नामी गामी हास्य कवियों द्वारा रोचक प्रस्तुति पेश की आए अतिथियों का खूब मनोरंजन किया होली मिलन समारोह में भाजपा प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह प्रदेश के अध्यक्ष सह राज्यसभा के सांसद दीपक प्रकाश राज्य सभा सांसद आदित्य साहू मेयर आशा लकडा, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, रांची के विधायक सीपी सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, नवीन जयसवाल ,समरी लाल, के के गुप्ता सहित रांची के झारखंड ठोक विक्रेता संघ फेडरेशन झारखंड ऑफ कॉमर्स मारवाड़ी युवा मंच श्री महेश्वरी सभा मारवाड़ी सहायक समिति ओम श्री साईं सेवा मंडल अग्रवाल सभा तेरापंथी समाज श्री ब्राह्मण सभा समाज श्री ट्रक मालिक एसोसिएशन श्री महावीर मंडल रांची श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति सहित रांची के सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठन एवं रांची के सभी गणमान्य लोग सभी 6 विधानसभा के देव तुल्य कार्यकर्ता शामिल थे मंच का संचालन हास्य कवि सम्मेलन के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने की।





## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का होली मिलन समारोह संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। कांके**
भामाशाह नगर रिंग रोड होचर में आरटीएसएम रांची जिला के तत्वधान में एक दिवसीय होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय साहू एवं संचालन प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहू ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन की प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू , कांके क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य किरण देवी, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार साहू , प्रदेश के संरक्षक अशोक साहू, रांची महानगर के प्रभारी हजारी प्रसाद मोदी, रांची जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव एवं कांके प्रखंड नाई समाज के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, रांची जिला के कार्यकारी अध्यक्ष अजीत साहू, मुरारी गुप्ता एवं उपाध्यक्ष डॉ दानेश्वर साहू, मंत्री कपिल साहू, बेनी साहू, शत्रुघ्न साहू, विकास साहू , सुखदेव साहू,गणेश साहू, शंकर साहू, प्रदीप साहू, संजय साहू, जगदीश साहू, दीपक साहू, फुलेश्वर साहू, विजय साहू सहित राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के दर्जनों प्रतिनिधि एवं समाज सेवी उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुनील साहू ने कहा सामाजिक न्याय एवं राजनीतिक भागीदारी के लिए बहुसंख्यक तेली समाज को भी शासक वर्ग बनना पड़ेगा। और शासक वर्ग वही समाज बनता है जो किसी विचारधारा का गुलाम नहीं होता, जबकि हमारा तेली समाज आजादी के बाद से किसी ना किसी विचारधारा का गुलाम बना हुआ है जिसके कारण हमारे समाज को किसी भी राजनीतिक दल न टिकट देती है और न ही संगठन में भागीदारी। विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा देश के अंदर अभिलंब जाति आधारित जनगणना के साथ जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी राजनीतिक भागीदारी मिलना चाहिए,इसके लिए बड़े पैमाने पर जन जागरण अभियान चलाने की आवश्यकता है।

## एफओडब्ल्यूए ने मनाया रंगों की होली

**नवीन मेल संवाददाता।**
रांची। फॉरेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (एफओडब्ल्यूए) ने होली मिलन होली मिलन मस्ती, मस्ती, जोश और जीवंत रंगों के साथ फॉरेस्ट रेस्ट हाउस डोरंडा में बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। सदस्य प्यार, स्नेह, खुशी और आनंद के रंगों को जोड़कर त्योहार मनाने के लिए एकत्र हुए और समाज की सेवा करने के लिए अपनी भाईचारे की भावना को मजबूत किया।उत्साहपूर्ण उत्सव को होली गीतों और नृत्य प्रदर्शन के साथ चिह्नित किया गया था। अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव ने कहा कि हमें प्रकृति को नष्ट करने और उसे अपना गुलाम बनाने के बजाय उसके साथ अधिक सद्भाव से रहना चाहिए। सदस्यों ने जल संरक्षण पर जोर दिया और स्थिरता के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए बायोडिग्रेडेबल उत्पादों, फूलों और जैविक रंगों का इस्तेमाल किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रूचि उपाध्याय, संयुक्त सचिव सुनंदिता दास, कोषाध्यक्ष मीनू पांडियन, सबिता मिश्रा, सुधा चौधरी, माधवी चटर्जी, लीना रस्तोगी, रंजना सामंत, सीमा कुमार, रेखा राजपुरोहित, चैत्र और अन्य ने भाग लिया।



## कवियों ने लोगों को खूब गुदगुदाया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
होली के रंगोत्सव के अवसर पर कवि सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा मारवाड़ी भवन मे हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि महावीर प्रसाद सोमानी तथा उद्घाटन पुनीत पोद्दार ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। तत्पश्चात समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन, मुख्य संयोजक ललित कुमार पोद्दार, सचिव पवन पोद्दार, पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, अंकेक्षक मनोज बजाज, किशोर मंत्री, अशोक नारसरिया, कमल जैन, अनिल अग्रवाल, अनुप अग्रवाल, राजेश भरतिया, प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कवि सम्मेलन मे पधारे ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कवि सुरेश अलबेला अरुण जैमिनी, विनीत चौहान, राव अजातशत्रु, केसर देव मारवाड़ी, एवं कवियत्री गौरी मिश्रा को होलीयाना अंदाज मे सब्जी की माला, पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं मोंमेटो देकर स्वागत किया। कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए कवि राव अजातशत्रु ने हंसी के फव्वारे की बौछार करते तीखे वाण व्यंग का मधुर संगम पेश किया। हास्य रस के विख्यात कवि सुरेश अलबेला ने अपने तीखे व्यंग अंदाज से दर्शकों को खूब गुदगुदाया इस दौरान हंसी के ठहाके देर रात तक चली। सुरेश अलबेला ने अपने अलबेले अंदाज पर कहा की ना मैं सपा का आदमी हूं ना मैं भाजपा का आदमी हूं मैं सिर्फ अपनी लुगाई का आदमी हूं, सुरेश अलबेला ने कांग्रेस की चुटकी लेते हुए कहा कि कांग्रेस को ना तो प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई न ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस अभी तो सिर्फ चाय वाला प्रधानमंत्री देखा है गाय वाला नहीं यूपी का गाय वाला प्रधानमंत्री बन गया तो कांग्रेसियों को चाय वाले पीएम मोदी साक्षात भगवान नजर आएंगे। कॉमेडियन करते हुए कहा कि यूक्रेन में राष्ट्रपति कॉमेडियन है पंजाब में कॉमेडियन सीएम बन गया है मैं भी अल्कोहल लूंगा तो जरूर कुछ बन जाऊंगा। कवि 50% पागल होते हैं तथा हमें बुलाने वाले 100% पागल होते हैं। हास्य कवि अरुण जेमिनी, विनीत चौहान एवं केसर देव मारवाड़ी ने अपने हास्य कविताओं के जरिए लोगों को हंसाते हंसाते लोटपोट कर दिया। उन्होंने वर्तमान राजनीति, देश की हालात, आतंकवाद ,सामाजिक बुराइयां पर भी जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि आजकल तनाव भरी जिंदगी में लोग हंसना भूल गए हैं इसलिए वह लोगों की उदासी दूर करने निकले हैं यह अवसाद और उदासी हमें आगे बढ़ने नहीं देती है।

# मारवाड़ी समाज ने होली मिलन समारोह मनाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मारवाड़ी सहायक समिति के तत्वधान में संपूर्ण मारवाड़ी समाज का होली मिलन समारोह मारवाड़ी भवन में हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। होली मिलन समारोह का विधिवत उद्घाटन मारवाड़ी समाज के सभी संस्थाओं के अध्यक्ष व मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन होलीयाना अंदाज मे अंग वस्त्र, रंग बिरंगी टोपी एवं सब्जी का माला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर संस्थाओं के अध्यक्षों ने कहा की यह पर्व समाज में उल्लास भाईचारे एवं प्रेम का संदेश, एकता, सद्भावना, शांति सौहार्द सामाजिक समरसता का यह महापर्व आपके जीवन में आनंद उत्साह एवं रंग उमंग के सतरंगी रंगों का समावेश करें। यह पर्व अज्ञान पर ज्ञान असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई का उत्सव है।इस अवसर पर सबों ने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया एवं बच्चों को आशीष दिया गया। इस अवसर पर डांस ग्रुप कोलकाता द्वारा रंगारंग राजस्थानी मनमोहक नृत्य राजस्थानी गीत एवं नाटिका से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कांच के टुकड़ों पर किए गए नृत्य, मोर नृत्य, कठपुतली नृत्य, एवं राजस्थानी सांस्कृतिक पर आधारित होली के लोकनृत्य, एवं राधा कृष्ण की फूलों की वर्षा की होली लोगों की मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। होली मिलन समारोह में सबों ने आपस में अबीर-गुलाल लगाते हुए रंगों में सराबोर हो गए। कार्यक्रम में कई मनोरंजक खेल का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह स्वादिष्ट एवं लजीज अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी। जिसका लोगों ने खूब लुफ्त उठाया। समारोह में दो हजार से भी अधिक लोगों ने भाग लिया। समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि समारोह में सम्मिलित मारवाड़ी समाज की सहयोगी संस्थाओं में अग्रवाल सभा, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच, मारवाड़ी ब्राह्मण सभा, महेश्वरी सभा, दिगंबर जैन पंचायत, ओसवाल संघ, विजयवर्गीय सभा, मारवाड़ी सैन समाज, मारवाड़ी महिला मंच, मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा, राजस्थानी प्रोफेशनल एसोसिएशन, खंडेलवाल वैश्य संघ, हरियाणा संघ, आदि शामिल थे। होली मिलन समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया, संचालन समिति के सचिव कौशल राजगढ़िया व कार्यक्रम संयोजक सज्जन पाड़िया ने तथा धन्यवाद- ज्ञापन उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने की। समारोह में भागचंद पोद्दार, उप मेयर संजीव विजयवर्गीय, अशोक नारसरिया, कौशल राजगढ़िया, सज्जन पाड़िया, सुरेश चंद्र अग्रवाल, ललित कुमार पोद्दार, राज कुमार केडिया, विजय कुमार खोवाल, नंदकिशोर पाटोदिया, पवन पोद्दार, जुगल दरगड, सुरेश जैन, पवन शर्मा, किशोर मंत्री, अजय खेतान, अनिल अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, प्रेम मित्तल, प्रकाश चंद्र नाहटा, मनोज चौधरी, भरत बगड़िया, राजकुमार मारू, सुनील केडिया, शिव शंकर साबू, कमल खेतावत, निर्मल बुधिया, नरेंद्र लाखोटिया, विमल दस्सानी, पृथ्वीराज चौधरी, नंदकिशोर चांगल, रीना सुरेका, किशन पोद्दार, श्यामसुंदर गोयल, विकास अग्रवाल, सुभाष चंद्र जैन, विकास कुमार अग्रवाल, ललित पोद्दार, किशन शर्मा, रमन बोड़ा, नारायण विजयवर्गीय, सुमिता लाठ, पूजा सरावगी, श्वेता भाला, आदि के अलावे बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## देउरी डुमरी फील्ड फायरिंग रेंज में मोर्टार की नहीं हुई फायरिंग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिहार के अंतर्गत गुलेरबेद गांव के पास हुई 08 मार्च 2023 की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मारे गए और घायल हुए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।इस घटना के कुछ दायरों को मीडिया के कुछ वर्गों द्वारा गलत व्यक्त किया गया है कि यह मौतें सेना की मोर्टार फायरिंग के कारण हुई हैं। उक्त मामले पर मिनिस्ट्री डिफेन्स प्रयागराज, प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो डिफेन्स विंग पब्लिक रिलेशन ओफ्फरेर समीर गंगाखेड़कर प्रेस रिलिज जारी करते हुए बताते हुए यह स्पष्ट किया है कि 08 मार्च को देउरी डुमरी फील्ड फायरिंग रेंज में मोर्टार की फायरिंग नहीं की गई थी।

यह भी स्पष्ट किया कि इस अधिसूचित फायरिंग रेंज पर फायरिंग से पहले दैनिक आधार पर स्थानीय नागरिक प्रशासन और पुलिस से सभी मंजूरी प्राप्त की जाती है। 8 मार्च को मोर्टार फायरिंग नहीं की गई और इसलिए कोई मंजूरी नहीं मांगी गई थी। लेकिन कुछ सोशल मीडिया के द्वारा उक्त स्थान पर कुछ वर्ग जमीन में एक गोल आकार का छेद दिखाकर उसे मोर्टार शेल का गड्ढा बता रहे हैं।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में डिजाइन की प्रदर्शनी की गयी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में वार्षिक कला और शिल्प प्रदर्शनी कैलाइडोस्कोप का आयोजन किया गया। छात्रों द्वारा डिजाइन की गई सुंदर और रचनात्मक सामग्री प्रदर्शित की गई। डिस्पोजेबल ग्लास और प्लेट, प्लास्टिक की बोतलें, समाचार पत्र आदि जैसे अपशिष्ट पदार्थों से बने उपयोगी लेख, छात्रों की कलात्मक प्रतिभा और उनके द्वारा किए गए प्रयासों को निर्देशित किया। लाइव आर्ट सेक्शन आकर्षण का केंद्र था



जहां स्कूल के नवोदित कलाकारों ने लाइव आर्ट का प्रदर्शन किया और अपने कुछ बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही छात्रों ने तैयार किए गए प्रोजेक्ट्स के माध्यम से अनुभवात्मक भ्रमण तथा क्लब एक्टिविटी के अपने अनुभवों को भी साझा किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस प्रदर्शनी को सफल बनाने के लिए शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आर्ट इंटिग्रेटेड लर्निंग के माध्यम से बच्चे किसी भी अवधारणा की बेहतर समझ हासिल करते हैं।

## 16 मार्च को शंकराचार्य श्री स्वामी निश्चलानंद सरस्वती आयेंगे रांची

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पुरी पीठ के वर्तमान शंकराचार्य श्री स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज 16 मार्च को रांची आयेंगे। उसके उपरांत संध्या 4 बजे से हरमू मैदान में विराट धर्मसभा को पूज्य शंकराचार्य जी संबोधित करेंगे, जिसमें पूरे झारखंड से 20000 भक्तजन शामिल होंगे। विराट धर्मसभा के समापन के बाद 20000 भक्तजनों के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी। पूज्य शंकराचार्य जी का प्रवास रांची में चार दिनों का है। इन चार दिनों में प्रथम दिन विराट धर्मसभा का आयोजन हरमू मैदान में है। दो दिन दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और एक दिन शाम में श्री जगन्नाथ मंदिर, रांची में संगोष्ठी का आयोजन होगा। शंकराचार्य जी 19 मार्च 2023 को संध्या चार बजे हटिया रेलवे स्टेशन से पुरी, उड़ीसा के लिए प्रस्थान करेंगे। आदित्य वाहिनी झारखंड के संयोजक शिशिर ठाकुर का कहना है कि पूज्य शंकराचार्य जी साल में 250 से अधिक दिनों तक भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में राष्ट्र, धर्म, वैदिक गणित, विज्ञान को लेकर आम जनमानस को संबोधित करते हैं। उनका कहना है कि पूज्य शंकराचार्य जी का ऐतिहासिक संभाषण आईआईएम अहमदाबाद, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, आईआईएम कोलकाता, एनआईएएस आईआईएससी बेंगलुरु जैसे स्थानों पर हो चुका है।

## पृष्ठ एक के शेष

**ातेहार में दो टॉप इनामी...**
इनकी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है। दोनों लातेहार जिले के मटलौंग के रहने वाले हैं और इनके खिलाफ लातेहार के अलावा पलामू और चतरा सहित कुछ अन्य जिलों में नक्सली वारदात के दर्जन भर से भी ज्यादा मामले दर्ज हैं। इनसे पूछताछ में पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल हुई हैं। बीते दिनों 25 लाख के इनामी नवीन यादव द्वारा आत्मसमर्पण के बाद से इलाके में सक्रिय कई नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं।

**सर्च अभियान के दौरान तीन किलो...**
अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसी सूचना के बाद से बीते 11 जनवरी से चाईबासा पुलिस, कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ की टीमों का एक संयुक्त अभियान टीम गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा।

**दर्जनों लड़कियों को दे रही...**
रहा है। वो पलामू के अलावा व झारखंड के कई जिलों में अपने प्रतिष्ठान को खोलना चाहती है। फिलहाल स्टार्टअप से प्रत्येक महीने 15 से 20 लाख की आय हो रही है। पिता क्रिस्टोफर में एलआईसी से सेवानिवृत्त हुए हैं और स्टार्टअप के लिए काफी हौसले को बढ़ाया है। आयुषी बताती हैं कि उनकी योजना है कि इलाके की लड़कियों को बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध करवाया जाए। पलामू के रहने वाले युवक देव आनंद भारद्वाज बताते हैं कि आयुषी का यह साहस भरा कदम है। पलामू का इलाका पिछड़ा रहा है और लड़कियों के लिए बिजनेस करना एक चुनौतीपूर्ण रहा है। देवानंद बताते हैं कि यह बेहद खुशी की बात है कि आयुषी जैसी लड़की समाज में एक उदाहरण बन कर सामने आ रही है।

**बाहा पर्व मनाने पैतृक गांव...**
अक्षुण्ण रखेगा। बाहा पर्व पर पूजा कराने वाले को नायकी बाबा के रूप में जाना जाता है। पूजा के बाद वह सुखआ, महुआ और साल के फूल बांटते हैं। इस पूजा के साथ संथाल समाज में शादी विवाह का सिलसिला शुरू होता है। संथाल समाज में ही कुछ जगहों पर रंग खेलने के बाद वन्यजीवों के शिकार की परंपरा है। शिकार में जो वन्यजीव मारा जाता है उसे पका कर सामूहिक भोज का आयोजन किया जाता है।

**विदेशों मे बढ़ी 'आकाश'...**
यानी फ्रांसीसी कंपनी दस्सां के रफाल, स्वीडन के ग्रिपेन, दूसरे देशों के सुखोई-30 पर भी हम इंटीग्रेट करने की तैयारी कर रहे हैं। जब हमारा स्मार्ट एंटी एयर वेपन सिस्टम के दूसरे देशों के विमानों के साथ इंटीग्रेट करने का काम पूरा हो जाएगा, तो जो कोई देश इन विमानों को खरीदेगा उसे हमारा स्मार्ट एंटी एयर वेपन भी साथ में लेना पड़ सकता है। इस तरह से हम इस मिसाइल सिस्टम को निर्यात करने का बहुत बड़ा मौका और बाजार खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपने मिसाइल सिस्टम को इस तरह तैयार किया है कि वह किसी भी विमान पर फिट हो जाए। वेपन सिस्टम किसी भी एयरक्राफ्ट का बहुत ही अहम हिस्सा होता है। अगर हम कम कीमत पर बहुत अच्छी गुणवत्ता का प्रोडक्ट किसी को देते हैं तो उसे बहुत फायदा होता है। इसीलिए सभी लोग हमारे प्रोडक्ट में रुचि दिखा रहे हैं। हमारे जैसी मिसाइलें इंटरनेशनल मार्केट में बहुत ही कम हैं। इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार से लगभग 20 से 30 फीसदी का फर्क है। इसीलिए विदेशी विमानों के लिए भी यह बहुत अच्छा सिस्टम साबित होगा और विदेश की बहुत कंपनियां इसमें अधिक रुचि दिखा रही है। उन्होंने आगे कहा कि मिसाइल के क्षेत्र में अगले 5 से 6 सालों में लगभग सभी प्रकार की मिसाइलें भारत में बनना शुरू हो जाएंगी। हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल, सतह से सतह की मिसाइल, जमीन से हवा में प्रहार करने वाली चारो तरह की मिसाइलें बीडीएल बनाएगा। हमें यह कहते हुए खुशी हो रही है बीडीएल मार्केट का लीडर है। भारत में ही नहीं हम लोगों ने बीडीएल को बहुत ही अच्छी स्थिति में दुनिया के प्लेटफॉर्म पर स्थापित किया है। जहां भी हम जाते हैं वहां के लोग हमारे प्रोडक्ट में बहुत अधिक रुचि दिखाते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हमारी गुणवत्ता उत्तम श्रेणी की है और हमारी कीमतें भी बहुत ज्यादा नहीं है। बीडीएल का प्रोडक्ट बहुत अच्छा है और इसकी कीमतें भी बहुत अच्छी है। किसी भी वेपन सिस्टम को बाजार में स्थापित करने के लिए यह दो बहुत जरुरी बातें हैं। यह दोनों चीजें अगर किसी प्रोडक्ट में हों तो उसमें खरीदने वाले रुचि जरुर दिखाएंगे।

**नारी शक्ति** मर्दों से कदम से कदम मिलाकर चल रहीं हैं महिलाएं

# समाज के निर्माण का आधार है नारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अकेली होकर भी पूरा परिवार है नारी, कभी माँ, कभी पत्नी, तो कभी बहन बनती है, हर रिश्ते में त्याग और प्रेम का संसार है नारी...सभी नारी शक्ति को मेरा नमन और सभी श्रोताओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके योगदान एवं उपलब्धियों को पहचान दिलाने के लिए 8 मार्च को प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता हैं। आज की महिलाएं आत्म-निर्भर हैं, समाज और देश के विकास के लिए बड़ा योगदान दे रही हैं। हमारे समाज के लिए महिलाओं का योगदान पुरुषों के बराबर रहा है, बल्कि कई क्षेत्रों में पुरुषों से भी बढ़कर कला व शिक्षा के क्षेत्र के अलावा स्वास्थ्य, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, खेल, राजनिति व आर्थिक मोर्चे पर भी



आज पूरे विश्व में महिलाएं अपनी पहचान बना चुकी हैं। हमारे देश की बात करें तो गार्गी व मैत्रेयी से लेकर भारत की वर्तमान राष्ट्रपति माननीय द्रौपदी मुर्मू तक संघर्षशील व सफल महिलाओं की एक लंबी कतार है, जो इस बात का प्रमाण है कि महिलाओं ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। अपने देश में महिला साक्षरता की बात करें तो आज यह लगभग 60-65 प्रतिशत है। इन सबके साथ ही आज के दिन हम यह भी याद करें कि चाहे भारत हो या विश्व की बात हो, हर क्षेत्र में उन्हें बराबरी के हक के लिए आज भी संघर्ष करना पड़ रहा है। यह संघर्ष न केवल बराबरी का हक पाने के लिए बल्कि उनके आत्मसम्मान की रक्षा के लिए भी है। आज हर क्षेत्र में स्त्री सशक्त है परंतु इसके समानांतर उसका शोषण भी जारी है निसंदेह जो बहुत ही दुखद है। इस पर हम सभी को मिलकर काम करने की एवं लोगों की सोच बदलने की आवश्यकता है कुछ और सशक्त कानून की जरूरत है, भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्व दिया गया है। संस्कृत में एक श्लोक है- 'यस्य पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवताः । अर्थात, जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। हमारी संस्कृति को बनाए रखते हुए नारी का सम्मान कैसे किया जाए, इस पर विचार करना आवश्यक है। मां अर्थात माता के रूप में नारी, धरती पर अपने सबसे पवित्रतम रूप में है। माता यानी जननी मां को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है, क्योंकि ईश्वर की जन्मदात्री भी नारी ही रही है। मां देवकी (कृष्ण) तथा मां पार्वती (गणपति/ कार्तिकेय) के संदर्भ में हम देख सकते हैं इसे। बच्चे हमारे भविष्य हैं और उन बच्चों की प्रथम शिक्षिका 'मां' होती है तो अगर हमें अपना, इस पृथ्वी का भविष्य सुरक्षित व सबल रखना है तो स्त्री सशक्तिकरण पर ध्यान देना ही होगा, उन्हें सम्मान, विश्वास व अवसर देना ही होगा।

## महिला दिवस पर पासवा ने महिलाओ को किया सम्मानित

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर झारखंड प्रदेश प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) ने संत गैब्रिएल एंड मोनिका स्कूल में शिक्षा, साहित्य, चिकित्सा एवं अन्य क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया। मौके पर होली मिलन समारोह का भी आयोजित किया गया। पासवा ने साहित्य के क्षेत्र में नंदा पांडे, शिक्षा के क्षेत्र में डॉ सुषमा केरकेट्टा, डॉ किरण सुनीता तिर्की, विनीता कुमारी, डेजी मुस्कान, ममता सिन्हा, नुसरत जहां, आफरीन परवीन, होली क्रॉस स्कूल की प्राचार्या सिस्टर सरोज लकड़ा, एसबीआई बैंक मैनेजर मोलिना विद्या मुंडा, चिकित्सा क्षेत्र में डॉ राजश्री, सेवा कार्यों के लिए यमुना देवी सहित कई महिलाओं को सम्मानित किया। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा, आदर और प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में महिला दिवस उत्सव के तौर पर मनाया जाता है।

## NEWS इन ब्रीफ

### एम्मा राडुकानू को कलाई की समस्या

**इंडियन वेल्स।** ब्रिटिश नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी एम्मा राडुकानू ने कहा है कि पिछले साल उन्हें जो कलाई की चोट लगी थी, वह एटीपी 1000 इंडियन वेल्स के पहले मैच में फिर से उभर आई है। ब्रिटिश नंबर 1 को गुरुवार को एटीपी 1000 इंडियन वेल्स मास्टर्स के पहले दौर में डंका कोविनिक के खिलाफ ड्रा किया गया है। राडुकानू बुधवार को प्रैक्टिस कोर्ट में अपनी दोनों कलाइयों पर पट्टी बांधी दिखाई दी थी। 20 वर्षीय राडुकानू चोट के कारण चैरिटी प्रदर्शनी मैच और आइजनहावर कप से चूक गई थीं और मंगलवार को अपना अभ्यास भी रद्द कर दिया था।

### आईआईएस ने मणिपुर जूडो एसोसिएशन के साथ किया करार

**नई दिल्ली।** इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) ने गुरुवार को मणिपुर जूडो एसोसिएशन (एमजेएम) के साथ साझेदारी की घोषणा की है, जो मणिपुर राज्य में जूडो के विकास के लिए जिम्मेदार है। इस करार का लक्ष्य राज्य में जूडो के खेल के लिए एक संरचित एथलीट विकास मार्ग बनाना एवं भारतीय जुडो को वैश्विक स्तर पर सफलता हासिल करने में मदद करना है। आईआईएस और एमजेए के बीच अपनी तरह के इस अनूठे सहयोग का उद्देश्य जूडो को दुनिया के प्रमुख ओलंपिक खेलों के रूप में मान्यता दिलाना और आगे बढ़ाना है।

### शॉ ने सोशल मीडिया पर किया हैरान करने वाला पोस्ट

**नई दिल्ली।** हाल ही में सोशल मीडिया पर सपना गिल के साथ एक नाइट क्लब में हुए विवाद के बाद सुर्खियों में आने वाले भारत के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक हैरान करने वाला पोस्ट साझा किया, जिसने प्रशंसकों को चकित कर दिया। शॉ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखाः कुछ लोग आपसे सिर्फ उतना ही प्यार करेंगे, जितना वे आपका इस्तेमाल कर सकते हैं। उनकी वफादारी वहीं खत्म हो जाती है, जहां फायदे खत्म हो जाते हैं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि पोस्ट किसके लिए किया गया था।

### रूस और बेलारूस को पेरिस ओलंपिक से प्रतिबंधित करने की मांग

**नयी दिल्ली।** कनाडा के 40 से ज्यादा रिटायर्ड ओलंपियनों ने कनाडा ओलंपिक समिति से मांग की है कि वह रूसी और बेलारूसी एथलीटों के 2024 के पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग लेने के प्रति अपने समर्थन के फैसले को बदले। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने जनवरी में यह कहते हुए रूसी और बेलारूसी एथलीटों के पेरिस ओलंपिक में भाग लेने का रास्ता साफ किया था कि किसी एथलीट को उसके पासपोर्ट के आधार पर भाग लेने से नहीं रोका जाना चाहिए।

# डब्ल्यूपीएल : बेथ मूनी की जगह लौरा गुजरात जायंट्स में शामिल

**एजेंसी। अहमदाबाद**



महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फ्रेंचाइजी गुजरात जायंट्स ने दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट को चोटिल बेथ मूनी की जगह टीम में शामिल किया है। लौरा 13 फरवरी को आयोजित डब्ल्यूपीएल नीलामी में अनसोल्ड रह गई थीं और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की महिला लीग के प्रदर्शनी मैचों में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान में थी। उनकी टीम सुपर वुमन ने उन्हें रिलीज कर दिया है और उनकी जगह उनकी हमवतन सुने लुस को टीम में शामिल किया गया है। मूनी को 4 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में घुटने में चोट लग गई थी। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 208 रनों का पीछा करने के दौरान तेजी से रन लेने के दौरान उनके घुटने में चोट लग गई थी। गुजरात जायंट्स की टीम मैच में सिर्फ 64 रन पर आउट हो गई थी। मूनी ने तब से डब्ल्यूपीएल में भाग नहीं लिया है, हालांकि बाद के मैचों के दौरान उन्हें अपने साथियों के साथ देखा गया है। टीम की उप-कप्तान, स्नेह राणा, उनकी अनुपस्थिति में गुजरात जायंट्स का नेतृत्व कर रही हैं। मूनी को गुजरात ने डब्ल्यूपीएल नीलामी में 2 करोड़ रुपये में खरीदा था। वोल्वार्ड्ट ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के हवाले से बुधवार को पीसीबी द्वारा जारी एक बयान में कहाः मैं महिला लीग प्रदर्शनी मैचों में खेलने के इस अवसर के लिए पीसीबी को धन्यवाद देना चाहती हूं। यह एक अविश्वसनीय छोटी यात्रा रही है, लेकिन मुझे अनुभव पसंद आया है। टीम अद्भुत रही है और मुझे बहुत अच्छा महसूस हुआ है। उन्होंने कहाः मैं शेष श्रृंखला के लिए दोनों टीमों को शुभकामनाएं देती हूं। मुझे यकीन है कि दोनों पक्ष कड़ी मेहनत करेंगे और वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## आकाश चोपड़ा बोले, हरलीन देओल ने खेली परफेक्ट पारी

**एजेंसी। मुंबई**



पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने गुजरात जायंट्स की ऑलराउंडर हरलीन देओल की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि उन्होंने महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ परफेक्ट पारी खेली। सोफिया डंकली के आउट होने के बाद हरलीन ने शानदार टाइमिंग और प्लेसमेंट का प्रदर्शन करते 45 गेंदों में 67 रन बनाये जिसमें नौ चौके और एक छक्का शामिल था। गुजरात ने सात विकेट पर 201 रन बनाये जो उन्हें ब्रेबोर्न स्टेडियम में बेंगलुरु के खिलाफ 11 रन की जीत दिलाने के लिए पर्याप्त थे। चोपड़ा के हवाले से स्पोर्ट्स18 और जियोसिनेमा ने कहाः हरलीन ने धीमी शुरुआत की थी। एक समय उन्होंने 20 गेंदों पर मात्र 22 रन बनाये थे। वहां से आपको या तो आउट होना है या रन गति बढ़ानी है। उन्होंने वहां से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने स्पिन के खिलाफ शानदार खेला। उनकी पारी परफेक्ट थी। बेंगलुरु की यह लगातार तीसरी हार थी और कप्तान स्मृति मंधाना ने एक और मामूली स्कोर बनाया।

# चौथा टेस्ट : उस्मान ख्वाजा ने जड़ा शतक

## ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 4 विकेट पर 255 रन



### दोनों कप्तानों को खास कैप

टॉस से पहले, दोनों कप्तानों रोहित शर्मा और स्टीव स्मिथ ने अपने-अपने प्रधानमंत्रियों, नरेंद्र मोदी और एंथनी अल्बनीस से स्पेशल टेस्ट कैप प्राप्त की। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीस को सम्मानित किया, जबकि सचिव जय शाह ने प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया। प्रधानमंत्री मोदी और पीएम अल्बनीस ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दोस्ती के 75 साल पूरे होने के मौके पर मैदान में लैप ऑफ ऑनर भी लिया।

**एजेंसी। अहमदाबाद**

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे चार मैचों की सीरीज के चौथे और आखिरी टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त हो गया है। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन चार विकेट पर 255 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा शानदार शतक लगाकर 104 रन पर नाबाद हैं। ख्वाजा के साथ दूसरे छोर पर कैमरन ग्रीन 49 बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम मैच में मजबूत स्थिति में है। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड और उस्मान ख्वाजा ने सधी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। 61 के कुल स्कोर पर रविचंद्रन अश्विन ने हेड को रवींद्र जडेजा के हाथों कैच कराकर भारत को पहली सफलता दिलाई। हेड ने 44 गेदों में 7 चौकों की बदौलत 32 रन बनाए। मोहम्मद शमी ने इसके बाद 72 के कुल स्कोर पर मार्नस लाबुशेन को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया को दूसरा झटका दिया। लाबुशेन केवल 3 रन ही बना सके। इसके बाद ख्वाजा और स्मिथ ने अच्छी बल्लेबाजी की और लंच तक और कोई विकेट नहीं गिरने दिया। लंच के बाद उस्मान ख्वाजा ने अपना अर्धशतक पूरा किया। इस सत्र में दोनों ने धीमी बल्लेबाजी की, लेकिन दूसरे सत्र में भारत को कोई विकेट नहीं दिया।

तीसरे सत्र में 151 रन के स्कोर पर रवींद्र जडेजा ने स्टीव स्मिथ को आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। स्मिथ ने 135 गेंद में तीन चौकों की मदद से 38 रन बनाए। इसके बाद 170 रन के स्कोर पर मोहम्मद शमी ने ऑस्ट्रेलिया को चौथा झटका दिया। शमी ने पीटर हैंड्सकॉम्ब को क्लीन बोल्ड किया। हैंड्सकॉम्ब ने 17 रन बनाए। इसके बाद उस्मान ख्वाजा ने कैमरन ग्रीन के साथ पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने अच्छी बल्लेबाजी की। ख्वाजा ने पहले दिन का खेल खत्म होने से ठीक पहले अपना शतक पूरा किया। पहले दिन का खेल खत्म होने तक ख्वाजा 104 रन और कैमरन ग्रीन 49 रन बनाकर क्रीज पर जमे हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन चार विकेट पर 255 रन बना लिए हैं। पहले दिन भारत के लिए मोहम्मद शमी ने दो विकेट, जबकि रविचंद्रन अश्विन और रविन्द्र जडेजा ने 1-1 विकेट लिया।

### मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई पीएम के साथ देखा मैच

**एजेंसी। अहमदाबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ गुरुवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन ग्राउंड में मौजूद रहे। स्टेडियम में पहुंचने के बाद, दोनों प्रधानमंत्री पूरे स्टेडियम में घूमे, इस बीच स्टेडियम में मौजूद दर्शक तालियां बजा रहे थे। बाद में वे अपने-अपने क्रिकेट टीम के कप्तानों (रोहित शर्मा और स्टीव स्मिथ) से मिले और लगभग 25 मिनट तक एक साथ खेल देखा। स्टेडियम में राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। 2022 में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद से दोनों देशों के नेताओं के बीच यह चौथी मुलाकात है। वह 11 मार्च तक भारत के दौरे पर रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया गांधीनगर में गिफ्ट शहर में डीकिन विश्वविद्यालय की सुविधा स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री अल्बनीस ने 'मैत्री' नामक भारतीय छात्रों के लिए एक छात्रवृत्ति नीति भी शुरू की है।




*अहमदाबाद : भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद में गुरुवार से शुरू हुए चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच की शुरुआत में भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तानों रोहित शर्मा, और स्टीवन स्मिथ के साथ हाथ उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बानीस के साथ।*

## विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बनना मेरी उम्मीदों से परे था : स्वीयाटेक



**एजेंसी। इंडियन वेल्स/अमेरिका पोलैंड** की ईगा स्वीयाटेक ने कहा है कि विश्व की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बनना उनकी उम्मीदों से परे था क्योंकि यह उन्हें भारी दबाव में मिला था। पिछले वर्ष चार अप्रैल को स्वीयाटेक एश्ले बार्टी के संन्यास के बाद रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर पहुंची थीं। उन्हें मौजूदा समय में नंबर दो 2023 की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैम्पियन आर्यना सबालेंका पर 4485 अंकों की बढ़त हासिल है। स्वीयाटेक ने इंडियन वेल्स में संवाददाताओं से कहाः मुझे लगा था कि यह संभव नहीं होगा। यह कुछ ऐसा था जो मेरी उम्मीदों से परे था। हर कोई इस जगह पर पहुंचना चाहता है लेकिन इतना तय है कि यह भारी दबाव और उम्मीदों के साथ आया है।

स्वीयाटेक के लिए पिछला सत्र काफी शानदार रहा था जिसमें उन्होंने दो ग्रैंड स्लैम सहित आठ खिताब जीते थे। उनका 37 मैचों का विजय क्रम रहा था। उन्होंने कहाः दोहा और दुबई के बाद मैंने काफी मजबूत महसूस किया। मैंने डब्लूटीए 500 खिताब जीता और 1000 के फाइनल में थी लेकिन मैं फाइनल में हार गई। लोग हैरान थे। मेरे प्रदर्शन से खुश नहीं थे और आलोचक बन गए थे। स्वीयाटेक ने कहाः पिछले वर्ष मैं टूर्नामेंट को जीतने के परिणामों से खुश थी लेकिन अब इन प्रतिक्रियाओं के बाद मुझे लगता है कि ओह, यह पर्याप्त नहीं था।

## भारत ने इंडोनेशिया को 6-0 से किया पराजित




### झारखंड की महिला खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

### पहले मैच में सिंगापुर को 7-0 से किया था पराजित


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वियतनाम (हनोई) में 4 से 12 मार्च तक आयोजित एएफसी अंडर20 महिला एशियन कप क्वालिफायर मैच में भारत ने अपने दूसरे मैच में इंडोनेशिया को 6-0 हराकर लय बरकरार रखा है। झारखंड की अनिता कुमारी एवम सुमति कुमारी ने भारत के लिए महत्पूर्ण गोल कर भारत को विजयी बनाने में अपनी महती भूमिका निभाई। इसके पूर्व भारत ने झारखंड की खिलाड़ियों के महत्त्वपूर्ण योगदान से सिंगापुर को पहले मैच में 7-0 से पराजीत किया था। जिसमें सुमति कुमारी, अनिता कुमारी, अष्टम उरांव ने गोल किये थे। ज्ञातव्य हो कि भारतीय टीम में झारखंड से कुल 07 खिलाड़ी शामिल हैं। इस उपलब्धि पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक डॉ. सरोजनी लकड़ा, उपनिदेशक साझा देव शंकर दास, साझा के देवेंद्र सिंह, झारखंड फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों, खेल प्रशिक्षकों एवम राज्य के खेलप्रेमियों ने बधाई दी।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कोच जस्टिन लैंगर बोले

# एश्टन एगर सीरीज में डाल सकते थे प्रभाव

**एजेंसी। मुंबई**



आस्ट्रेलिया के पूर्व कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि स्पिन ऑलराउंडर एश्टन एगर भारत में चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में गेंद से प्रभाव छोड़ सकते थे। एगर ने सिडनी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आस्ट्रेलिया के तीसरे टेस्ट के माध्यम से टेस्ट क्रिकेट में वापसी की और ड्रा मैच में कोई विकेट नहीं लिया। लेकिन जब वह टेस्ट दौरे के लिए भारत आए, तो टॉड मर्फी और मैथ्यू कुहनमैन को नाथन लियोन के साथ टीम बनाने के लिए प्लेइंग इलेवन में जगह दी गई। नेट्स में अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष करने वाले एगर की रिपोर्ट के साथ, उन्हें घरेलू प्रतियोगिताओं में पश्चिमी आस्ट्रेलिया के लिए खेलने के लिए घर वापस भेज दिया गया। एगर को 17 मार्च से शुरू होने वाले तीन वनडे मैचों के लिए भारत वापस आना है। उन्होंने कहाः यह वास्तव में अजीब था, क्योंकि एगर ने सिडनी में आखिरी टेस्ट खेला था, जहां उन्होंने थोड़ी आलोचना का सामना किया। लेकिन वह भारत के पिचों पर प्रभाव डाल सकते थे। इसके बाद, उन्हें सिडनी में गेंदबाजी कोच डैनियल विटोरी ने प्रशिक्षित किया। लेकिन वह बिग बैश फाइनल में चूक गए थे।

लैंगर ने एसईएन डब्ल्यूए पर कहाः वह वास्तव में निराश होंगे। मैंने उनसे कई बार बात की है लेकिन वह इस फैसले से दुखी नहीं थे। लैंगर ने श्रृंखला में पिचों की प्रकृति का हवाला देते हुए यह भी कहा कि वह अनिश्चित थे कि भारत और आस्ट्रेलिया में से अब तक कौन बेहतर टीम रही है। उन्होंने कहाः इस टेस्ट सीरीज में वास्तव में दो असामान्य रुझान हैं और भारत में पिचों के बारे में बहुत चर्चा हुई है। एक, मैच तीन दिनों में समाप्त हो गए हैं, और तीन टेस्ट मैच सिर्फ ढाई दिनों में समाप्त हो गए हैं, यह चरम स्थिति है। दूसरा वास्तव में दिलचस्प तथ्य यह है कि जिस टीम ने पहले बल्लेबाजी की है वह (तीनों) टेस्ट मैच हारी है।

### अहमदाबाद टेस्ट : स्लिप में कुछ खाते हुए कोहली का वीडियो वायरल

**अहमदाबाद।** यह बहुत सामान्य सी बात है कि प्रशंसक लाइव मैचों के दौरान क्रिकेट खिलाड़ियों को कुछ न कुछ खाते हुए देखते हैं। अक्सर क्रिकेटरों को केला खाते या ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान कुछ पीते हुए देखा जाता है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद में चल रहे चौथे टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में विराट कोहली को लेकर कुछ नया देखने को मिला। आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी पारी के बीच में, कोहली कुछ खाते हुए वीडियो में कैद हो गए। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस घटना ने प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित किया है और सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने तरह-तरह की प्रतिक्रिया दी है। यह वीडियो आस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी के 22वें और 23वें ओवर के बीच के ब्रेक के दौरान सामने आया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कोहली स्लिप में क्षेत्ररक्षण के दौरान कुछ खाते हुए नजर आ रहे हैं। प्रशंसकों ने सोशल मीडिया कू ऐप पर यह कहते हुए प्रतिक्रिया दीः मैच के बाद खा लो फिलहाल आस्ट्रेलिया को आउट करो। एक अन्य प्रशंसक ने वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहाः घर पर खाना नहीं मिलता क्या, मम्मी को बोलो खाना दे देंगी हाहा। एक अन्य ने प्रतिक्रिया देते हुए कहाः पंजाबी पुत्तर को मैदान पर आस्ट्रेलियाई साझेदारी को तोड़ने के लिए ताकत की जरूरत है।

